धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

रांची, बुधवार 03 जुलाई 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 85

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

हाथरस में हाहाकार

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



## बड़ा हादसा : हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़

# 116 मरे, सैकड़ों घायल

- सत्संग में उमड़ी भारी भीड़ और बदइंतजामी से हुआ हादसा
- अस्पतालों में लगा शवों का ढेर, चारों तरफ घायलों की चीख-पुकार

एजेंसी। लखनऊ

यूपी के हाथरस में बड़ा हादसा हुआ है. यहां हो रहे भोलेबाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़ में कम से कम 116 श्रद्धालुओं के मौत की खबर है. मृतकों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं. सैकड़ों लोग से घायल हैं. हाथरस के डीएम आशीष कुमार ने भगदड़ से 60-70 लोगों की मौत की पुष्टी की है. उन्होंने कहा, ये निजी कार्यक्रम था, आयोजकों ने एसडीएम से अनुमति ली थी. सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख की अनुग्रह राशि घोषित की है. वहीं घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे.

**घटना की जांच के आदेश:** योगी ने जांच के आदेश दे दिए हैं.अपनी कैबिनेट के दो मंत्रियों, मुख्य सचिव और डीजीपी को मौके पर भेजा है. इस बीच, इस हादसे पर देश के तमाम बड़े नेताओं ने शोक प्रकट किया है. बताया गया कि हाथरस के सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव फुलराई में भोलेबाबा का प्रवचन का समापन कार्यक्रम चल रहा था. इसमें उम्मीद से ज्यादा भीड़ आ गई. अनुमान के अनुसार सवा लाख लोग पहुंचे थे. इसी दौरान लोग भीड़ से परेशान होने लगे. भीड़ और गर्मी से लोग बेहोश होने लगे, तो भगदड़ मच गई. घायलों को अलीगढ़ व हाथरस में उपचार के लिए भेजा गया. मुख्यमंत्री ने हाथरस और आसपासल के जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं. भगदड़ में महिलाएं, पुरुष और बच्चे जमीन पर गिर गए. लोग कुचलते हुए भागने लगे. जिससे 50 से अधिक लोगों ने मौके पर दम तोड़ दिया. उधर, इस घटना से प्रशासन में हड़कंप मच गया. आनन-फानन में पुलिस समेत आला अधिकारी मौके पर पहुंचे. घायलों को अस्पताल भिजवाया. जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया.

**एटा के 27 लोग मरे:** एटा के एसएसपी राजेश सिंह ने बताया, घटना पुलराई गांव में सत्संग में हुई, जिसमें शामिल होने बड़ी संख्या में लोग आए थे. अकेले एटा अस्पताल में 27 शव लाए गए हैं. मरने वालों में 23 महिलाएं, तीन बच्चे व एक पुरुष है. सिकंदराराऊ थाने के एसएचओ ने कहा कि भगदड़ वस्तुतः अत्यधिक भीड़ होने की वजह से हुई.

**अस्पतालों में कम पड़े स्ट्रेचर:** हादसे के बाद इतने घायल पहुंचे कि अस्पतालों में स्ट्रेचर कम पड़ गए. अस्पतालों के बाहर लोगों को तड़पते देखा गया. प्रशासन ने प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों को भर्ती कराया है. इस बीच, मौके पर बहुत लोग भीड़ और लाशों के बीच अपनों को तलाश करते दिखाई दिए हैं.

### अत्यधिक भीड़ व बदइंतजामी से हुआ हादसा





सत्संग में शामिल होने परिवार के साथ जयपुर से आई महिला ने बताया कि सत्संग के समापन के बाद लोग एकदम से बाहर निकलने लगे, जिससे भगदड़ मच गई. महिला ने बताया कि प्रवचन स्थल पर भारी बदइंतजामी की वजह से यह हादसा हुआ है. हम दर्शन करने आए थे. बहुत भीड़ थी. जब भगदड़ मची तो मैं और मेरा बच्चा भी भीड़ के नीचे आ गए. घायल मां के साथ अस्पताल पहुंची एक युवती ने बताया कि सत्संग खत्म होने के बाद भगदड़ मची. हम लोग खेत की ओर से निकल रहे थे, तभी अचानक भीड़ ने धक्का-मुक्की शुरू कर दी, जिससे कई लोगों नीचे दब गए. हमारे साथ एक और शख्स थे. उनकी मौत हो गई है. सत्संग सुबह मंगलवार से शुरू हुआ था. भगदड़ को लेकर पहले ही एलआईयू ने प्रशासन को भीड़ को लेकर चेताया था. इसके बाद भी कोई इंतजाम नहीं किया गया. एलआईयू बड़ी घटना होने का अंदेशा जता दिया था, लेकिन अफसर मौन साधे बैठे रहे और श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई.

### प्रशासन जिम्मेदार हैः आयोजक

उधर, सत्संग पर आयोजन समिति से जुड़े महेश चंद्र ने कहा कि हमने जिला प्रशासन की अनुमति से कार्यक्रम कराया था. इसमें एक लाख से अधिक श्रद्धालु मौजूद थे. जब कार्यकम खत्म हुआ तब भगदड़ मच गई. ये हादसा प्रशासन की कमजोरी से हुआ है. कार्यक्रम खत्म होने के बाद कीचड़ में लोग एक के ऊपर एक गिरते रहे, कोई संभालने वाला नहीं था. मैं भंडारे का काम देख रहा था. हाथरस में ये कार्यक्रम 13 साल बाद हुआ है. हमारे पास 3 घंटे की परमिशन थी. 1.30 बजे कार्यक्रम खत्म होने के बाद घटना हुई. प्रशासन को अनगिनत श्रद्धालुओं के आने की जानकारी दी गई थी. जहां इंतजाम किए गए थे, वहां बहुत भीड़ थी. 12 से साढ़े 12 हजार सेवादार थे. हमने पूरे इंतजाम किए थे. एंबुलेंस नहीं थी. कार्यक्रम खत्म हुआ तो लोग एक साथ भागने लगे, भगदड़ मची. बरसात के मौसम में कीचड़ की वजह से लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे थे.

### 26 साल पहले सरकारी नौकरी छोड़ भोले बाबा बने साकार हरि

हाथरस में लोग जिस भोले बाबा के सत्संग में पहुंचे थे, वह पहले सरकारी नौकरी करते थे. भोले बाबा का असली नाम नारायण साकार हरि है. बाताया जाता है कि वह एटा जिले की पटयाली तहसील के गांव बहादुर नगरी के रहने वाले हैं. उन्होंने 26 साल पहले सरकारी नौकरी छोड़ कर प्रवचन शुरू किया था. उन्होंने अपने प्रवचन में बताया था कि वे गुप्तचर ब्यूरो में नौकरी करते थे.

### सबने दुख जताया



- हाथरस हादसे श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है. मैं गहन शोक संवेदना व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं.

**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**



- हाथरस में भगदड़ के बाद हुआ बहुत ही दुखद है. केंद्र के अधिकारी राज्य सरकार के संपर्क में हैं. मैं सबको भरोसा देता हूं कि पीड़ितों की हरसंभव मदद सरकार की तरफ से जाएगी.

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



- हाथरस में कई श्रद्धालुओं की मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक है. यह दुर्भाग्यपूर्ण है. इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि राहत और बचाव में अपना पूरा सहयोग प्रदान करें.

**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**



हाथरस हादसे से मर्माहत हूं. हमारी प्रार्थना है कि मरांग बुरू दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और सभी घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले. यह घटना बहुत दुखद है.

**-हेमंत सोरेन, पूर्व सीएम झारखंड**

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,400 |
| चांदी (किलो) | 93,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### नीट-पीजी परीक्षा अगस्त में होने की संभावना

**नयी दिल्ली।** नीट-पीजी 2024 अगस्त मध्य में होने की संभावना है. सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. मेडिकल कॉलेजों में पीजी में दाखिले के लिए इस प्रवेश परीक्षा की संशोधित तिथि की घोषणा इस सप्ताह होने की उम्मीद है. गृह मंत्रालय में हुई बैठक में स्वास्थ्य मंत्रालय, एनबीईएमएस के साथ-साथ टीसीएस और साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने नीट-पीजी की तैयारियों पर चर्चा की.

#### छात्रों के टी-शर्ट और फटी जींस पहनने पर रोक

**मुंबई।** हिजाब पर प्रतिबंध लगाने के लिए चर्चा में रहे मुंबई के एक कॉलेज ने अब छात्रों के फटी जींस, टी-शर्ट, गरिमाहीन कपड़े और जर्सी या ऐसे कपड़े पहनने पर रोक लगा दी है जो धर्म या सांस्कृतिक असमानता को दर्शाते हों.

#### इस्तीफा नहीं दूंगा, विश्वास मत का सामना करूंगा

**काठमांडू।** नेपाल के सबसे बड़े दलों - नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल - के बीच नयी गठबंधन सरकार बनाने के लिए सहमति बनने के बीच प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने पद से इस्तीफा नहीं देने का फैसला किया है.

#### केजरीवाल फिर दायर करेंगे जमानत याचिका

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में जल्द ही नियमित जमानत के लिए याचिका दायर करेंगे. उनके वकील ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को यह जानकारी दी.

## रणनीति के तहत हिंदुओं पर हमला : मोदी

लगातार न्यूज। नयी दिल्ली



- पीएम ने कांग्रेस पर साधा जम कर निशाना, राहुल को बताया बिगड़ा बालक
- संसद में शुरू हुई झूठ पर करेंगे कठोर कार्रवाई, ये हरकतें बर्दाश्त नहीं

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का लोकसभा में जवाब दिया. राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. अपने भाषण के दौरान मोदी ने कहा कि यह लगातार तीसरी बार है, जब कांग्रेस पार्टी 100 का आंकड़ा नहीं पार कर सकी है. उन्होंने राहुल गांधी के हिंदू वाले बयान को लेकर भी पलटवार किया और सवाल पूछा कि इस देश के हिंदुओं के साथ ये है आपका व्यव्हार?

उन्होंने कहा कि एक सोची समझी रणनीति के तहत हिंदुओं पर हमला किया जा रहा है. पीएम कहा कि इन लोगों का झूठ हमारे देश के नागरिकों की विवेकबुद्धि पर आशंका व्यक्त करता है. इनका झूठ देश के सामान्य विवेद बुद्धि पर एक तमाचा मारने की निर्लज्ज हरकत है. ये हरकतें देश की महान परंपराओं पर तमाचा है. सदन में शुरू हुई झूठ की परंपरा पर कठोर कार्रवाई करेंगे, ये देशवासियों की भी और इस सदन की भी अपेक्षा है.

कांग्रेस ने संविधान और आरक्षण पर भी हमेशा झूठ बोला है. पीएम राहुल को एक ऐसा बिगड़ा बालक बताया, जिसे कांग्रेस पार्टी ने दुलार देकर बिगाड़ दिया है.

उन्होंने कहा कि आज मैं 140 करोड़ देशवासियों के सामने सच्चाई रखना चाहता हूं. आपातकाल का ये 50वां वर्ष है. इमरजेंसी सिर्फ और सिर्फ सत्ता के लोभ के खातिर, तानाशाही मानसिकता के कारण देश पर थोपा गया तानाशाही शासन था. कांग्रेस क्रूरता की सभी हदें पार कर गई. उसने अपने ही देशवासियों पर क्रूरता का पंजा फैलाया था. और देश के ताने-बाने के छिन्न-विछिन्न करने का पाप किया. सरकारों को गिराना, मीडिया को दबाना, हर कारनामे संविधान की भावना के खिलाफ, संविधान की धाराओं के खिलाफ, संविधान के एक-एक शब्द के खिलाफ थी. पीएम मोदी ने कहा कि ये वो लोग हैं जिन्होंने प्रारंभ से देश के दलितों के साथ, पिछड़ों के साथ घोर अन्याय किया है. इसी कारण से बाबा साहब अंबेडकर ने कांग्रेस की दलित विरोधी, पिछड़ा विरोधी मानसिकता के कारण नेहरू जी की कैबिनेट से इस्तीफा दिया था. उन्होंने पर्दाफाश किया था कि कैसे नेहरू जी ने दलितों-पिछड़ों के साथ अन्याय किया और बाबा साहब अंबेडकर ने कैबिनेट से इस्तीफा देते हुए जो कारण बताए थे, वो इनके चरित्र को दर्शाते हैं. ईश्वर का रूप दर्शन के लिए होता है.

-शेष पेज 11 पर

### स्वामी विवेकानंद का दिया उदाहरण

उन्होंने कहा कि 131 साल पहले स्वामी विवेकानंद जी ने शिकागो में कहा था कि मुझे गर्व है कि मैं उस धर्म से आता हूं, जिसने पूरी दुनिया को सहिष्णुता और वैश्विक स्वीकृति सिखाई है. 131 साल पहले हिंदू धर्म के लिए स्वामी विवेकान्द जी ने अमेरिका के शिकागो में दुनिया के दिग्गजों के सामने कहा था. हिंदू सहनशील है, हिंदू अल्पत्व को लेकर जीने वाला समूह है. इसी कारण भारत का लोकतंत्र, भारत की इतनी विविधताएं आज उसी के कारण पनपी हैं और पनप रही हैं. गंभीर बात है कि आज हिंदुओं पर झूठा आरोप लगाने की साजिश हो रही है. गंभीर ष्ड्यंत्र हो रहा है. ये कहा गया हिंदू हिंसक होते हैं, ये हैं आपके संस्कार? ये है आपका चरित्र? ये है आपकी सोच? ये है आपकी नफरत? इस देश के हिंदुओं के साथ ये कारनामे? ये देश शताबदियों तक इसे भूलने वाला नहीं है.

पीएम को लिखा पत्र

## आज सदन में नीट पर चर्चा होः राहुल

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सरकार से बुधवार को लोकसभा में नीट मुद्दे पर बहस कराने का अनुरोध किया है. राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा है कि मेरा मानना है कि छात्रों के हित में नीट मुद्दे पर बहस का नेतृत्व करना उचित होगा.

कांग्रेस नेता ने पत्र में लिखा है कि हमारा उद्देश्य 24 लाख नीट लोगों के हित में रचनात्मक रूप से जुड़ना है, जो जवाब के हकदार हैं. मेरा मानना है कि यह उचित होगा कि आप इस बहस का नेतृत्व करें. आशा है कि यह पत्र मिलने तक आप सकुशल होंगे.

मैं नीट मुद्दे पर संसद में बहस का अनुरोध करने के लिए लिख रहा हूं. जैसा कि आप जानते हैं, 28 जून को दोनों सदनों में इस मुद्दे पर बहस के विपक्ष के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया था. विपक्ष ने इस मुद्दे पर दोबारा चर्चा कराने का अनुरोध किया था. माननीय लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्ष को आश्वासन दिया था कि वह इस मुद्दे पर सरकार से चर्चा करेंगे.

## कंपनी के अंदर भी लौह अयस्क-कोयले में मिलावट का गोरखधंधा



मिलावट के लिए रखा सामग्री.

दिलीप कुमार। चांडिल

सरायकेला जिले के चौका और चांडिल थाना क्षेत्र में लौह अयस्क और कोयला से संबंधित कई औद्योगिक प्रतिष्ठान हैं. यहां आए दिन लौह अयस्क और कोयला लदे बड़े-बड़े वाहनों का काफिला देखने को मिलता है. जाहिर है कि लौह अयस्क और कोयले से जुड़े कुछ कारोबार भी क्षेत्र में चलते होंगे, इनमें कुछ गैरकानूनी भी होंगे. कई बार तो इन दोनों खनिजों का अवैध कारोबार बड़ी-बड़ी चहारदीवारी के अंदर किए जाने का खुलासा भी हुआ है. वहीं कई स्थानों में तिरपाल लगाकर भी गोरखधंधा किया जा रहा है. कई बार तो लौह अयस्क में मिलावट कर उसका ग्रेड घटाने का काम चौका क्षेत्र में स्थापित एक कंपनी के अंदर भी करने की जानकारी मिलती है. चालू कंपनी के अंदर मिलावट का काम चले तो इस पर किसी प्रकार का रोकटोक नहीं होता है और लाखों के वारे-न्यारे हो जाते हैं.

**हो चुका खुलासा :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में इन दिनों मिलावट का गोरखधंधा जोरों पर चल रहा है. यहां कोयला व लौह अयस्क में मिलावट कर लाखों रुपये की हेराफेरी की जाती है. वहीं लौह अयस्क और कोयला का ग्रेड भी घटाया जाता है. बीते मई माह में एक ट्रक चालक द्वारा इसका खुलासा भी किया गया था. पूछताछ के दौरान ट्रक चालक ने बताया था कि किस प्रकार अच्छे ग्रेड के लौह अयस्क में मिलावट कर उसे खराब ग्रेड का किया जाता है. इसके बाद पुलिस और संबंधित कंपनी के अधिकारी ने चौका में चहारदीवारी के अंदर कारोबार स्थल पर धावा बोला था. चौका में मिलावट करने वाले स्थान पर जगह-जगह कम मिलावट किए जाने वाली सामग्री का ढेर लगा था. जांच के दौरान पुलिस और कंपनी के अधिकारियों ने ट्रक चालक की बातों को सही पाया था. बताया गया कि कांड्रा स्थित एक कंपनी में लौह अयस्क ग्रेड कम पाये जाने के बाद कंपनी के अधिकारियों ने ट्रक चालक से पूछताछ की थी.

### एसडीओ ने भी जब्त किया था लौह आयस्क

समूचा क्षेत्र ऐसा गोरखधंधा करने वालों का हब बन गया है. चांडिल के एसडीओ ने बीते दिनों नीमडीह थाना क्षेत्र के आदरडीह में रेड कर बड़ी मात्रा में लौह अयस्क का अवैध भंडारण जब्त किया था. नीमडीह में लौह अयस्क और कोयले में मिलावट का काम जोरों पर चलने की सूचना एसडीओ को मिली थी. इसके बाद कार्रवाई की गई था. कंपनी प्रबंधन माइंस से अच्छे ग्रेड का कोयला और लौह अयस्क मंगाते हैं, लेकिन माइंस से आने के दौरान खराब ग्रेड या उससे मिलती-जुलती सामग्री मिलाकर लौह अयस्क और कोयला का ग्रेड कम कर दिया जाता है. इस गोरखधंधे में लाखों का कारोबार हो जाता है. वहीं इस कारोबार पर नाममात्र की कार्रवाई कर स्थानीय पुलिस-प्रशासन ऑल इज वेल दिखाना चाहती है.

## बड़ी पहल : 33,44,247 लाभुकों को मिलेगा सीएम अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का लाभ

# राज्य सरकार करेगी 141 करोड़ रुपए अतिरिक्त व्यय

रवि भारती। रांची

शुभम संदेश खास

21 रोगों में 15 लाख तक का होगा मुफ्त इलाज

- योजना के संचालन के लिए पोर्टल का होगा निर्माण
- कैबिनेट से मिल चुकी है स्वीकृति, संकल्प पत्र जारी



राज्य में मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का लाभ 33,44,247 लाभुकों को मिलेगा. यह योजना आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के स्थान पर मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के रूप में लागू होगी. पिछली कैबिनेट में इसकी योजना की स्वीकृति मिल चुकी है. मंगलवार को इसका संकल्प जारी किया गया. इस योजना में गुलाबी, पीला एवं हरा राशन कार्डधारी परिवार जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत वर्तमान में आच्छादित हैं एवं बाद में जोड़े जाएंगे, उनको भी योजना का लाभ दिया जाएगा.

मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत भी स्वास्थ्य बीमा लाभ की अधिसीमा 15 लाख रुपए प्रति वर्ष प्रति परिवार किया जाना प्रस्तावित है. इसमें एक लाख रुपए तक की स्वास्थ्य बीमा का व्यय चयनित बीमा कंपनी द्वारा तथा उससे ऊपर 15 लाख रुपए तक की राशि का वहन ट्रस्ट मोड में राज्य निधि से किया जाएगा. इस संबंध में चयनित बीमा कंपनी से वर्तमान दर पर सहमति प्राप्त करते हुए झारखंड राज्य आरोग्य सोसाइटी द्वारा एमओयू किया जाएगा. मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना में चिन्हित सभी 21 रोगों को भी सम्मिलित किया जाएगा. आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध सभी अस्पताल इस योजना में स्वतः सम्मिलित माने जाएंगे.

**लाभुकों को उपलब्ध कराया जाएगा पीवीसी कार्ड :** कालांतर में मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत अस्पतालों से एमओयू हस्ताक्षरित किया जाएगा. मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालन हेतु राज्य स्तर पर पोर्टल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें राशन कार्डधारी परिवार (गुलाबी, पीला एवं हरा राशन कार्ड) के किसी एक व्यक्ति के आधार कार्ड एवं राशन कार्ड की सीडिंग एवं मिलान हो जाने के उपरांत राशन कार्ड में अंकित परिवार के अन्य सभी सदस्यों की विवरणी दर्ज की जा सकेगी. उक्त के आधार पर परिवार के सदस्यों को मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का पीवीसी कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा.

-शेष पेज 11 पर

### हिंदू जाति ने कभी किसी धर्म संस्कृति पर आक्रमण नही किया, तीसरी बार पीएम मोदी सरकार को नहीं पचा पा रहे राहुल गांधी

# राहुल गांधी को सड़क और सदन में अंतर की समझ नही: बाबूलाल मरांडी

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा. गिरिडीह में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिंदुओं के संबंध में असंवैधानिक, घोर निंदनीय बयान दिया है. राहुल गांधी को सड़क और सदन में अंतर की समझ ही नही है. वे 2004 से सदन के सदस्य हैं, इसलिए ये उनकी नादानी नहीं, बल्कि एक सोची समझी साजिश है. एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से असंसदीय आचरण की अपेक्षा जनता नही करती है. बहुत कुछ देख सुन कर भी सीखा जाता है. लेकिन कांग्रेस पार्टी अपनी आदत से लाचार है. लोकतंत्र की हत्या की साजिश करना, संसदीय मर्यादाओं को चोट करना इनके चाल चरित्र का हिस्सा है. राहुल गांधी ने पहले भी अपनी ही सरकार के कैबिनेट के फैसले को चौराहे पर फाड़ कर अपनी बुद्धि का परिचय दे दिया है. कांग्रेस के पी चिदंबरम ,सुशील कुमार शिंदे जैसे नेता भी हिंदू को आतंकवादी बता चुके हैं.

**हिंदुत्व का नारा विश्व कल्याण का है, विश्व बंधुत्व डीएनए में**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गिरिडीह में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए.

### हिंदू समाज कभी हिंसक नही हो सकता

मरांडी ने कहा कि हिंदू कभी हिंसक नही हो सकता है. हिंदू तो धर्म की जय हो,अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो की बात करता है. हर धार्मिक सांस्कृतिक आयोजनों में यह नारा गूंजता है. यह हमारा सांस्कृतिक मूल मंत्र है. ऐसे हिंदू को हिंसक,झूठा कहना देश और दुनिया के करोड़ों हिंदुओं का अपमान है. इसलिए राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए. पूरे विश्व में हिंदू एक ऐसी जाति है, जिसने कभी किसी धर्म संस्कृति पर हमला नही किया, जबकि हजारों वर्षों तक यह विदेशी आक्रांताओं का हमला झेलता रहा.

### पूरा विश्व हिंदुत्व की ओर आकर्षित हो रहा

आज पूरा विश्व हिंदुत्व की ओर आकर्षित हो रहा. दुनिया के लोग खोज, रिसर्च कर रहे. भारत की प्राचीन विरासत को जानने और समझने की कोशिश कर रहे. आखिर क्या था जब विश्व अज्ञान के अंधकार में था तो भारत में तक्षशिला, नालंदा जैसे उच्च कोटि के विश्विद्यालय थे. भारत धन धान्य से परिपूर्ण था. मंदिरों ने भी सोने चांदी जड़े रहते थे जिसे लूटने के लिए विदेशी आक्रांताओं ने भारत पर बार बार हमले किए. कांग्रेस केलिए भारत एक भूभाग है. इसे भारत की सांस्कृतिक विरासत पर कभी गर्व नही हुआ. परंतु आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर महिमा मंडित कर रहे.

### भारत नूतन भी है और पुरातन भी

मरांडी ने कहा कि भारत नूतन भी है और पुरातन भी. सारे प्रपंच और दुष्प्रचार के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार को कांग्रेस पार्टी पचा नहीं पा रही. कांग्रेस पार्टी तानाशाही लोकतंत्र विरोधी मानसिकता से उबर नहीं पाई है. इसीलिए राहुल गांधी सदन में आसन की ओर पीठ दिखा कर बोल रहे थे. राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को करोड़ों हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए.

#### बाबूलाल ने सीएम पर साधा निशाना, कहा

### पीजीटी घोटाला में सीबीआई जांच से कम कुछ भी मंजूर नहीं

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम चंपाई सोरेन पर निशाना साधा है. उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि यह घोटाला झारखंड का सबसे बड़ा नियुक्ति घोटाला है. लाखों रुपए में सीटें बेच कर नौकरी की बंदरबांट का प्रयास किया गया है. अब सूचना है कि चंपाई सोरेन की सरकार ने छात्रों के आंदोलन से डर कर नियुक्ति पत्र बांटने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है. बाबूलाल मरांडी ने सीएंम चंपाई सोरेन से कहा है कि कार्यक्रम स्थगित करने से कुछ नहीं होगा. पीजीटी घोटाला में सीबीआई जांच से कम कुछ भी मंजूर नहीं. झारखंड के छात्रों के साथ अन्याय करने वाले नेताओं, अधिकारियों और दलालों के चेहरे बेनकाब होने चाहिए.

**आज होना था नियुक्ति पत्र वितरण समारोह**

सीएम द्वारा 3 जुलाई को प्रभात तारा मैदान में नियुक्ति पत्र दिया जाना था. जिसे स्थगित कर दिया गया है. इस कार्यक्रम में 1500 प्लस टू शिक्षकों का नियुक्ति पत्र दिया जाना था. समारोह में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करनेवाले थे. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने अपरिहार्य कारण बताते हुए इस समारोह को स्थगित कर दिया है.

## ब्रीफ खबरें

### बड़े पैमाने पर होगा सचिवालय सेवा के अफसरों का तबादला

**रांची।** राज्य सरकार जल्द ही बड़े पैमाने पर सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों का तबादला करेगी. इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. इसमें 10 साल से अधिक समय तक एक ही जगह जमे पदाधिकारियों का तबादला किया जाएगा. इसमें सेक्शन ऑफिसर, अंडर सेक्रेटरी, डिप्टी सेक्रेटरी रैंक के पदाधिकारी शामिल हैं. लगभग 170 पदाधिकारियों को इधर से उधर किया जाएगा.

### पेयजल स्वच्छता विभाग के नियुक्ति विज्ञापन पर रोक

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में विभिन्न पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है. हाईकोर्ट ने यह रोक फिलहाल रामगढ़ जिले में होने वाली नियुक्ति के लिए निकले विज्ञापन पर लगाई है. इससे पहले हाईकोर्ट देवघर जिले में निकले विज्ञापन पर रोक लगा चुका है. जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने बहस की. इस संबंध में जगन्नाथ महतो और अन्य आठ लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. अदालत अब इस मामले में 19 जुलाई को सुनवाई करेगा.

### सरकार ने हाईकोर्ट को दिया आश्वासन

**रांची।** हाईकोर्ट एडवोकेट एसो. द्वारा सूचना आयुक्त समेत अन्य बोर्ड और निगम में नियुक्ति को लेकर दायर पीआईएल पर हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई. इस दौरान सरकार की ओर से शपथ पत्र देकर जानकारी दी गयी कि तीन सप्ताह में सभी संस्थाओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति कर ली जाएगी. इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 अगस्त की तिथि तय की है. जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय एवं दीपक रौशन की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई. प्रार्थी राजकुमार की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा और नवीन कुमार ने पक्ष रखा.

### एनआईए ने प्रतिनियुक्ति पर मांगे झारखंडी जवान

**रांची।** एनआईए ने झारखंड पुलिस से इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया है. इसको लेकर एनआईए ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है. पत्र में कहा गया है कि 50 इंस्पेक्टर और 64 सब इंस्पेक्टर की एनआईए के विभिन्न ब्रांच में प्रतिनियुक्ति की जायेगी. सभी प्रतिनियुक्ति एनआईए के दिल्ली, रांची, गुवाहाटी, हैदराबाद, मुंबई, लखनऊ, कोलकाता, कोच्चि, रायपुर, चंडीगढ़, इंफाल, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, जयपुर, पटना और अहमदाबाद में होगी.

#### एक प्लेटफॉर्म पर आए वित्त विभाग, कोषागार, प्रशासनिक विभाग, एजी, आरबीआई सहित अन्य बैंक

# झारखंड सरकार के वित्तीय प्रबंधन प्रणाली का पूरी तरह बदलेगा ढांचा

**रवि भारती। रांची**

झारखंड सरकार के वित्तीय प्रबंधन प्रणाली का ढांचा बदल गया है. इसके तहत नेक्स्ट जेन इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (आइएफएमएस) सरकार द्वारा इस्तेमाल किया जाएगा. यह एक वेब-आधारित समाधान है. इसे राज्य में वित्तीय नियोजन और खर्च नियंत्रण में दक्षता लाने के लिए डिजाइन किया गया है. इस अत्याधुनिक पोर्टल ने विभिन्न हितधारकों जैसे वित्त विभाग, कोषागार, प्रशासनिक विभाग, महालेखाकार, आरबीआई और बैंकों को भूमिका आधारित स्मार्ट डैशबोर्ड के साथ एक प्लेटफॉर्म में आ जाएंगे.

**कैसे काम काम करेगा सिस्टम :** आईएफएमएस सिस्टम के किसी भी मॉयूल में परिवर्तन संबंधित आवेदन पीएमयू (प्रोजेक्ट यूनिट मैनेजमेंट) कोषांग या अन्य प्रशाखा, विभाग या कार्यालय से प्राप्त होने पर पीएमयू प्रशाखा के उप सचिव या अवर सचिव को प्रेषित किया जाएगा. पीएमयू प्रशाखा में पदस्थापित उप सचिव या अवर सचिव इस कार्य के लिए नोडल पदाधिकारी के रूप में कार्य करेंगे. प्राप्त आवेदनों के वर्गीकरण एवं अन्य संबंधित कार्य के लिए पीएमयू प्रशाखा के विशेष सचिव,अपर सचिव और संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में एक समिति बनेगी. इस समिति का नाम चेंज एडवाइजरी बोर्ड (सीएबी) होगा.



### चेंज एडवाइजरी बोर्ड में कौन होंगे शामिल

- पीएमयू प्रशाखा के उप सचिव या अवर सचिव
- मॉड्यूल से सबंधित एनआइसी के पदाधिकारी
- आइटी मैनेजर और डेवलपर
- संबंधित प्रशाखा व विभाग के पदाधिकारी
- प्रमुख परिवर्तन क्या होंगे
- सरकारी नीति में परिवर्तन
- नए उपकरण या प्रौद्योगिकी को अपनाना

### क्या होंगे छोटे परिवर्तन

- किसी भी त्रुटि को ठीक करना
- उपयोगकर्ताओं व हितधारकों की नई आवश्यकताएं को ध्यान में रखना
- विश्वसनीयता में सुधार लाना
- कैसे पूरी की जाएगी छोटे परिवर्तन की प्रक्रिया

- एक प्लेटफॉर्म पर आए वित्त विभाग, कोषागार, प्रशासनिक विभाग, एजी, आरबीआई सहित अन्य बैंक
- आईएफएमएस सिस्टम के बदलाव के लिए सरकार ने जारी किया एसओपी

### जल्द ही इस मामले में सरकार लाएगी प्रस्ताव

- नोडल पदाधिकारी द्वारा परिवर्तन का आग्रह समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा. इसके बाद समिति यह निर्णय लेगी की प्राप्त आग्रह बड़े परिवर्तन का है या छोटे परिवर्तन का
- छोटे परिवर्तन से संबंधित आवेदनों पर समिति द्वारा विचार करने के बाद परिवर्तन के लिए अनुशंसा की जाएगी
- समिति के अनुशंसा के आलोक में पीएमयू प्रशाखा के वरीय पदाधिकारी का अनुमोदन प्राप्त होगा
- वरीय पदाधिकारी के अनुमोदन के बाद फाइल पीएमयू कोषांग को भेजी जाएगी
- पीएमयू कोषांग परिवर्तन करते हुए यूएटी हेतु संचिका वापस समिति को उपलब्ध करायी जाएगी. पुन: इसे समिति के समक्ष यूएटी हेतु रखकर अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा. इस प्रकार अंतिम रूप से परिवर्तम मॉड्यूल को स्वीकृत किया जाएगा

### कैसे पूरी की जाएगी बड़े परिवर्तन की प्रक्रिया

- बड़े परिवर्तन के लिए समिति के अनुशंसा के आलोक में 11 प्रशाखा द्वारा प्रस्ताव पर विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा
- मंत्री के अनुमोदन प्राप्त होने के बाद पीएमयू कोषाग द्वारा सॉफ्टवेयर में अपेक्षित परिवर्तन करते हुए सीएटी के लिए समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा. समिति से अनुमोदन प्राप्त होने पर काम पूरा होगा
- सभी प्रकार के परिवर्तन को फाइल में भी संधारित किया जाएगा.

# जिसकी दुकान तोड़ी उसे 5 लाख मुआवजा दें: हाईकोर्ट




**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निजी स्वामित्व वाले भवन को ध्वस्त करने पर सख्ती दिखाते हुए 5 लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया, जिस भवन को ध्वस्त किया गया था उसमें पांच दुकानें भी थीं.

इसके साथ ही हाईकोर्ट ने झारखंड राज्य सरकार की इस कार्रवाई को मनमानी मानते हुए दुकान मालिक को 25,000 रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया है. दरअसल चतरा जिला के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद साहू की एक बिल्डिंग को जिला प्रशासन ने बिना नियमों का पालन किये तोड़ दिया. जिसके बाद राजेंद्र साहू ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी. उनकी ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता आयुष आदित्य और आकाश दीप ने बहस की. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई.

2011 में जिला प्रशासन ने उचित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किए बिना और नोटिस जारी किए बिना राजेंद्र साहू की पांच दुकानों को ध्वस्त कर दिया. सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से यह तर्क दिया गया कि संरचनाएं अवैध अतिक्रमण थीं और याचिकाकर्ता का भूमि पर कोई वैध दावा नहीं था.

दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाया और राज्य को आदेश दिया कि वह उसकी ध्वस्त संपत्ति के पुनर्निर्माण और उसे हुई मानसिक परेशानी के लिए मुआवजा दे. कोर्ट ने अपने आदेश में इस बात पर जोर दिया कि हालांकि संपत्ति का अधिकार अब मौलिक अधिकार नहीं रह गया, लेकिन यह संवैधानिक और मानवीय अधिकार बना हुआ है.

इसलिए कानून के अनुसार ही किसी को उसकी संपत्ति से वंचित किया जाएगा. भारत के संविधान के अनुच्छेद 300ए द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा किसी भी व्यक्ति को उपलब्ध कराई जाती है.

# नियुक्ति पत्र वितरण स्थगित होना छात्रों की जीत है: हिमंता

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार के द्वारा स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम को स्थगित किये जाने के बाद बीजेपी के विधान सभा चुनाव सह प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्व सरमा ने अपने एक्स हैंडल के माध्यम से कहा कि झारखंड में पीजीटी का स्थगित होना राज्य के लाखों युवाओं की जीत है. अंततः सरकार को युवाओं की मांग को स्वीकार करते हुए इसे स्थगित करना पड़ा. नियुक्तियां फ्री और फेयर की जाएं और मामले की जांच सीबीआई करे.

**सिर्फ स्थगन नहीं सीबीआई जांच और कड़ी कार्रवाई जरूरीः बाउरी :** नेता प्रतिपक्ष, अमर कुमार बाउरी ने अपने एक्स हैंडल के माध्यम से कहा कि सिर्फ स्थगन नहीं सीबीआई जांच व कड़ी कार्रवाई जरूरी है. युवाओं के भविष्य से झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को खेलने नहीं दिया जाएगा. राज्य के लाखों युवाओं के हक व अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी – बात सिर्फ पीजीटी परीक्षा तक सीमित नहीं है, राज्य में बड़ी साजिश के तहत नियुक्ति घोटाला झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के संरक्षण में अंजाम दिया गया है.

मांग स्पष्ट है – राज्य सरकार इस नियुक्ति घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपे और सेटिंग करने और करवाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे. स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम स्थगित होना झारखंड के लाखों छात्रों की जीत है. इस मामले की जांच राज्य सरकार को सीबीआई से करवानी ही होगी. छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़, किसी भी तरह की नियुक्ति में घोटाला भारतीय जनता पार्टी बर्दास्त नहीं करेगी. यदि राज्य सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई से नहीं करवाई, तो आने वाले समय में राज्य के छात्रों के साथ भारतीय जनता पार्टी सड़क से सदन तक की लड़ाई चरणबद्ध तरीके से लड़ेगी. भाजपा पूरी तरह तैयार है.

### उद्योग सेवा संवर्ग की वरीयता सूची जारी

**रांची।** उद्योग विभाग ने उद्योग सेवा संवर्ग के कार्यरत संयुक्त उद्योग निदेशक, उप उद्योग निदेशक, महाप्रबंधक , कार्यकारी प्रबंधक तथा परियोजना प्रबंधक एवं समकक्ष की औपबंधिक वरीयता सूची-2024 जारी कर दी है.

इस सूची में 19 पदाधिकारियों को जगह मिली है. इसमें राजेंद्र प्रसाद (महाप्रबंधक), शंभू शरण( महाप्रबंधक), सीताराम पासवान (उपनिदेशक), राजीव रंजन( महाप्रबंधक), रवींद्र दास (कार्यकारी प्रबंधक), दास कुमार एक्का (कार्यकारी प्रबंधक),जगन्नाथ दास (कार्यकारी प्रबंधक), शंभू नाथ झा (परियोजना प्रबंधक), श्रवण कुमार (परियोजना प्रबंधक), राजकुमार पासवान (परियोजना प्रबंधक), सुशील कुमार बरियार (परियोजना प्रबंधक), संजीत कुमार सिन्हा (परियोजना प्रबंधक),आलोक कुमार (परियोजना प्रबंधक), रमाकांत चतुर्वेदी (परियोजना प्रबंधक), रवि शंकर प्रसाद (परियोजना प्रबंधक),रघुवर सिंह (परियोजना प्रबंधक),सुभाषचंद्र दास (परियोजना प्रबंधक),कोरेन खेस (परियोजना प्रबंधक) और सुरेश वाल्टर तिर्की (परियोजना प्रबंधक) के नाम शामिल हैं.

#### एक्शन में पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन, कहा

# कार्यप्रणाली में समय और गति पर फोकस करें, काम में तेजी लाएं

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

राज्य के पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन विभाग की समीक्षा करते समय पूरी तरह से एक्शन में रहे. उन्होंने अफसरों से दो टूक कहा कि कार्यप्रणाली में समय और गति पर फोकस करें. समय पर काम पूरा हो यह भी सुनिश्चित होना चाहिए.

मंत्री ने कहां कि पूरी कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाएं, ताकि समय पर बेहतर परिणाम मिले. साथ ही सड़क निर्माण में लगी एजेंसियों को समय पर भुगतान करें, जिससे वे अधिक उत्साह के साथ आगे का काम कर सकें. साथ ही बजट की राशि को तिमाही के आधार पर शत-प्रतिशत खर्च करना भी सुनिश्चित करें. समय पर सभी योजनाओं को पूरा करें.

**राज्य में बढ़ाएं सड़कों का घनत्व :** पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि राज्य में सड़कों का घनत्व और बढ़ाने की जरूरत है. तभी झारखंड विकसित राज्यों के समक्ष खड़ा हो पाएगा. साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए. उन्होंने लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया. कहा कि नई परियोजनाओं को भी जल्द अमली जामा पहनाएं. समीक्षा बैठक में पथ सचिव, इंजीनियर इन चीफ सहित कई इंजीनियर पदाधिकारी मौजूद थे. मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि विकास की गति बढ़ानी है, जनता की सेवा करनी है.



**खास बातें**

- बजट की राशि को तिमाही शत-प्रतिशत खर्च करें
- लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरी करके दिखाएं

### बाबूलाल जी आप सुधर जाइए: इरफान अंसारी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के बाद जबरदस्त ट्वीटर वार चल रहा है. बाबूलाल के ट्वीट के बाद जामताड़ा से कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि बाबूलाल जी आप एक आदिवासी नेता हैं. आदिवासी हमेशा ईमानदार होता है. उनके अंदर इंसानियत होती है, लेकिन आप उल्टा निकले. जब से आप भाजपा में गए हैं, जहर उगल रहे हैं. मुद्दे पर लड़ाई होनी चाहिए, बाबूलाल जी क्रॉप करके किसी को नीचा मत दिखाइए. मैं जानना चाहता हूं कि क्या भाजपा के क्लास में झूठ फरेब दंगा फसाद एवं क्रॉप करना सिखाया जाता है. सुधर जाइए. देखिए, ओरिजिनल वीडियो और माफी मांगे देशवासियों से. इसके साथ ही इरफान अंसारी ने भाजपा विधायक भानुप्रताप शाही को टैग करते हुए लिखा कि आगे से सोच समझ कर वीडियो डालना नहीं, तो आपकी सेहत के लिए ठीक नहीं होगा.


**बाबूलाल ने क्या किया था ट्वीट :** बाबूलाल ने ट्वीट कर कहा था कि हिंदू कभी हिंसक नहीं हो सकता. हिंदू धर्म सद्भावना, शांति, विश्व कल्याण और वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देता है. राहुल गांधी ने अपने वक्तव्य से देश के करोड़ों हिंदुओं को अपमानित किया है.

#### हमारी मांग पूरी हो | सीआरपीएफ ने दर्ज कराया है गुमशुदगी का मामला, फिर भी नहीं चला अब तक कोई हाल-चाल

# 17 महीने से जवान है लापता, न्याय के लिए धरने पर बैठा परिवार

**सौरभ सिंह। रांची**

पश्चिमी सिंहभूम में सीआरपीएफ 197 बटालियन के जवान बादल मुर्मू 17 महीने से लापता है. बटालियन ने सात जनवरी 2023 को मुफस्सिल थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक लापता जवान को न पुलिस खोज पाई और न सीआरपीएफ. वहीं जवान की पत्नी झानो मुर्मू बीते 14 जून से राजभवन के समक्ष बेमियादी धरने पर बैठी है. उसका कहना है कि जबतक पति सकुशल नहीं मिल जाते, तब तक बैठी रहेगी. सीआरपीएफ ने जवान की पत्नी को मुआवजा भुगतान कर दिया गया. जवान सरायकेला के राजनगर का रहने वाला है.





**क्या है मामला**

मालूम हो कि 6 जनवरी 2023 को बादल मुर्मू पश्चिम सिंहभूम जिले के टोंटो प्रखंड के सरजोमबुरू में एलआरपी अभियान पर निकले थे. उसके बाद से वे कैंप नहीं पहुंचे. सीडीआर में पता चला है कि वो एक लड़की से काफी बात करता था. वो लड़की भी लापता है. ऐसे में यह संभावना जतायी जा रही है कि वो अपनी प्रेमिका के साथ कहीं चला गया है.

### नक्सलियों के टेलीफोनिक बातचीत के दौरान मिली कई जानकारी

बादल का नक्सलियों ने अपहरण किया था. इसके बाद उसकी हत्या कर शव जंगल में दफना दिया गया था. हाल ही में नक्सलियों की टेलीफोनिक बातचीत में यह बात पुलिस को सुनने को मिली थी. हालांकि अभी तक शव नहीं मिलने के कारण पुलिस हत्या की पुष्टि नहीं कर रहे. अपहरण के बाद काफी दिनों तक जवान जीवित था और कोल्हान जंगल में ही नक्सलियों के कब्जे में था. लेकिन पुलिस के स्तर से सत्यापन नहीं हुआ. नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान ही बादल मुर्मू नक्सलियों के ट्रैप में फंसा था और नक्सलियों ने उसका अपहरण कर लिया था. हालांकि अभी तक नक्सलियों ने उसकी हत्या की जिम्मेवारी नहीं ली है.

**जवान बादल मुर्मू को मिल चुका है राष्ट्रपति पुरस्कार :** छत्तीसगढ़ के सुकमा में बादल मुर्मू की पोस्टिंग सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन में थी. सुकमा में एक नक्सली मुठभेड़ हुआ था. इस दौरान उनकी बहादुरी को देखकर राष्ट्रपति ने पुरस्कार भी दिया था.

**एसपी ने क्या कहा :** पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने कहा कि बादल मुर्मू के मरने या जीवित होने के संबंध में अभी कोई क्लियरिटी नहीं है, इस मामले की जांच जारी है.

**जानें कब क्या हुआ**

**6 जनवरी 2023 :** जवान नक्सल अभियान पर निकला था.
**7 जनवरी 2023 :** मुफ्फसिल थाने में मामला दर्ज.
**सितंबर 2023 :** नक्सलियों के टेलीफोनिक बातचीत के दौरान हत्या की बात सामने आयी.
**14 जून 2024 :** जवान की पत्नी राजभवन के पास धरने पर बैठी है.

# 18 राज्यों में ठगी करने वाला साइबर अपराधी हैदराबाद से गिरफ्तार

**संवाददाता। रांची**

झारखंड समेत 18 राज्यों में ठगी करने वाले साइबर अपराधी को सीआईडी ने हैदराबाद से गिरफ्तार किया. गिरफ्तार अपराधी का नाम मकिरेड्डी सुजीत है. उसके खिलाफ 18 राज्यों में साइबर ठगी के 94 मामले दर्ज हैं. झारखंड सीआईडी ने सुजीत को रांची साइबर सेल थाना में दर्ज 1.40 करोड़ की ठगी मामले में गिरफ्तार किया है. सीआईडी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी.

**ट्रेडिंग का झांसा देकर अपराधियों ने की ठगी :** रांची साइबर सेल में वादी ने दर्ज कराये शिकायत में कहा कि फेसबुक पर रील देखने के समय उसको एक लिंक दिखा. जिसमें ट्रेडिंग के माध्यम से मुनाफे कमाने की बात लिखी थी. उस लिंक पर क्लिक करने पर एक एप्लीकेशन (अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट) उसके फोन पर डाउनलोड हुआ. बताया कि उन्होंने उस ऐप रजिस्टर किया. इसके बाद कंपनी के कस्टमर केयर अधिकारी ने उससे व्हाट्सएप पर संपर्क किया और अलग-अलग बैंक अकाउंट में पैसा डालकर निवेश करने का प्रलोभन दिया.

बताया कि अलग-अलग बैंक अकाउंट में पैसा डालने के बाद रजिस्टर्ड एप पर फेक प्रॉफिट दिख रहा था. हालांकि इस वो कभी रिडीम नहीं कर पाये. शिकायत में बताया कि इस तरह साइबर अपराधियों ने उनके अकाउंट से 1.40 करोड़ ट्रांसफर करवाकर ठगी किया. ट्रांजैक्शन के आईपी का सर्वर दुबई में पाया गया.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, बुधवार 03 जुलाई 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 85 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### सांसद ढुलू की केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री से मुलाकात

**बोकारो :** धनबाद सांसद ढुलू महतो ने केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु से मुलाकात कर स्मार पत्र सौंपा तथा धनबाद के लाखों लोगों के जनभावना का ख्याल करते हुए धनबाद में एयरपोर्ट निर्माण की मांग की. सांसद ने कहा धनबाद में आई आई टी. सिम्फर,बी आई टी , बी सी सी एल जैसे कई प्रतिष्ठित संस्थान है . एयरपोर्ट होने से प्रख्यात शिक्षकों, एवं वैज्ञानिको, डॉक्टरों का आने जाने से धनबाद सहित आस पास के कई जिले के लोगों को इसका लाभ मिलेगा. धनबाद के प्रसिद्ध व्यवसायियों के व्यवसाय में सुगमता आएगी और लोगों के रोजगार के अवसर सृजित होंगे. मंत्री नायडू ने सांसद को इस पर शीघ्र पहल करने का भरोसा दिलाया.

### अवैध लॉटरी टिकट के साथ एक गिरफ्तार

**झरिया।** तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बंगाली कोठी निवासी नरेश साव को अवैध लॉटरी टिकट के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. उसकी गिरफ्तारी से अवैध लॉटरी विक्रेताओं में हड़कंप मचा है. बता दें कि जयरामपुर और लोदना क्षेत्र में भी अवैध लॉटरी का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है. स्थानीय प्रशासन चुप्पी साध रखा है.

### बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार

धनबाद. पूर्व मध्य रेल के जीसी सेक्शन में फेंसिंग का कार्य लगातार जारी है. मिशन रफ्तार के तहत चलने वाला कार्य बिहार,झारखंड और उत्तर प्रदेश के 412 किलो मीटर लंबे ग्रैंड कोड को कवर करेगा.पूर्व मध्य रेल के 160 किलोमीटर रेलवे ट्रैक में फेंसिंग कार्य पूरा होते ट्रेनों की स्पीड 130 किलो मीटर से 160 किलो मीटर प्रतिघंटा हो सकती है.मालूम हो कि इस कार्य को लेकर ट्रैक की सुरक्षा को लेकर दोनों और सुरक्षा बाड़ लगाया जा रहा है.

### जुआ अड्डों पर छापेमारी, जुआरी फरार

कतरास। कतरास पुलिस ने तीन जुआ अड्डों पर मंगलवार को छापेमारी की. इस दौरान गुहीबांध बस स्टैंड के पीछे पुलिस को देखते ही जुआरी भाग निकले. पुलिस ने दो बंडल तास व 290 रुपए नगद जब्त की. वहीं आकाशकनारी स्थित अंबेडकरनगर व लकड़का में पुलिस को देखते ही जुआरी तास व रुपया लेकर भाग गए. पुलिस तीनों जुआ अड्डे संचालकों के नाम पता कर मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरु कर दी है. तीनों स्थानों पर जगह बदल कर जुआ खेला जा रहा था.

### हेमंत के जेल से निकलने के बाद तेजी से बदल रहे हैं सत्ता पक्ष के राजनीतिक समीकरण, अटकलों का बाजार हुआ गर्म

# हेमंत मिले सीएम चंपाई से, गठबंधन विधायक दल की बैठक आज


**कौशल आनंद।रांची**

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमानत मिलने के बाद सक्रिय हैं. गठबंधन दल के नेताओं से मिले रहे हैं. इसी बीच हेमंत सोरेन मंगलवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर मिले. वहीं तीन जुलाई को इंडिया गठबंधन के विधायक दल की बैठक बुलायी गयी है. यह बैठक किसने बुलायी है, इसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है. बैठक कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर सुबह 11 बजे से होगी. इसकी सूचना गठबंधन दल के तमाम विधायकों को दे दी गयी है. इसी बीच आज के दिनों में होने वाले कई अहम कार्य भी स्थगित कर दिए हैं. इन वजहों से तरह-तरह की अटकलें लगायी जा रही हैं.



### हेमंत-चंपाई सोरेन के बीच आधे घंटे तक हुई मंत्रणा

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन मंगलवार को अचानक मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के मोरहाबादी स्थित आवास पहुंचे. दोनों के बीच बंद कमरे में करीब आधे घंटे तक मंत्रणा हुई. बातचीत किस मुद्दे पर हुई, इसका खुलासा नहीं हो पाया है. मगर राज्य के दो शीर्ष नेताओं के बीच बंद कमरे में हुई बैठक के बाद सियासी अटकलों का दौर शुरू हो गया है. अब सबकी निगाहें तीन जुलाई को होने वाली विधायक दल की बैठक पर टिक गयी हैं. इसमें खुद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी मौजूद रहेंगे. इसके बाद ही अटकलबाजी पर विराम लगने की उम्मीद है.



### चुन-चुन कर आगे बढ़ूंगा मैं, तुम मुझको कब तक रोकोगे...

**सीएम चंपाई से मिलने के हेमंत ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की कविता**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलने के बाद हेमंत सोरेन अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक फोटो और मैसेज कविता के तौर पर पोस्ट किया है. उन्होंने हेलिकॉप्टर में उड़ान भरते हुए अपनी तस्वीर साझा की है. इसके साथ ही उन्होंने लिखा है –

" इस जग में जितने ज़ुल्म नहीं, उतने सहने की ताकत है.
तानों के भी शोर में रह कर सच कहने की आदत है.
मैं सागर से भी गहरा हूं तुम कितने कंकड़ फेंकोगे.
चुन–चुन कर आगे बढ़ूंगा मैं, तुम मुझको कब तक रोकोगे.
तुम मुझको कब तक रोकोगे... "

**तय माना जा रहा संभावित मंत्रिमंडल विस्तार टल गया :** 27 से 30 जून के बीच चंपाई सोरेन( सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार तय माना जा रहा था. झामुमो कोटा से 12वें मंत्री पद के लिए नाम भी तय कर लिया गया था. कांग्रेस कोटे से भी आलमगीर आलम के बदले डॉ इरफान अंसारी का नाम तय कर लिया गया था. बस केवल कांग्रेस नेतृत्व की तरफ से नामों का एलान होना बाकी था. इस बीच 28 जून को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिल गयी और वे जेल से बाहर आ गए. इसके बाद संभावित मंत्रिमंडल विस्तार को टाल दिया गया. कांग्रेस ने अब तक नामों का ऐलान नहीं किया है. इसको लेकर तरह-तरह की अटकलें लगायी जा रही हैं.

**नियुक्ति पत्र वितरण और ब्यूरोक्रेट्स का तबादला टला :** राज्य की चंपाई सरकार का तीन जुलाई को रांची के प्रभात तारा मैदान में 1500 प्लस टू शिक्षकों की नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम घोषित था. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के हाथों शिक्षकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाना था. इसकी तैयारी शिक्षा विभाग जोर-शोर से कर रही थी. मगर अचानक से इस कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया गया. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इसके पीछे अपरिहार्य कारण बताया है. इधर, भारी संख्या में ब्यूरोक्रेट्स के तबादले की सूची तैयार हो चुकी थी. जानकारी के अनुसार, राज्य के ब्यूरोक्रेट्स का तबादला भी फिलहाल रोक दिया गया गया है.

**बैठक के एजेंडे को लेकर विधायकों को दी गयी सूचना :** तीन जुलाई को होनेवाली बैठक को लेकर विधायकों को जो सूचना भेजी गयी है, उसके अनुसार विधानसभा चुनाव की तैयारी, सीटों पर चर्चा, प्रत्याशियों पर रायशुमारी और चुनाव अभियान की रणनीति पर चर्चा की जाएगी. इसमें कहीं भी नेतृत्व परिवर्तन की बातें नहीं की गयी हैं. इससे पूर्व बीते दिवस खुद कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने हेमंत सोरेन को फोन करके उनसे बात की थी. हालांकि, सूचना के अनुसार सोनिया गांधी ने उनसे हालचाल को लेकर बात की. मगर, हेमंत सोरेन के जेल से निकलने के बाद इस टेलिफोनिक बातचीत को भी कई अटकलें लगायी जा रही हैं.

# एसएनएमएमसीएच की कुव्यवस्था पर भड़कीं डीसी

### अस्पताल की सफाई की निगरानी के लिए प्रतिनियुक्त होंगे अधिकारी

- मरीजों को बेहतर इलाज एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता– उपायुक्त

**संवाददाता।धनबाद**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल एसएनएमएमसीएच का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने ओपीडी, वाह्य विभाग, शिशु विभाग, फिजियोथैरेपी विभाग, सर्जरी विभाग, एक्सरे रूम, अल्ट्रासाउंड केंद्र, जेनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड आईसीयू, स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग अंतः कक्ष, मेडिसिन स्टोर रूम, रजिस्ट्रेशन काउंटर समेत विभिन्न विभाग एवं सेंटर का निरीक्षण किया. उपायुक्त ने अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यरत आउटसोर्सिंग एजेंसी को निर्देश दिया गया कि अगर आगे से ऐसी लचर व्यवस्था दिखाई दी तो कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के लिए विभाग को पत्राचार किया जाएगा. उन्होंने कहा की सफाई कार्य के विशेष निरीक्षण के लिए जिला से वरीय पदाधिकारी अपॉइंट किया जाएगा जो लगातार सफाई कार्य पर मॉनिटरिंग रखेंगे. निरीक्षण के दौरान बहुत सारी कमियां पाई गई, जिसे दूर करने के लिए अधीक्षक एवं संबंधित विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है. उपायुक्त ने कहा कि कुछ कमियां है जो आधारभूत संरचना संबंधित है एवं कुछ कमियां मैनपॉवर संबंधित है जो चीज अस्पताल के स्तर पर ठीक होनी है उसके लिए अधीक्षक डॉ ज्योति रंजन को निर्देशित किया गया है. जो भी उपलब्ध फंड एवं मैनपॉवर हैं उसका ऑप्टिमम प्रयोग है वह सबसे महत्वपूर्ण कार्य है, जो की डॉक्टर एवं प्रबंधन को करने की आवश्यकता है. वहीं उन्होंने कहा कि जो भी प्राइवेट एम्बुलेंस मनमाने ढंग से अस्पताल परिसर में अपनी गाड़ी लगते हैं उन्हें बाहर कराई जाए, नहीं मानने पर डीटीओ को सूचना दें, उनकी रजिस्ट्रेशन रद्द की जाएगी.



### समय से अस्पताल आएं चिकित्सक

अधीक्षक को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि जो भी मरीज अस्पताल में आते हैं उन्हें बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है, इसको ध्यान में रखते हुए मौजूदा रिसोर्स की उपलब्धता के साथ मरीज को समुचित इलाज, बेड, जांच, दवाएं आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए. साथ ही यह सुनिश्चित करें कि जो भी समय डॉक्टर के लिए निर्धारित की गई है वो समय से पहुंचे. इसके अलावा खराब पड़ी मशीनों खासकर एक्स–रे मशीन की मरम्मती, रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति, अपने–अपने ओपीडी के रजिस्टर मेंटेन, सुरक्षा व्यवस्था, एम्बुलेंस की व्यवस्था, दावों की उपलब्धता, वैक्सीन की उपलब्धता, स्ट्रैचर की उपलब्धता समेत अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद,अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, प्राचार्य सह अधीक्षक डॉ ज्योति रंजन, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह समेत कई वरीय डॉक्टर मौजूद रहें.

### डीसी की रहेगी खास नजर

सोमवार को मेमको मोड़ स्थित नालंदा कॉटेज के समीप बस–बाइक की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे. इन तीनों के इलाज से पूर्व काफी लापरवाही बरती गई थी. काफी देर तक खून से लतपथ हालत में तीनों एसएनएमएमसीएच की फर्श पर पड़े थे, घायलों को स्ट्रेचर तक नसीब नहीं हुआ था.धनबाद के सभी अखबारों ने डाक्टर और यहां तैनात कर्मियों की इस लापरवाही को प्रमुखता से प्रकाशित किया था. इसके बाद मंगलवार को डीसी ने संज्ञान लेते हुए यहां का निरीक्षण किया. अस्पताल में हर स्तर पर खामियां पाई गई. ये देख डीसी काफी नाराज हुईं. माना जा रहा है कि अब उनकी खास नजर अस्पताल पर रहेगी.

## मोदीभीठा में 40 टन कोयला जब्त

**झरिया।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के मोदी बिट्ठा बस्ती में जोड़ापोखर पुलिस और सीआईएसएफ ने छापामारी कर 40 टन कोयला जप्त किया है. सीआईएसएफ व पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आउट सोर्सिंग और बरारी के आसपास से कोयला चोरी कर मोदी भीठा के पास कोयला तस्करी करने वाले गिरोह कोयला जमा कर रहे हैं. सूचना मिलते ही जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश सिन्हा के निर्देश पर पीसीआर वैन पहुंच गई दूसरी तरफ सीआईएसएफ की टीम भी पहुंची. पेट्रोलिंग गाड़ी पहुंचते ही कोयला तस्कर भाग गए.पुलिस ने डंपर और जेसीबी मशीन लगाकर कोयला को जप्त कर लिया. बताते हैं कि बरारी क्षेत्र में इनदिनों बड़े पैमाने पर कोयला चोरी करने का गिरोह सक्रिय हो गया है. गिरोह के सदस्यों द्वारा कोयला को बोरी में भर कर रखते हैं और ट्रक लोडकर बाहर भेजा जाता है. पुलिस की छापेमारी से कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है. बताते चलें कि कोयलांचल में कोयला चोरी जोरों पर है. झरिया, कतरास, बाघमारा, निरसा के कई क्षेत्रों में अवैध उत्खनन एवं कोयले की तस्करी पर लगाम लगाने की प्रशासन के हर दावे के विपरीत खुलेआम कोयला चोरी हो रही है.

# हाथियों के झुंड ने कई गांवों में मचाया उत्पात


- घरों को तोड़कर खाया अनाज, रात में घर से निकल भागे ग्रामीण, दहशत



**संवाददाता।टुंडी**

दक्षिणी टुंडी के तोपचांची रेंज अंतर्गत कई गांवों में 26 जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया. हाथियों के उत्पात से इन गांवों में दहशत का माहौल है. लोग डरे-सहमे हैं. रह रहकर भय सता रहा है कि कहीं हाथियों का झुंड फिर रात में कहीं धावा न बोल दे. जिन गांवों में हाथियों ने उत्पाद मचाया उनके नाम पर्वतपुर-सालपहाड़ व तिलेयबेड़ा है. सोमवार की देर रात करीब 1 बजे हाथियों का झुंड पहाड़ पर से उतरकर पर्वतपुर-सालपहाड़ गांव में घुस आया. हाथियों को देखकर ग्रामीण रात के अंधेरे में घर से निकल इधर-उधर भागने लगे. हाथियों ने नीलू मंझियान व महालाल किस्कू के घरों को तोड़ डाला. घर में रखे सारे अनाज तितर-बितर कर दिए. ग्रामीणों ने हाथियों को भगाने के लिए मशाल जलाया. मशाल देखकर हाथी सालपहाड़ से निकलकर तिलेयबेड़ा गांव जा पहुंचा. तिलेयबेड़ा गांव में हाथियों ने सोनालाल बास्की के घर तोड़कर सारे अनाज खा गए.

ग्रामीणों की सूचना के बाद भी तोपचांची रेंज के वन विभाग के कर्मी घटनास्थल पर नहीं पहुंचे. ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर हाथियों को भगाया. इस बीच खबर पाकर झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक प्रभावित गांव पहुंचे व भुक्तभोगी परिवार से मुलाकात कर आर्थिक सहयोग किया. उन्होंने वन विभाग से भुक्तभोगी परिवार को मुआवजा देने की मांग की है. वहीं वन विभाग की टीम मंगलवार दोपहर दोनों गांव जाकर भुक्तभोगी परिवार से मुलाकात की क्षतिपूर्ति का जायजा लिया.




**कृषि में उन्नति** | ढाई लाख रुपये किलो बिकने वाला मियाजाकी आम की धनबाद में पैदावार शुरू

# अब धनबाद के खेत में दुनिया का महंगा जापानी आम

- दो साल पहले भूली के किसान रवि निषाद ने लगाया था पौधा, फल हो गया तैयार

**संवाददाता।धनबाद**

फलों का राजा आम पूरी दुनिया में अपने स्वाद के लिए मशहूर है. पूरी दुनिया में आम की सैंकड़ों किस्में हैं. महंगे आमों की सूची में जापान का मियाजाकी आम अपने स्वाद और सुंदरता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है. ढाई लाख प्रति किलो की दर से बिकने वाला हल्के-गहरे बैंगनी रंग के इस दुर्लभ आम की पैदावार अगर धनबाद में हो तो...चौंकिए नहीं...जी हां, ये हो रहा है. धनबाद के भूली में इस नायाब आम की पैदावार शुरू की गई है. दो साल पहले लगाए गए इस आम का पौधा लगाया गया था, अब इसमें फल लगने लगे हैं. मियाजाकी आम के इस फल ने किसानी करने वालों की उम्मीदों को भी उर्वरा कर दिया है. अब इस आम के सहारे भविष्य तराशने की तैयारी भी शुरू होगी.



**भूली के किसान ने किया चमत्कार:** धनबाद के भूली के रहने वाले युवा किसान रवि निषाद पिछले 12 सालों से फलों और सब्जियों की खेती कर रहे हैं. रवि पश्चिम बंगाल के जिराट से उक्त मियाजाकी आम का पौधा लाए थे. इस आम का नाम जापान के एक शहर के नाम पर रखा गया है. अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत ढाई लाख रुपए प्रति किलो है. लेकिन धनबाद में ये पौध फल देगा कि नहीं इस बात पर संशय था. लेकिन तमाम आशंकाओं के बीच रवि निषाद ने उक्त पौधे पर मेहनत की. उन्नत तकनीक की बारीकियों का इस्तेमाल करते हुए दो साल में उक्त पौधे को फलदार बना कर चमत्कार कर दिया. अब इस आम को देखने के लिए इनके बागीचे में काफी लोग पहुंच रहे हैं. अब उनकी मंशा यहां पैदावार में इजाफा कर व्यवसायिक रूप में समृद्ध होना है. झारखंड के रांची में भी मियाजाकी आम का पेड़ लगा हुआ है.

### किसान के हाथों है राष्ट्र की सबलता : रवि

रवि निषाद ने बताया कि हमारी संस्था जय धरती मां विगत 12 सालों से एक समिति के रूप में भी कार्य कर रही है. जो आज जय धरती माँ फाउंडेशन के नाम से अप्रूव है.ग्रामीण विकास, पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती और कृषि से जुड़ी सरकारी योजनाओं पर बेहतर काम किया जा रहा है. रवि ने बताया कि धनबाद का मौसम और मिट्टी मियाजाकी की खेती के लिए उपयुक्त है. अभी तो यह सिर्फ प्रयोग के तौर पर लगाया गया था, परिणाम अच्छे मिले हैं. जल्द ही पौधों की संख्या बढ़ाई जाएगी. कहा कि नई तकनीक का आत्मसात कर किसान न सिर्फ खुद को बल्कि राष्ट्र भी आर्थिक सबलता प्रदान कर सकते है.

### तीन अंतराष्ट्रीय सम्मान से नवाजे गए हैं रवि

12 वर्षों से एग्रीट्री रिसर्च इनोवेशन जो आरपीए फार्मिंग के नाम से प्रसिद्ध है. रवि निषाद इसके संस्थापक और कृषि प्रशिक्षक हैं. फल–फूल की खेती कर झारखंड के धनबाद जिले का नाम रोशन कर चुके हैं. तीन अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी इन्हें मिल चुका है. अपनी उपलब्धी में एक और अध्याय मियाजाकी के तौर पर इन्होंने जोड़ लिया है. क्योंकि इनकी संस्था ने दुनिया की सबसे महंगे आमों में शुमार मियाजाकी को अपने खेत में उगा लिया है. रवि निषाद भूली बाइपास रोड, धारजोरी मोड़ के पास रहते हैं. इनके साथ रंजीत कुमार, सुधीर हेम्ब्रम, मो. शमशेर अली, हसन रजा, दीपक, अमित ने भी कृषि क्षेत्र के नए प्रयोगों में इनका साथ दिया.

**क्यों खास है ये आम :** मियाजाकी आम न सिर्फ अपने अनोखे रंग बल्कि स्वाद समेत अन्य स्वास्थ्य खूबियों के लिए भी खास है. नाम जापान के मियाजाकी शहर के नाम इस आम का पर रखा गया है. यह आम अन्य आम की तुलना में 15 प्रतिशत ज्यादा मीठी होती है. इसमें एंटीऑक्सीडेंट, कैरोटीन और फोलिक एसिड पाया जाता है. आंख की रोशनी के मामले में इस आम को एक बेहतर दवा का विकल्प बताया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### हाजरा मोड़ में 3 वाहनों में टक्कर, एक जख्मी

**बरवाअड्डा।** बरवाअड्डा थाना अंतर्गत हाजरा मोड़ के समीप मंगलवार की शाम जीटी रोड में तीन वाहनों की टक्कर में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना पर बरवाअड्डा पुलिस पहुंची और घायल आसनबनी निवासी मजदूर बिनोद महतो (45 वर्ष) को ईलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा. प्राप्त जानकारी के अनुसार कार संख्याजेएच09-एसी 8985 सवार एचडीएफसी बैंक के प्रबंधक संजीव कुमार, आशुतोष कुमार व सुनील कुमार तिवारी धनबाद से बरवाअड्डा स्थित टाटा शोरूम जा रहे थे. हाजरा मोड़ की कट में मुड़ने के लिए रुके, उसके पीछे आ रही कार संख्या जेएच10सीएच-4122 ने ब्रेक मारा. इस दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मारी और भाग निकला. ट्रक के धक्के से असंतुलित हो कार ने आगे खड़ी कार से जोरदार टक्कर मार दी. टक्करसे दूसरी कार भी अनियंत्रित हो गई और एक साइकिल सवार मजदूर बिनोद महतो को चपेट में ले लिया. घटना में बिनोद महतो गंभीर रुप से घायल हो गये.

### नाबालिग से छेड़खानी का आरोपी दोषी करार

**धनबाद।** नाबालिग से छेड़खानी करने व उसकी अश्लील फोटो वायरल कर देने के एक मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने कोडरमा जयनगर निवासी सौरभ सिंह को दोषी करार दिया है. सौरव बीते 9 दिसंबर 2023 से जेल में बंद है. प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर बरोड़ा थाने में 9 दिसंबर 23 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक सौरभ की दोस्ती पीड़िता के साथ हो गई थी इसके बाद सौरभ ने उसे बहला फुसलाकर उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया और उसके सहारे पीड़िता को शादी करने के लिए ब्लैकमेल करने लगा था तथा उसके साथ छेड़खानी किया करता था. प्राथमिकी में आरोप है कि जब पीड़िता ने शादी से इनकार कर दिया तो 26 नवंबर 23 को आरोपी सौरभ ने पीड़िता का अश्लील फोटो उसके पिताजी को भेज दिया था. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 6 फरवरी 24 को सौरभ के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था. सुनवाई के दौरान अभियोजन ने इस मामले में पांच गवाहों का परीक्षण कराया था.

### पूर्व पार्षद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**केंदुआ।** बसेरिया वार्ड नम्बर 13 के पूर्व पार्षद संजय कुमार की चौथी पुण्यतिथि पर गोन्दूडीह में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. गोन्दूडीह सीएचपी में स्व. संजय की चित्र पर कोलियरी प्रबंधक निखिल बी त्रिवेदी, मैनेजर दिलीप कुमार,मोहन राम, टुनटुन यादव ने सर्वप्रथम पुष्प अर्पित किया. संक्षिप्त कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्व संजय यादव गरीब ,मजदूर ,शोषित वर्ग के लिए सदैव कार्य करते रहे. ऐसे लोगों की कमी हमेशा खलती रहेगी.कार्यक्रम में पप्पू यादव,राजेश यादव, संतोष यादव, शिवकुमार यादव, भूटाली यादव,ब्रह्मदेव यादव,बीरेंद्र यादव,सुशील सिंह, सतुंजय कुमार,रामाशीष यादव,मो.इजराइल अंसारी,भोलू यादव,रंजीत यादव, उमाशंकर यादव, शंकर रवानी, शिवजी चौहान, शंभू कुमार, मनोज कुमार आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## राहुल गांधी का संसद में दिया बयान दुर्भाग्यपूर्ण : राजकुमार

संवाददाता ।झरिया



भाजपा के वरिष्ठ नेता सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि हिंदू धर्म ( सनातन धर्म ) को लेकर जिस तरह का बयान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने संसद में दिया है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है. क्योंकि हिंदू धर्म वसुधैव कुटुंबकम की भावनाओं से चलता है और पूरे विश्व के अंदर हिंदू समाज दूसरे की भलाई का काम पहले सोचता है और दूसरे का भला करता है. हिंदू धर्म के लोगों में चाहे वह देश के किसी भी कोने में हो, जहां पर हिंदुओं की जनसंख्या ज्यादा है और अन्य धर्म वाले व्यक्ति कम हैं वहां की अल्पसंख्यक आबादी फिर भी वह बहुत आराम से रहती है और उन्हें किसी तरह की कठिनाई नहीं होती है . हिंदुओं ने कभी भी पहले किसी पर आक्रमण नहीं किया है. हिन्दूओ ने किसी को नुकसान पहुंचाने का कार्य पूरे विश्व में कहीं भी नहीं किया है. राहुल गांधी को हिंदू धर्म को जानने और समझने की आवश्यकता है.

**राजनीति :** जमानत पर छूटने के बाद पहली बैठक में आज शामिल होंगे

# हेमंत सोरेन फिर हो सकते हैं सीएम

संवाददाता ।धनबाद

असीमित संभावनाओं का नाम है राजनीति. यहां किसी भी घटनाक्रम पर आश्चर्य नहीं किया जा सकता है. पांच महीने बाद जेल से बाहर आने के बाद से हेमंत सोरेन अपने तेवर में नजर आ रहे हैं. जेल से बाहर आने के बाद उनसे मिलने जिस तरह पूरे झारखंड से कार्यकर्ताओं का जुटान हो रहा है. यह उनकी लीडरशिप के और निखरने का संकेत है. ऐसे में बुधवार को विधायक दल की बैठक में इस बात की संभावना प्रबल है कि झारखंड में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन हो सकता है. विधायकों से विचार विमर्श के बाद किसी भी वक्त इस बात की घोषणा संभव है कि हेमंत सोरेन फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे.



सत्तापक्ष के विधायकों की बैठक में जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी समेत इंडिया अलायंस के विधायक शामिल होंगे. इस बैठक में शामिल होने के लिए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी झारखंड पहुंच रहे हैं. हेमंत सोरेन के जेल से बाहर निकलने और बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों में यह बैठक अहम मानी जा रही है.

### विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर होगी चर्चा

जेएमएम की ओर से बुधवार सत्तारूढ़ दल के विधायकों की बैठक में इंडिया अलायंस विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा होगी. हेमंत सोरेन को नेतृत्व सौंपने पर विधायक अपनी राय दे सकते हैं. वहीं हेमंत सोरेन के खिलाफ चल रहे मामलों को लेकर उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को भी जिम्मेदारी सौंपने पर चर्चा हो सकती है. सत्ता पक्ष के विधायकों की ओर से कोई भी फैसला लेने के लिए हेमंत सोरेन को अधिकृत किया जा सकता है. ईडी की कार्रवाई को देखते हुए हेमंत सोरेन ने हिरासत में लिए जाने के पहले विधायकों की बैठक बुलाई थी. बैठक में हेमंत सोरेन को कोई निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया था, तब चंपाई सोरेन को नया नेता चुना गया. अब गठबंधन के विधायकों की बैठक बुलाए जाने के बाद नेतृत्व को लेकर उनकी राय सामने आने के आसार हैं.

गठबंधन के दल बड़ा निर्णय ले सकते हैं. विधानसभा चुनाव में मात्र तीन महीने ही बचे हैं, ऐसे में हेमंत सोरेन पूरी पार्टी के साथ सरकार पर भी अपना नियंत्रण चाहते हैं. पार्टी के एक केंद्रीय सदस्य ने बताया कि हेमंत सोरेन का मुख्यमंत्री बनना तय है. उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को शिकस्त देने के लिए हेमंत का सीएम बनना जरूरी है.

### वितरक आवाज के संपादक राकेश पांडेय का निधन



**धनबाद।** वितरक आवाज के संपादक राकेश पांडेय का निधन बुधवार को कानपुर में हो गया. इनके निधन से वितरक समाज को काफी क्षति हुई है. राकेश पाण्डेय समाचार पत्र वितरकों के लिए देश का पहला अखबार ₹वितरक आवाज₹ की शुरुआत किए थे. वह कानपुर के रहने वाले थे लेकिन पूरे भारत के वितरकों की हमेशा मदद करते रहे थे. आजीवन वितरक समाज के हितैषी रहे. पूरे देश के समाचार पत्र विक्रेता समाज को एकता में बांधने वाले राकेश पांडे के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर संपूर्ण वितरण समाज में शोक की लहर है. समाचार पत्र विक्रेता समिति की ओर से गुरुवार को सुबह धनबाद सेंटर पर शोकसभा का आयोजन किया जाएगा.

# काको मोड़ पर बिस्कुट और फॉरच्यून से भरे दो ट्रक धराए

**लौह सामग्री लदा एक बोलेरो पिकअप वाहन को सेल टैक्स अधिकारियों ने पकड़ा**

संवाददाता ।कतरास

बिस्कुट एवं फॉरच्यून से भरे दो ट्रक काको मोड़ व लोह सामग्री लदा एक बोलोरो पिकअप वाहन को राहुल चौक से सेल टैक्स के अधिकारियों ने सोमवार की अहले सुबह संदेह के आधार पर पकड़ा है.चालकों द्वारा जीएसटी बिल नहीं प्रस्तुत करने के बाद वाहनों को कब्जे में लेकर कतरास अंचल कार्यालय ले आया या. बिस्कुट भरे 10 चक्का वाहन संख्या डब्ल्यूबी19एफ-7031 एवं फॉर्चून भरे 10 चक्का वाहन यूपी21सीएन- 1034 के पिकअप वाहन के संबंध में जानकारी देते हुए सेल टैक्स के डिप्टी कमिश्नर रामप्रवेश प्रसाद ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान तीनों गाड़ियों को कांको मोड़ के पास से पकड़ा गया है. एक ट्रक में बिस्कुट से भरा हुआ है, दूसरे ट्रक में फॉरच्यून के आइटम्स है. जबकि बोलोरो पिकअप वाहन में लोह सामग्री लदा है. उन्होंने बताया कि ले जा रहे सामान से संबंधित कागजातों की मांग करने पर कागजात नहीं दिखाया गया. वाहनों को कांटा भी कराया गया है. कागजातों के अभाव में तीनों वाहनों को फिलहाल अपने कब्जे में रखा गया है. कहा कि संबंधित ड्राइवर को कागजात दिखाने को कहा गया है. सामान से संबंधित कागजातों एवं उसमें सरकार को दिए गए टैक्स आदि से संबंधित मामलों की जांच पड़ताल की जाएगी. इसके बाद ही कोई कार्रवाई किया जाएगा. उन्होंने बताया कि जीएसटी आदि की गड़बड़ी प्रतीत हो रही है. फॉरच्यून से भरी वाहन के चालकों ने बताया कि माल लेकर गाड़ी दिल्ली से आ रहा है जो कि धनबाद के केंदुआ में उसका माल उतारा जाना है. इधर डिप्टी कमिश्नर के अनुसार शाम पांच बजे बिस्कुट से लदे ट्रक का जीएसटी पेपर सही पाए जाने के बाद उसे छोड़ दिया गया है जबकि लोह सामग्री लदा बोलेरो पिकअप को फाइन लेकर छोड़ दिया गया है.फॉरच्यून लदा ट्रक चालक द्वारा अब तक कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों ट्रकों में तकरीबन 30 से 35 लाख की सामग्री लोड है. आश्चर्य की बात है कि लाखों की समान ट्रक में लोड होने के बावजूद भी जीएसटी पेपर चालक के पास नहीं होना एक बड़ा घालमेल की ओर इशारा करता है. साथ ही घंटों बाद बिस्कुट लोड ट्रक के जीएसटी पेपर प्रस्तुत करना भी संदेहास्पद है.



### गौवंश लदे पिकअप वेन जब्त, चालक गिरफ्तार, प्राथमिकी दर्ज

**कतरास।** कतरास थाना क्षेत्र के कैलुडीह में तीन गौवंश लदे टाटा पिकअप वेन को कतरास पुलिस ने जब्त किया है. पुलिस ने वाहन के चालक व उपचालक को गिरफ्तार कर लिया है. उक्त वाहन में पलामू से गायों को लोड कर तस्करी के लिए छाताबाद की ओर ले जाया जा रहा था. तभी पुलिस को वाहन पर गौवंश लदे होने की गुप्त सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए वाहन को जब्त कर लिया .इस संबंध में कतरास थानेदार आसित कुमार सिंह ने बताया कि मवेशी लदे वाहन जब्त किया गया है. चालक व उपचालक को गिरफ्तार किया गया है. वाहन मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. चालक व उपचालक को बुधवार को जेल भेजा जाएगा. वहीं गौवंशों को गंगा गौशाला को सुपूर्द कर दिया गया.

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष कैद

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी हुसैन अंसारी को धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने बीस वर्ष कैद एवं पंद्रह हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. सोमवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था.अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की थी. प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक एक जून 2013 को पीड़िता को हुसैन अंसारी शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया. दो माह तक अपने साथ रखा. आरोप था कि हुसैन अंसारी , शब्बू खान व कयामत खान पीड़िता को बाजार में बेचने की साजिश कर रहे थे, उसे इंजेक्शन देकर रखा गया था. हुसैन अंसारी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया था. अनुसंधान के बाद पुलिस ने हुसैन अंसारी, शब्बू खान, कयामत अंसारी, सईदन बीबी, एवं मो गुलाम हुसैन के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था. सुनवाई के दौरान हुसैन अंसारी फरार हो गया, जिसकी अनुपस्थिति में अदालत में अपना निर्णय सुनाया. इसके पूर्व अदालत 14 जून 2016 को आरोपी मोहम्मद शब्बू खान, कयामत अंसारी, सईदन बीबी एवं मो गुलाम हुसैन को सजा सुना चुकी है.

## गुरुगोष्ठी में बीईईओ का शत प्रतिशत नामांकन का निर्देश

**कहा, नामांकन में कोताही बर्दाश्त नहीं**



संवाददाता ।मैथन

एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) सुमित्रा तिर्की की अध्यक्षता में गुरुगोष्ठी सह मासिक समीक्षा बैठक हुई. बैठक में बीईईओ ने नामांकन में कोताही नहीं बरतने और पोषक क्षेत्र के सभी बच्चों का हंड्रेड परसेंट नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. इसके अलावा उन्होंने एमडीएम प्रतिदिन नियमानुसार चलाने, बच्चों में किताब और किट का वितरण समय पर करने, आधार कार्ड बनवाकर उसे बैंक से लिंक कराने समेत अन्य निर्देश दिया. सीआरपी को उन्होंने अपने क्षेत्र के स्कूलों में भ्रमण कर शत प्रतिशत नामांकन करवाने में सहयोग करने का निर्देश दिया. शिक्षकों को बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाने और एमडीएम की रिपोर्ट प्रतिदिन एसएमएस करने का भी निर्देश दिया. बैठक में निरसा तीन शैक्षणिक अंचल के सभी स्कूलों के प्रभारी प्रधानाध्यापक, शिक्षक, सीआरपी, बीआरपी आदि उपस्थित थे.

### अवैध स्टोन चिप्स लदा हाईवा व बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध लगातार अभियान जारी है. मंगलवार को जिला खनन टास्क फोर्स ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में औचक जांच अभियान चलाकर अवैध स्टोन चिप्स लदा हाईवा और बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया. यह जानकारी खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक ने दिया. कहा कि जांच अभियान चलाकर पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र से अवैध स्टोन चिप्स लदा एक हाईवा व बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त कर अगली कानूनी कार्रवाई के लिए टुंडी थाना को सुपूर्द कर दिया गया. जांच टीम में खान निरीक्षक सुमित प्रसाद, बसंत उरांव, विजय करमाली समेत पुलिस जवान शामिल थे.

## 6 सूत्री मांगों को ले यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू

**ईश्वर चंद्र विद्यासागर व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

संवाददाता । कुल्टी

कुल्टी के एक मात्र सरकारी स्वास्थ्य केंद्र रानी बंगला अस्पताल से संबंधित 6 सूत्री मांगों को लेकर पश्चिम बर्दवान यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष रवि यादव मंगलवार को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए. भूख हड़ताल शुरू करने से पहले वे सुबह बराकर बैगुनिया मोड़ पर स्थित ईश्वर चंद्र विद्यासागर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. फिर वहां से पैदल मार्च करते हुए युवा कांग्रेस सदस्यों के साथ बस स्टेंड स्थित धरना मंच पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्पिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर भूख हड़ताल पर बैठ गए. इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हराधन मंडल ने रवि यादव का स्वागत माला पहनाकर किया. मौके पर रवि यादव ने कहा कि कुल्टी क्षेत्र का एकमात्र सरकारी अस्पताल की हालत जर्जर है, जिससे लोगों को इलाज कराने में परेशानी हो रही है. इस अस्पताल से संबंधित उनकी 6 मांगें निम्न हैं-प्रसूता वार्ड में बेड की संख्या में वृद्धि, चौबीस घंटा चिकित्सा व्यवस्था, चिकित्सको की नियुक्ति, चौबीस घंटे एंबुलेंस सेवा, सभी प्रकार के टीके की व्यवस्था, अस्पताल में परिजनों व मरीजों के बैठने की व्यवस्था.



### कुरमीडीह में भीषण जल संकट

**धनबाद।** धनबाद जिले के गोविंदपुर प्रखंड बड़ा पिछड़ी पंचायत अंतर्गत कुरमीडीह गांव बजरंगबली मंदिर के सामने वाला मुखिया फंड से निर्मित सौलर जलमीनार खराब होने के कारण गांव में पेयजल समस्या उत्पन्न हो गई है. ग्रामीणों द्वारा कई बार स्थानीय मुखिया, पंचायत सेवक, गोविंदपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी और संबंधित पदाधिकारियों को जलमीनार मरम्मती की गुहार लगाई गई. लेकिन कोई फायदा नहीं हो सका. झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार महतो ने मांग की है कि मरम्मति कराई जाए, नहीं तो विभागीय कार्यालय में हुड़का जाम आंदोलन किया जाएगा.

शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री राजकुमार अग्रवाल
अध्यक्ष मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट झरियासंचालित संस्थाएं अग्रसेन भवन, मारवाड़ी उच्च विद्यालय, मातृ सदन अस्पताल, बालिका विद्या मंदिर, महिला महाविद्यालय, अग्रसेन एकेडमी



**एसएसपी ने कहा - आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के बढ़ते खतरे से रहें सतर्क**

# निजी गतिविधियों को सोशल मीडिया पर न करें शेयर

**खास बातें**

- डिनोबिली सीएमआरआई में पुलिस की पाठशाला

संवाददाता । धनबाद






धनबाद पुलिस की अनोखी मुहिम पुलिस की पाठशाला के तहत मंगलवार को डिनोबली स्कूल सीएमआरआई में धनबाद पुलिस विभाग की तरफ से जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया. अभियान के तहत डिनोबली स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, नशे से बचाव एवं घरेलु हिंसा से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. इस दौरान एसएसपी एचपी जर्नादनन ने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के बढ़ते खतरे से बच्चों को सतर्क रहने की सलाह दी. इस दौरान पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों ने डिनोबली के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्हें कानून के विभिन्न पहलुओं से जागरुक कराया. एसएसपी हदीप पी जनार्दनन ने शिविर को संबोधित करते हुए समाज को सुरक्षित बनाने के लिए छात्रों से जागरुक रहने की अपील की और देश में लागू हुए तीन नए कानूनों की जानकारी भी दी.कहा कि छात्र-छात्राओं को जिस तरह की शिक्षा दी जाएगी, उनका भविष्य निर्माण भी उसी प्रकार होगा. यही वजह है कि साइबर अपराध के शिकार होने से बचाव, नशे से दूरी, यातायात नियमों की जानकारी समेत आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए धनबाद पुलिस ने विशेष पहल करते हुए पुलिस की पाठशाला अभियान के लिए स्कूलों और कॉलेजों को चुना है. छात्र - छात्राओं को सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि कभी भी किसी तरह की समस्या पर वे सीधे पुलिस से डायल 112 के जरिए सम्पर्क कर सकते हैं, पुलिस की टीम ससमय मदद को पहुंचेगी. कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन व लक्ष्य बेहद जरुरी है.1 प्रतिबद्धता के जरिए ही लक्ष्य को साधा जा सकता है जो जीवन को कामयाब बना सकता है. उन्होंने मोबाइल व इंटरनेट के अनावश्यक इस्तेमाल से बचने की अपील करते हुए बच्चों को यथासंभव मोबाइल के कम उपयोग की बात कही. उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि सभी बच्चे अपने सोशल मीडिया ऐप को सुरक्षित रखें और पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहें. उन्होंने मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया के कम उपयोग करने और किसी अनजान शख्स से वर्चुअल दोस्ती न करने की अपील भी की. मौजूदा वक्त में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के बढ़ते खतरे को देखते हुए उन्होंने बच्चों को बेहद सतर्क रहने को कहा, साथ ही अपनी निजी गतिविधियों की जानकारी सोशल मीडिया पर अपडेट न करने की अपील भी की. डीएसपी संदीप गुप्ता ने साइबर अपराध के बढ़ते खतरे को देखते हुए कहा कि इंटरनेट व मोबाइल द्वारा दिए हुए किसी भी लालच में न आएं और कोई भी अनजान वेबसाइट व अन्य लिंक पर क्लिक न करें. पुलिस उपाधीक्षक यातायात अरविंद सिंह ने छात्र छात्राओं को यातायात नियमों से जुड़ी जानकारी देते हुए सुरक्षा से जुड़े तमाम पहलुओं पर प्रकाश डाला.



शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मनोज कुमार सिंह
समाजसेवी तिलजोरी भोजपुर पंचायत- देवघर



शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बासुकी पंडित
ओबीसी कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं देवीपुर प्रखंड कोषाध्यक्ष - देवघर



शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बेबी देवी
तिलजोरी,भोजपुर पंचायत वार्ड सदस्य - देवघर



शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अनूप साव
पूर्व पार्षद सह नेता टाइगर फोर्स झरिया



शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हिमांशु कुमार देव
शिक्षक सह शोधकर्ता शिक्षा शास्त्र देवघर

**ब्रीफ खबरें**

### महिला की हत्या में दो गए जेल

**बोकारो।** महिला की हत्या में संलिप्त अशोक रजवार व मनोज ठाकुर को पुलिस ने जेल भेज दिया. ज्ञात हो कि विगत 29 जून को दुधीमाटी में किष्टो बाउरी के अर्द्ध निर्मित मकान के अंदर अज्ञात महिला का सड़ा-गला शव पाया गया था. जिसकी पहचान झोपडो निवासी विनीता देवी, पति सुरेश सोरेन के रूप में किया गया. मृत महिला के भाई संजय हांसदा के फर्दब्यान के आधार पर अज्ञात अपराधकर्मियों के विरूद्ध बालीडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया था.

### बारिश से घर हुआ क्षतिग्रस्त

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड में पिछले तीन दिनों से हो रही रुक-रुक कर बारिश के कारण प्रखंड के बादीडीह निवासी मनोज यादव का मिट्टी के घर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. इससे परिवार के लोग बगल के अपने गोतिया के घर में शरण लिए हुए हैं. जिस समय घर एक हिस्सा गिरा, उस समय घर में कोई नहीं था. मनोज की पत्नी बाहर पानी लाने गई थी. इसी दौरान बारिश के कारण घर एक हिस्सा गिर गया. इधर घर गिर जाने के बाद पीड़ित परिवार ने बीडीओ से अंबेडकर आवास योजना की मांग की है.

### सड़क धंसने से कोयला लदा ट्रक पलटा

**कथारा।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत कथारा मुख्य चौक के पास स्थित सागर होटल के समीप कथारा गोमिया मुख्य सड़क पर खड़ी कोयला लदा ट्रक जेएच09एएम 2933 एकाएक पलट गई. ट्रक पलटते देख लोग जब सामने पहुंचे तो देखा की मुख्य सड़क धंस गई और सड़क के धंसने से सड़क पर खड़ी कोयला लदा वाहन पलट गई. हालांकि ट्रक पलटने वक्त वाहन में चालक और उपचालक नहीं थे. प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो पानी की बहाव से सड़क के अंदर खोखला हो गया था, जिससे हादसा हो गई.

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में गया जेल

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ प्रखड़ के हिरोडीह थाना की पुलिस ने दहेज अधिनियम के एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया. गिरफ्तार अभियुक्त थाना क्षेत्र के बदडीहा निवासी बिनोद वर्मा का 26 वर्षीय पुत्र सुशील प्रसाद वर्मा है. आरोपी सुशील प्रसाद वर्मा के विरुद्ध हिरोडीह थाना में दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज है. इस बाबत हीरोडीह थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी सुशील प्रसाद वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

### मंडल कारा में टेलीमेडिसिन सेवा का शुभारंभ

**साहिबगंज।** साहिबगंज मंडल कारा में मंगलवार को टेलीमेडिसिन सेवा की शुरुआत हुई. इसका उद्घाटन डीसी हेमंत सती व सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से किया. टेलीमेडिसिन सेवा के जरिए विशेषज्ञ डॉक्टर कारा में बंद कैदियों को इलाज से संबंधित उचित परामर्श देंगे. इसमे डॉक्टर तकनीक के जरिए मरीजों को परामर्श देंगे. इस सेवा की शुरुआत से जेल में नहीं रहते हुए भी बंदियों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह मिल सकेगी और उन्हें बेहतर इलाज मिल सकेगा. कैदी देश के किसी भी कोने में स्थित बड़े अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों से करा सकेंगे.

# पत्थर से कूच कर हत्या करने वाला अपराधी गिरफ्तार

## फैक्ट्री में काम नहीं करने को लेकर हुआ था विवाद, नशे की हालत में की थी हत्या

**संवाददाता। बोकारो**

अपने सह कर्मी के चेहरे को पत्थर से कुचल कर मौत की घाट उतार देने वाले अपराधी रोहित रवानी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

ज्ञात हो कि विगत 27 जून को सेक्टर 2/ए इस्पात विद्यालय ग्राउन्ड में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था, जिसका चेहरा कुचला हुआ था. सूचना पाकर बीएस सिटी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की. शव का शिनाख्त करने एवं काण्ड का उदभेदन हेतु पुलिस अधीक्षक बोकारो पुज्य प्रकाश ने पुलिस उपाधीक्षक, नगर आलोक रंजन के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया था और निर्देश दिया कि काण्ड का उद्भेदन करते हुए अविलम्ब घटना में शामिल अपराधियों को गिरिफ्तार किया जाय. निर्देशानुसार अनुसंधान के क्रम में शव का शिनाख्त किया गया. जिसमें मृतक का पहचान निशीकांत कुमार सिंह उर्फ सोनु, पिता स्व दिनेश प्रसाद सिंह सा० सेक्टर 2/बी जी० रोड खटाल, थाना बी०एस० सिटी, जिला बोकारो के रूप में हुआ. अनुसंधान के क्रम में छापामारी दल द्वारा रोहित रवानी, उम्र 32 वर्ष, पिता बिनोद रवानी, ग्राम तिरो, थाना जरीडीह को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर वह निशीकांत उर्फ सोनु की हत्या में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया और बताया कि ये मृतक के साथ बालीडीह इस्पात इंडिया फैक्टी में लेबर का काम करते थे. विगत 26 जून को मृतक के घर आये और वहां से दोनों शराब पीने चले गये. लौटने के क्रम में दोनों के बीच उस फैक्ट्री में काम नहीं करने को लेकर गाली गलौज और विवाद हो गया. विवाद इतना बढ गया कि अभियुक्त रोहित रवानी नशे की हालत में लेटे हुए निशीकांत के सर पर बडा पत्थर पटक दिया, जिससे उसकी मृत्यु वहीं पर हो गई और रोहित रवानी वहां से भाग गया. दूसरे दिन सुबह निशीकांत उर्फ सोनु का शव बरामद हुआ.



छापामारी दल में पुनि सुदामा कुमार दास, थाना प्रभारी बीएस सिटी, पुअनि महती बोयपाय, बीएस सिटी थाना, पुअनि कुलदीप कुमार, बीएस सिटी थाना, पुअनि नीरज सेठ, बीएस सिटी थाना, आरक्षी बिजय कुमार सिंह व आरक्षी सिदेश्व कुमार सिंह शामिल थे.

### ध्यानाकर्षण समिति ने की बैठक

**बोकारो।** झारखंड विधान सभा की प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति मंगलवार को जिले के दौरे पर रही। समिति ने बोकारो परिसदन सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति सह विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने की. मौके पर समिति सदस्य के रूप में विधायक रामचंद्र सिंह उपस्थित थे. बैठक में जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं को लेकर पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोदने और उसे फिर से पुरानी स्थिति में लौटाने को लेकर विभिन्न तकनीकी पदाधिकारियों से जानकारी ली. इस दौरान जिले के चास नगर निगम क्षेत्र एवं फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में शहरी जलापूर्ति योजना के तहत किए गए कार्यों की भी जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से ली.

### चोरी गया ट्रक बिहार से बरामद, एक गिरफ्तार

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो में एनएच-19 पर खड़े एक ट्रक की 29 जून की रात चोरी हो गई थी. डुमरी अनुमंडल की पुलिस ने 72 घंटे के अंदर कांड का खुलासा करते हुए घटना में शामिल चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है. साथ ही चोरी गए ट्रक को बरामद करते हुए चोरी में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली है. गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है. यह जानकारी डुमरी एसडीपीओ सुमीत प्रसाद ने मंगलवार को डुमरी थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने बताया कि जीटी रोड पर लगे सीसीटीवी की फुटेज में एक रिनॉल्ट कार दिखी, जिससे अपराधी आए थे. इस सुराग सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने कार के मालिक बिहार के जहानाबाद सुबेस यादव के पुत्र बबन कुमार को उसके घर गिरफ्तार किया. उसकी निशानदेही पर चोरी गया ट्रक भी बरामद कर लिया गया. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया. पुलिस की टीम में डुमरी के पुलिस इंसपेक्टर मनोज कुमार, डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन, निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंगबहादूर सिंह आदि शामिल थे.

### मां की हत्या के आरोप में पुत्र गया जेल

**गोड्डा।** मुफ्फसिल थाना अंतर्गत ग्राम पेलगढ़ी की कौशल्या देवी पति रामजीत साह की विगत माह मई में मौत को लेकर मृतका के पुत्र जागेश्वर कुमार साह ने थाना में आत्महत्या की बात कहकर थाना में आवेदन दिया था. पुलिस ने आवेदन पर कार्यवाई करते हुए घटना को लेकर यूडी केस दर्ज करते हुए लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद इस बात का खुलासा हुआ कि मौत गर्दन दबाने की वजह से हुई थी. मौत के बाद शरीर को रस्सी के सहारे लटका कर घटना को आत्महत्या दिखाने का प्रयास किया गया था. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस कार्रवाई करते हुए मृतका के पुत्र जागेश्वर कुमार साह से घर पर जाकर कड़ाई से पूछताछ किया. पूछताछ के क्रम में मृतका के पुत्र ने स्वीकार कर लिया कि पैसा नहीं देने की वजह से नशे की हालत में उसने मां के गर्दन को दबाकर उसकी हत्या कर दिया था. मां की हत्या के आरोप में हत्यारे पुत्र जागेश्वर साह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

### पुलिस क्लब में होगा शेड का निर्माण : बिरंची नारायण

**बोकारो।** सेक्टर चार स्थित पुलिस क्लब में विधायक मद से एक बड़ा शेड का निर्माण कराने का आश्वासन विधायक बिरंची नारायण ने दी. शेड निर्माण को लेकर मंगलवार को झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री मोहम्मद महताब आलम, संयुक्त सचिव रंजन कुमार विधायक से उनके आवासीय कार्यालय में मिले और उनसे शेड बनाने को लेकर आग्रह किया. इस संबंध में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विधायक को पत्र भी दिया. बोकारो विधायक ने पुलिस क्लब में शेड निर्माण करने का आश्वासन दिया और कहा कि उनके मद से बहुत जल्द पुलिस क्लब में एक बड़ा शेड का निर्माण कराया जाएगा.



# शैक्षणिक विकास से राष्ट्र-निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा डीपीएस बोकारो : डीजीपी

## उत्सव के रूप में मनाया गया 38वां स्थापना दिवस, बच्चों ने बिखेरी बहुरंगी छटा

**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो को पूरे झारखंड की शैक्षणिक राजधानी माना जाता है. इस शहर को यह महत्वपूर्ण ख्याति दिलाने में अगर किसी विद्यालय का सबसे बड़ा योगदान है तो वह दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो है. विगत 38 वर्षों की इस विद्यालय की यात्रा और गौरवपूर्ण अतीत आज किसी परिचय का मोहताज नहीं . डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने हर विधा में देश-विदेश में अपना परचम लहराया है. यह विद्यालय प्रतिवर्ष टॉपर्स के रूप में प्रतिभावान, सक्षम और होनहार नागरिक प्रदान कर सशक्त समाज व राष्ट्र-निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा रहा है. उक्त बातें झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह ने कहीं. श्री सिंह डीपीएस बोकारो के 38वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) माइकल राज एस., कोयला क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सुरेन्द्र कुमार झा तथा बतौर विशिष्ट अतिथि बोकारो के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पूज्य प्रकाश उपस्थित थे. इसके अलावा सभी डीएसपी भी मौजूद थे.



डीजीपी श्री सिंह ने समस्त विद्यालय परिवार को एक मील के पत्थर स्वरूप इस स्थापना दिवस की बधाई दी.

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए स्कूल के स्थापना काल से लेकर अबतक की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित किया. उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहने तथा विशेष रूप से अपने माता-पिता का सदैव आदर करने की प्रेरणा दी.

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. गंगवार ने डीजीपी, आईजी, डीआईजी व एसपी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया.

### 409 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

समारोह के दौरान अतिथियों ने प्री-नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले 409 विद्यार्थियों के साथ-साथ आर्यभट्ट मैथमेटिक्स कंपटीशन (एएमसी) के लगभग 40 विजेताओं को प्रमाण-पत्र, मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया. विद्यालय द्वारा समाज के अभिवंचित वर्ग के शिक्षार्थ संचालित दीपांश शिक्षा केन्द्र के दर्जनों विद्यार्थियों को केन्द्र प्रभारी डॉ. सरिता गंगवार की मौजूदगी में विद्यालय परिधान प्रदान किया गया. डीजीपी श्री सिंह ने पुरस्कृत किए गए सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. समारोह में डीपीएस बोकारो परिवार के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद थे. आरंभ में स्वागत भाषण वाइस हेड गर्ल हिमानी सिंह, मंच संचालन छात्र मोहित कुमार, छात्रा आव्या सिंह, अवण्या पाहवा एवं शिप्रा हेम्ब्रम तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन सांस्कृतिक सचिव ऋद्धिमा कौशल ने किया. समारोह का समापन राष्ट्रगान से हुआ.

### करियर मार्गदर्शिका का विमोचन

समारोह के दौरान अतिथियों ने विद्यालय की टीम द्वारा तैयार करियर मार्ग दर्शिका डीपीएस बोकारो करियर एवेन्यू का विमोचन भी किया. 100 से अधिक पृष्ठों वाली इस रंगीन पत्रिका में आकर्षक पृष्ठ-सज्जा के साथ 12वीं के बाद अलग-अलग क्षेत्रों में करियर के विभिन्न विकल्पों की सचित्र विस्तृत जानकारी दी गई है. डीजीपी ने इसे विद्यार्थियों के लिए काफी महत्वपूर्ण एवं लाभप्रद बताया. मौके पर विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी व उनके अभिभावक उपस्थित रहे.

### इनर व्हील ऑफ बाबाधाम ने डॉक्टर्स को किया सम्मानित

**देवघर।** इनर व्हील ऑफ बाबाधाम ने आज डॉक्टर डे और सीए दिवस के अवसर पर जिला के डॉक्टर्स एवं सीए को सम्मानित किया. सम्मान समारोह का नेतृत्व क्लब की नई अध्यक्ष निधी राज और सचिव रीमा केशरी ने किया. जिसमें शहर के प्रमुख डॉ रमन सुल्तानिया, डॉ सौरव सुल्तानिया, डॉ. सोनाली वर्मा, डॉ के. पल्लवी, सीए अजय कुमार, सीए रवि शेखर, सीए रितेश टेब्रीवाल को क्लब मेंबर्स द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में आई पीपी नूपुर बजला, आईएसओ अमृता छावछारिया, कोषाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, सदस्य जूही मोदी, सोनी केशरी, पूजा सुल्तानिया, शालू एवं अलका कुमारी का भरपूर सहयोग रहा.

# 6 माह पहले बनी सड़क धंसी

## 4 करोड़ की लगात से बनी थी 3.400 किमी सड़क

**खास बातें**

- कोदईबांक के पास धंसी सड़क का आधा हिस्सा
- सड़क के अंदर बना सुरंगनुमा गोफ

**संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**

वैसे तो सरकारी योजनाओं में होने वाले भ्रष्टाचार की बात किसी से छुपी हुई नहीं है. सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं में अक्सर भ्रष्टाचार विघमान की बातें सामने आती रहती है. तो ऐसे में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना इससे अछूता कैसे रह सकता है भला! गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत बेलवाना पंचायत में 6 माह पहले बनी सड़क ने मानसून की पहली बौछार में ही जवाब दे दिया.

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा कोदईबांक से बेलवाना तक लगभग 4 करोड़ रुपए की लागत से 3.400 किमी सड़क का निर्माण करवाया गया था. बारिश से कोदईबांक के पास उक्त सड़क का आधा हिस्सा ढह गया, जिससे सड़क के अंदर सुरंगनुमा गोफ बन गया है.



जिससे निर्माण कार्य में बरती गई गुणवत्ता की पोल खुल गई है. इतना ही नहीं गार्डवॉल नहीं होने के कारण लगभग चार जगहों पर पानी के साथ सड़क के नीचे की मिट्टी भी बह गई है. जिससे जगह-जगह गोफ बन गया है.

**मामला तिसरी प्रखंड के बेलवाना पंचायत का**

साथ ही सड़क के नीचे की मिट्टी बहने से आस-पास के खेत भर गए हैं. इसको लेकर रविवार को पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उमर फारुख के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से इसकी शिकायत की.

मुखिया प्रतिनिधि उमर फारूक ने कहा कि इस सड़क का निर्माण 6 माह पहले ही हुआ है, लेकिन पहली बारिश में ही सड़क धंस गया. कई जगहों पर गोफ बन चुका है. इसमें कहीं न कहीं संवेदक की लापरवाही है, जिसके कारण ऐसी स्थिति बनी है.

ग्रामीणों ने विधायक बाबुलाल मरांडी से कुछ जगहों पर गार्डवॉल बनवाने और विभाग से तत्काल इस सड़क की मरम्मत करवाने की मांग की. नहीं तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है.

कोदईबांक निवासी मंझली हांसदा और बेलवाना निवासी साहिदा खातुन ने बताया कि सड़क धंस जाने से उनके खेत में मिट्टी भर गया है, अब बोआई करने में समस्या आ रही है. उन्होंने कहा कि वे लोग खेती करके ही जीविका चलाते हैं. अब खेती कैसे होगी, इसकी भरपाई कौन करेगा?

# जनसेवक के रूप में काम करें मुखिया: डीसी

## चास प्रखंड सभागार में 9 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**संवाददाता। बोकारो**

सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 9 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार को चास प्रखंड सभागार से शुरू हुई. कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी विजया जाधव व अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया.


डीसी ने कहा कि जैसे हम लोकसेवक है उसी तरह मुखिया जनसेवक हैं. सभी मुखिया को जनसेवकों की भूमिका में अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए. इसी से एक लेकप्रिय मुखिया बन सकते हैं. सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की है, लेकिन जिले में अपनेक्षा के अनुरूप आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं. इसलिए मुखिया आम लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें. उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्देश्य भी यही है.




डीसी ने कहा कि मुखिया व पंचायत सचिवों को सभी कल्याणकारी योजनाओं, उसकी अर्हता की जानकारी होनी चाहिए, तभी वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा सकेंगे.

उन्होंने कहा कि मुखिया व पंचायत सचिव नियमित रूप से पंचायत सचिवालय में बैठें और लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम करें. 16 जुलाई तक जिले के सभी प्रखंडों में उन्मुखीकराण कार्यक्रम का आयोजन होना है.

मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. शफीक आलम, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता, पशुपालन पदाधिकारी डा. मनोज मणि, कल्याण पदाधिकारी एनएस कुजूर, कृषि पदाधिकारी सुरेश तिर्की, बीडीओ प्रदीप कुमार, सीओ दिवाकर दुबे आदि उपस्थित थे.



## ब्रीफ खबरें

### बीडीओ ने जवनपुर में कार्यों का किया निरीक्षण

**चौपारण।** प्रखण्ड के जवनपुर पंचायत में मनरेगा के तहत चल रहे विभिन्न कार्यों का बीडीओ सीमा कुमारी द्वारा निरीक्षण किया गया. बीडीओ सीमा कुमारी द्वारा लाभुकों को अबुआ आवास के कार्यों में हो रहे विलंब को लेकर यथाशीघ्र 15 दिनों के अंदर पूरा करने के निर्देश दिया. संतोषजनक कार्य नहीं करने वालों की पहली किस्त वापस लेकर उनका आवास रद्द करने की बात भी कही. इस दौरान मनरेगा बीपीओ संतोष कुमार, मुखिया जानकी यादव, पसंस प्रतिनिधि बैजनाथ साहू, पंचायत सचिव अमित मिंज, जीआरएस सुनीता कुमारी, सुधीर दांगी, राजेश चौधरी व अन्य उपस्थित थे.

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक की मौत, 10 घायल

**चरही।** थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग जगहों पर मंगलवार को दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए हैं. पहली घटना सीसीएल प्रेम नगर कॉलोनी की है, जहां ज्ञानदीप कुमार शर्मा (19) की बिजली के तार से करंट लगने पर घटना स्थल पर ही मौत हो गई. वहीं थाना क्षेत्र के उलहारा के पास सुबह करीब आठ बजे एक बेकाबू स्कार्पियो ने घर में बैठे छह लोगों को टक्कर मार दी. सभी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. वहीं चरही घाटी में हजारीबाग की ओर से आ रहे एक अज्ञात बोलेरो ने एक टेंपो को चपेट में ले लिया.

### बच्चों ने स्कूल बस की मांग को लेकर किया हंगामा

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा इलाके से पढ़ाई करने डीएवी खलारी और उर्स लाईन कान्वेंट स्कूल खलारी जाने वाले स्कूली बच्चों ने स्कूल बस की मांग को लेकर मंगलवार की सुबह जमकर हंगामा किया. जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह जब सभी बच्चे बचरा चार नंबर चौक स्कूल जाने के लिए पहुंचे. तब एकमात्र स्कूल बस के चालक ने बच्चों को बस से स्कूल ले जाने से इनकार कर दिया. चालक का कहना था कि बस में बच्चों की अत्यधिक संख्या हो जाने से काफी परेशानी हो रही है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. इसके बाद बच्चों ने हंगामा शुरू कर दिया. इस बीच सभी बच्चे सीसीएल अधिकारियों की कॉलोनी संगम विहार पहुंचे. जहां संगम विहार का घेराव करते हुए जमकर प्रदर्शन किया. इस संबंध में बच्चों ने कहा कि बचरा में रहने वाले कई सीसीएल कर्मी एंव गैर कर्मियों के बच्चे डीएवी खलारी और उर्सु लाईन कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाई करते है. करीब 52 सीट वाले बस से लगभग 125 बच्चों के ले जाया जाता है,जिसके कारण बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है.वही दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है. वहीं समस्या के समाधान को लेकर स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन देकर अतिरिक्त बस की व्यवस्था कराने की मांग की गई थी .

### पांडेबारा आंगनबाड़ी में सहायिका का चयन

**चौपारण।** मंगलवार को प्रखंड के पाण्डेयबारा आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के चयन को लेकर आमसभा आयोजित हुई. आमसभा का आयोजन सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ सजंय यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ. वहीं संचालन पाण्डेयबारा पंचायत के मुखीया रेखा देवी ने की. आमसभा में सहायिका के पद के लिए कुल तीन महिलाओं ने आवेदन दिया, जिसमें जनसंख्या एवं योग्यता के आधार पर पाण्डेयबारा की प्रियंका कुमारी पति श्याम कुमार पांडेय का चयन सहायिका के पद पर किया गया.

प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने ने बेंगाबाद प्रखंड में विकास योजनाओं का निरीक्षण किया

# योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाकर ज्यादा ग्रामीणों को लाभान्वित करें

संवाददाता। हजारीबाग

- केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की
- ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराने को कहा



उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने गिरिडीह जिले के बेंगाबाद प्रखंड में विकास योजनाओं का निरीक्षण किया. इस दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा भी मौजूद रहे. प्रखंड सह अंचल कार्यालय बेंगाबाद में आयुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी से विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली. साथ ही उचित दिशा-निर्देश दिया.

इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की. उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराएं तथा उन्हें लाभान्वित करने के दिशा में उचित प्रयास करें. इस क्रम में आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने मनरेगा, आवास योजना, अबुआ आवास, बिरसा हरित ग्राम, सर्वजन पेंशन, पशुधन विकास आदि योजनाओं की समीक्षा की. संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाभुकों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करें. साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने को कहा, ताकि योजना तय समय पर पूर्ण हो तथा उसका उचित लाभ ग्रामीणों को मिले.

**पानी से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करें :** उपायुक्त ने पेयजल की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी प्रखंड या पंचायत में पानी की समस्या न हो. पानी से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाना चाहिए. लोगों को सुलभ जल उपलब्ध हो, यही हमारा प्रयास होना चाहिए. साथ ही कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरतें. इस दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बेंगाबाद, अंचलाधिकारी, बेंगाबाद समेत अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित रहे.

**योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे**

उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी. योजनाओं का क्रियान्वयन तय समय हो, यह सुनिश्चित करें. उन्होंने लगान रसीद, दाखिल खारिज, प्राप्त पत्रों की पंजी, निर्गत पंजी, जन आवेदन पत्रों की पंजी, रोकड़ पंजी, लॉग बुक, अग्रिम पंजी, भू लगान पंजी, अकेंक्षण पंजी, नीलम पत्र वाद, मनरेगा व अन्य विकास योजनाओं की जानकारी प्राप्त की. इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए. उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा. साथ ही प्रखंड में चल रहे विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में बीडीओ को निगरानी रखने का निर्देश दिया.

बरकाकाना में बेखौफ अपराधियों ने रेलवे का रूफ नेट का काम बंद कराया

# रेलवे संवेदक को अपराधियों ने मारी गोली, हालत गंभीर

**अपराधी बेखौफ**

- सिधवार से सांकी के बीच चल रहा था रूफ नेट का कार्य
- चार की संख्या में थे अपराधी, काम बंद की दे रहे थे धमकी
- घायल संवेदक का निजी नर्सिंग होम में चल रहा है इलाज



निजी नर्सिंग होम में इलाजरत संवेदक राजीव गुप्ता.

संवाददाता। रामगढ़

बरकाकाना रेल थाना क्षेत्र में सांकी रेलवे स्टेशन के पास बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े रेलवे के संवेदक को गोली मार दी. घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे की है. आनन-फानन में घायल को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया. जानकारी के मुताबिक, बरकाकाना ओपी अंतर्गत कडरू गांव के जंगली क्षेत्र में सिधवार से सांकी के बीच में चट्टान गिरने के कारण रेल परिचालन बाधित हो रहा था.

इसलिए, रेलवे की ओर से रूफ नेट (रॉक फॉल प्रोटेक्शन) का काम आरव जीयो इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी द्वारा कराया जा रहा था. इस क्रम में मंगलवार को चार की संख्या में हथियारबंद अपराधी साइट पर पहुंचे और निर्माण कार्य में लगे 20-25 मजदूरों को काम करने से रोक दिया. काम में लगी मशीनों को भी बंद करा दिया. जब साइट पर मौजूद संवेदक के भाई और सुपरवाइजर राघवेंद्र गुप्ता ने विरोध किया, तो उसके साथ जमकर मारपीट की. इस बीच संवेदक राजीव गुप्ता भी साइट पर पहुंचे, तो अपराधी उनके साथ भी धक्का मुक्की करने लगे. इस बीच एक अपराधी ने राजीव गुप्ता को पीछे से गोली मार दी. गोली लगने के बाद राजीव गुप्ता वहीं गिर पड़े. वहीं, गोली चलाने के बाद अपराधी काम बंद करने की धमकी देते हुए फरार हो गये. घटना के बाद आनन-फानन में संवेदक को निजी नर्सिंग होम लाया गया. यहां उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है, लेकिन गोली अभी भी उनकी जांघ में फंसी है.

> घटना की जानकारी मिली है. एक टीम को घटनास्थल और एक टीम को घायल का बयान लेने के लिए निजी नर्सिंग होम भेजा गया था. अपराधियों को चिह्नित किया जा रहा है. जांच के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम बनाई जाएगी. इस घटना में जो भी अपराधी शामिल होंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा.
>
> **डॉ विमल कुमार, एसपी, रामगढ़**

**संवेदक के भाई के साथ मारपीट कर रहे थे अपराधी**

संवेदक के भाई राघवेंद्र ने बताया कि पहाड़ की ओर से चार दुबले-पतले लोग कार्य स्थल पर पहुंचे और पहले जनरेटर बंद कराया और फिर उनके साथ मारपीट करने लगे. इसके बाद मजदूरों को दूर जाने को कहा और चारों ओर से घेरकर उनके साथ मारपीट करने लगे. वे लोग मालिक का मोबाइल नंबर मांग रहे थे. जब इसका विरोध किया तो चारों ओर से उन लोगों ने कसकर पकड़ कर उनके साथ मारपीट की. उन चारों के हाथों में पिस्तौल था.

**मारपीट का विरोध किया तो संवेदक को मार दी गोली**

घायल संवेदक राजीव गुप्ता ने बताया कि वे अपने भाई राघवेंद्र को फोन कर रहे थे, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ. इसके बाद वह खुद साइट पर पहुंचे, तो देखा कि उनके भाई को चार लोग मिल कर पीट रहे हैं. राजीव ने विरोध किया, तो उनके साथ भी धक्का मुक्की की जाने लगी. इसी बीच पीछे से एक अपराधी ने उनकी कमर में पिस्तौल सटा कर गोली मार दी. इसके बाद चारों अपराधी जिस रास्ते से आए थे, उसी रास्ते से पहाड़ होकर फरार हो गए.

1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अग्निवीर जवानों ने लिया हिस्सा

# सफल धावक मेडल व नगद राशि से पुरस्कृत

संवाददाता। हजारीबाग



कंचन ग्राउंड में फिजिकल डिफेंस अकादमी द्वारा 1600 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित एनएसजी कमांडो विवेक तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में सरोज मालाकार, अविनाश कुमार, नीतीश कुमार शामिल हुए. इस प्रतियोगिता में लगभग 350 अग्निवीर जवान उपस्थित थे.

कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सफल धावकों को नगद राशि एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया. प्रतियोगिता में प्रथम पांच आने वाले धावकों में सुबोध कुमार गुप्ता, सुबोध कुमार, सूरज कुमार, रोहित कुमार, गुरु कुमार शामिल थे. सफल धावकों को राशि स्वरूप एक हजार, पांच सौ, तीन सौ, दो सौ एवं दो सौ की नगद राशि क्रमानुसार दी गई. युवाओं को बेहतरीन भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई.

इस अवसर पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि देश की सरहद पर हजारीबाग के युवाओं का परचम होगा. आप सभी के साथ में सदैव खड़ा हूं. आप सभी का हौसला कभी कम नहीं होना चाहिए. आप जिस सेवा के लिए आगे बढ़ रहे हैं, वो न केवल हजारीबाग, बल्कि पूरे देश की आन बान और शान है. आप सभी अपने कर्म पर हमेशा केंद्रित रहें.

**खास बातें**

- सरहद पर हजारीबाग के युवाओं का होगा परचम : हर्ष अजमेरा
- फिजिकल डिफेंस अकादमी ने आयोजित की थी प्रतियोगिता

### अंचलाधिकारी ने क्षेत्र भ्रमण कर किया निरीक्षण

**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर स्वच्छ मतदाता सूची तैयार करने और सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मृत, विवाह के कारण स्थायी रूप से बाहर जाने, किराएदार का संबंधित मतदान केंद्र से अन्यत्र चले जानेवाले मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाने, रिपीटेड मतदाता का एक जगह से नाम हटाने सहित मतदाता का नाम, फोटो आदि में सूधार हेतू घर घर सर्वे का कार्य किया जा रहा है. बीएलओ द्वारा किये जा रहे उक्त कार्य का निरीक्षण सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी ने किया.

## आभूषण दुकान में दिनदहाड़े जेवर की चोरी

संवाददाता। चौपारण



आभूषण लेकर युवक अपने साथी की बाइक पर बैठ कर फरार हो गया. दोनों अपराधियों का चेहरा सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया है. घटना की जानकरी मिलने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है.

प्रखंड की बसरिया पंचायत में रवि ज्वेलर्स नाम की दुकान से बाइक से आए दो लोगों ने गहने चोरी कर लिया. दुकानदार ने बताया कि एक युवक बाइक पर बैठा था और दूसरा ग्राहक बन कर दुकान आया. उसने सोने के बने आभूषण को दिखाने को कहा, जिसके बाद उन्होंने आभूषण निकाल कर दिखाया. इसके बाद आभूषण को नापसंद कर दूसरे डिजाइन का आभूषण दिखाने के लिए बोला. इस बीच दुकानदार जैसे ही आभूषण निकालने के पीछे मुड़ा, उतने ही देर में पहले से रखा सारा

## ससुराल में विवाहिता की मौत, हत्या का लगा आरोप

संवाददाता। चौपारण

**खास बातें**

- मृतका के पिता ने थाना में आवेदन देकर लगाई गुहार
- पति समेत अन्य ससुरालवालों पर गला दबाने का आरोप

प्रखंड के केसठ गांव की बेटी की ससुराल में संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला सामने आया है. इस संबंध में मृतका के पिता केसठ गांव निवासी मुमताज अंसारी ने इटकोरी थाना में आवेदन देकर ससुरालवालों पर हत्या का आरोप लगाया है. उन्होंने बताया कि 10 वर्ष पूर्व अपनी बेटी साहिना परवीन (28) का निकाह चतरा के इटखोरी थाना क्षेत्र के ग्राम खडोनी निवासी याकूब अंसारी के पुत्र महमूद आलम के साथ कराया था.

निकाह में स्वेच्छा से उपहार भी दिए थे. निकाह के करीब एक वर्ष बाद पति महमूद आलम, ससुर याकूब अंसारी, सास नसीरा खातून, जेठ महमूज आलम, ननद साबी खातून, गोतनी तरन्नुम खातून, उसका पति महफूज आलम सब मिल कर उनकी बेटी के साथ बराबर मारपीट करते दे. वे लोग बेटी पर दबाव बनाते थे कि तुम अपने पिता से दो लाख रुपये मांगकर लाओ, तब तुम्हे इस घर में रहने देंगे, अन्यथा जान मार कर फेक देंगे.

इस बीच सोमवार की शाम को महमूद आलम अपने मोबाइल से मेरे मोबाइल पर फोन कर कहा कि आपकी बेटी साहिना का तबीयत खराब है. उसके बाद मंगलवार को सुबह कुछ ग्रामीण के साथ खडोनी पहुंचे, तब बेटी को मृत अवस्था में पाया. उन्होंने ससुराल वालों पर बेटी का गला दबा कर हत्या करने करा आरोप लगाया है.

आजसू पार्टी ने सदर प्रखंड के बीडीओ को 11 सूत्री मांगपत्र सौंपा

## अबुआ आवास के चयन में पारदर्शिता जरूरी

संवाददाता। हजारीबाग



हल्ला बोल कार्यक्रम में प्रदर्शन करते आजसू नेता-कार्यकर्ता.

आजसू पार्टी की सदर प्रखंड कमेटी ने मंगलवार को हल्ला बोल कार्यक्रम के दौरान सदर बीडीओ को 11सूत्री मांगपत्र सौंपा. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा उपस्थित हुए. हल्ला बोल कार्यक्रम का नेतृत्व सदर प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश देव ने किया. विकास राणा ने अपने संबोधन में कहा कि सिलवार के जगन्नाथ धाम मंदिर की रथ यात्रा मेला में काफी भीड़ होती है और अनेकों गांव और शहर से लाखों लोग आते हैं.

उनको किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन को गंभीरता पूर्वक मुस्तैद रहना होगा, ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना को रोका जा सके. उन्होंने अबुआ आवास के चयन की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने, जरूरतमंद परिवार को चिह्नित कर उन्हें आवास उपलब्ध कराने की मांग की. वहीं, केंद्रीय सदस्य आनंद सिंह ने कहा कि ग्रामीण जनता का काम सुलभ करने की प्रक्रिया हो. लोगो को एक काम के लिए बार-बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े. इसके लिए प्रखंड कार्यालय में कार्यों का निष्पादन अविलंब किया जाये और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाए.

हल्ला बोल कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, प्रमोद कुमार वर्मा, युवा आजसू के विशाल कुमार प्रजापति, छात्र संघ के शुभम कुमार राणा, विजय कुमार, नरेश यादव, राज किशोर राम भी शामिल थे.

**रखी मांगें**

- ग्रामीण जनता का काम सुलभ तरीके से पूरा किया जाए
- प्रखंड कार्यालय में कार्यों का निष्पादन अविलंब किया जाए

## डीसी से प्राथमिक शिक्षकों को निलंबन मुक्त करने की मांग

संवाददाता। हजारीबाग



डीसी नैंसी सहाय को ज्ञापन सौंपते मुन्ना सिंह.

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी मुन्ना सिंह ने मंगलवार को उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात कर जिले के प्राथमिक शिक्षकों को निलंबन मुक्त करने के लिए ज्ञापन सौंपा है. उन्होंने बताया कि हजारीबाग में फरवरी और मार्च महीने में लगभग 10 शिक्षकों को जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा छोटे-मोटे आरोप लगा कर निलंबित कर दिया गया था.

इन शिक्षकों की निलंबन अवधि तीन महीने से अधिक हो जाने के बावजूद जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा इन्हें निलंबन मुक्त करने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है. शिक्षकों के निलंबन से विद्यालयों के पठन-पाठन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, क्योंकि अधिकांश निलंबित शिक्षक प्रभारी प्रधानाध्यापक हैं. इस पर डीसी नैंसी सहाय ने कहा कि सभी निलंबित शिक्षकों को निलंबन मुक्त करने का निर्देश दे दिया गया है. बहुत जल्द इन्हें निलंबन मुक्त कर दिया जाएगा.

**खास बातें**

- डीसी से मिल कर समाजसेवी मुन्ना सिंह ने सौंपा ज्ञापन
- मिला आश्वासन, जल्द निलंबन मुक्त हो जाएंगे शिक्षक

**जागरूकता** ग्राहक पंचायत देश भर में चला रही अभियान, कोहली, धोनी, शाहरुख, ऋतिक को भेजा गया है पत्र

# ऑनलाइन गेम के एडिक्शन से सिर्फ जागरूकता ही बचा सकती

संवाददाता। हजारीबाग

ऑनलाइन गेम से होने वाले नुकसान और इसकी लत को लेकर देश भर में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत अभियान चला रही है. इसी कड़ी में सोमवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत झारखण्ड प्रांत की एक आभाषी बैठक हुई. इस दौरान ऑनलाइन गेम के दुष्परिणाम तथा उससे बचाव के उपायों पर चर्चा की गई. मुख्य वक्ता आईटी डिलीवरी मैनेजर तथा कला उद्यमी श्रद्धा अग्रवाल ने ऑनलाइन गेम के कारण बच्चों व युवाओं पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला. कहा कि 5 से 10 वर्ष के बच्चों को मोबाइल चलाने के लिए आधा घंटा समय बहुत है. लेकिन, इससे अधिक एडिक्शन है.

कंपनियों का तो उद्देश्य ही है कि नई पीढ़ी को अपने जाल में फंसाना, उन्हें इसकी लत लगाना. उनका समय और डेटा खर्च करना. बच्चों को इस लत से बचाने के लिए पहले हमें स्वयं में परिवर्तन लाना होगा. उपाध्यक्ष एंजेल उपाध्याय ने एबीजीपी द्वारा विगत महीनों में किये गए कार्यों की चर्चा की. उन्होंने बताया कि ऑनलाइन गेम्स हमारे बच्चों सहित देश का भविष्य खराब कर रहे हैं. विषय पर गंभीर चिंतन करते हुए ग्राहक पंचायत विगत तीन वर्षों से प्रयासरत हैं. संगठन के प्रयास से ही देश में पिछले दिनों 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म को प्रतिबंधित किया गया है.



**जागरूकता ही डिजिटल एडिक्शन से बचने का उपाय :** प्रांत सचिव डॉ. कल्याणी कबीर जी ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी. बताया कि अंतर्गत जुलाई महीने में कोरोना काल से बंद पड़े वरिष्ठ नागरिकों के आरक्षण पर रेलवे को आरटीआई करने पर संगठन काम करेगी. प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ सह कोडरमा जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रमन कुमार ने कहा कि सिर्फ जागरूकता ही इस डिजिटल एडिक्शन से बचने का उपाय है. इसके अलावा एडिक्शन प्रारंभ ही न हो, हम सभी को ऐसा प्रयास करना चाहिए.

**खिलाड़ियों व कलाकारों से जागरूक करने का आग्रह**

ऑनलाइन गेम्स को लेकर देशभर में जागरूकता अभियान चलाने के अंतर्गत एबीजीपी ने खिलाड़ियों तथा फिल्मी कलाकारों को भारत के सभी जिलों से विरोध पत्र भेज कर इस दिशा में आगाह किया है. इनमें महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, स्मृति मंधाना, ऋतिक रौशन, शाहरुख खान आदि शामिल हैं. उनसे कहा गया कि आपसे देश के युवा प्रेरित होते हैं. इस कारण नैतिकता को ध्यान में रखकर जुए खेलने और समय व पैसे बर्बाद करने वाले ऑनलाइन गेम्स को खेलने के लिए नई पीढ़ी को प्रेरित न करें, क्योंकि इसके दुष्परिणाम से संपूर्ण राष्ट्र का नुकसान हो रहा है. बैठक में भ्रामक प्रचार करने वालों पर भी कार्रवाई की मांग की गई.

वरीय अधिवक्ता के निधन पर जिला बार एसोसिएशन में शोक की लहर

# नहीं रहे वरीय अधिवक्ता यूनुस वारसी

संवाददाता। हजारीबाग



मो यूनुस वारसी (फाइल फोटो).

वरीय अधिवक्ता मो यूनुस वारसी के निधन की खबर से हजारीबाग जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों में शोक की लहर है. मो यूनुस पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे. पगमिल स्थित अपने निवास स्थल पर मंगलवार सुबह को 82 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली. मो यूनुस वारसी ने हजारीबाग जिला बार एसोसिएशन को वर्ष 1967 में ज्वाइन किया था.

अपने प्रैक्टिस के दौरान उन्होंने 7 ईसी एक्ट के विशेष लोक अभियोजक के तौर पर भी कार्य किया था. साथ ही सहायक लोक अभियोजक के तौर पर भी हजारीबाग सिविल कोर्ट को उन्होंने अपनी सेवा दी थी. वह अपने पीछे पत्नी, चार पुत्र और तीन पुत्री को छोड़ गए हैं. मो यूनुस वारसी के निधन पर हजारीबाग बार एसोसिएशन में मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया. सभी अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की. इसके साथ ही पूरे दिन अपने आप को न्यायिक कार्यों से अलग रखा.

बार संघ के सदस्यों ने मरहूम यूनुस वारसी के निवास पर जाकर परिवार के लोगों से भी मुलाकात की और दुःख की इस घड़ी में ढाढ़स बढ़ाया. मौके पर बार संघ के अध्यक्ष राजकुमार, महासचिव सुमन कुमार सिंह, कमेटी सदस्य दीपक चंद्रवंशी, भरत कुमार, कुणाल कुमार, विभव कुमार, गौरी शंकर प्रसाद, मिथिलेश कुमार सिन्हा, रमेश सिंह, मो आफताब समेत कई लोग मौजूद थे.

**खास बातें**

- हजारीबाग बार एसोसिएशन में शोक सभा का आयोजन
- अधिवक्ताओं ने खुद को न्यायिक कार्यों से अलग रखा

## 10वीं व 12वीं में 70% से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को किया गया पुरस्कृत, पासवा ने

# 20,000 से अधिक बच्चों को सम्मानित किया

- डॉ रामेश्वर उरांव ने किया सम्मान समारोह का उद्घाटन
- निजी विद्यालयों के प्राचार्य व 2500 शिक्षाविदों भी पुरस्कृत

संवाददाता । रांची




खेलगांव में पासवा द्वारा कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते वित्त मंत्री व पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक दुबे.

पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में खेलगांव में मंगलवार को 20,000 से अधिक बच्चों को सम्मानित कर इतिहास रचा.

राज्य के विभिन्न जिलों के छात्रों को 10वीं व 12वीं की परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने के लिए सर्टिफिकेट व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया. सम्मान समारोह के लिए छात्रों का ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन सुबह 7:30 से लेकर 9:30 तक किया गया. ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन के लिए कुल 29 से अधिक काउंटर बनाए गए थे. इसके बाद सुबह 10 बजे से बच्चों को पुरस्कार देने का सिलसिला शुरु हुआ, जो दोपहर चार बजे तक चला. वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने पासवा के पदाधिकारी आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, फलक फातिमा, राजेश पिल्लई, एम मल्हार, जेनी, एचचन तिवारी, रेखा नायडू, सुखनाथ महतो, ममता देवी, डॉ सुषमा करकेट्टा, रूपेश कुमार, रशीद अंसारी, मनोज कुमार भट्ट,संजय प्रसाद की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. आयोजन में सभी बच्चों को पुरस्कृत करने के साथ-साथ उनके लिए निःशुल्क भोजन की भी व्यवस्था की गई थी.

### वर्तमान स्थिति में सिर्फ और सिर्फ स्कूली शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत : डॉ रामेश्वर उरांव

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों को सलाह देते हुए कहा कि वर्तमान स्थिति में सिर्फ और सिर्फ स्कूली शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है. यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि बच्चे मैट्रिक के बाद और यहां तक कि कुछ बच्चे तो मैट्रिक के पहले ही मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के नाम पर कोचिंग के जाल में फंसते जा रहे हैं. वास्तविकता में वह एक व्यावसायिक जाल में फंस रहे हैं. सरकार भी इस दिशा में प्रयास कर रही है और बच्चों को भी आवश्यकता है स्कूलों में बेसिक एजुकेशन प्राप्त करें और अपने भविष्य को स्वर्णिम बनाएं. उन्होंने अभिभावकों को भी अपने-अपने बच्चों को समय देने को कहा और बताया कि माता-पिता ही बच्चों के सबसे अच्छे मित्र हो सकते हैं. वर्तमान समाज में बच्चों में ड्रग्स और सोशल मीडिया के कुप्रभाव पर भी उन्होंने चर्चा की और उन्होंने बताया कि गुड पेरेंटिंग ही इसका एकमात्र निदान है.

**पिछले पांच वर्षों में लगभग राज्य भर के एक लाख से अधिक छात्र हुए सम्मानित**

दुबे ने बताया कि पिछले 5 वर्षों में पासवा ने राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह कर सिर्फ रांची में लगभग 45000 बच्चों को पुरस्कृत किया है. जबकि पूरे राज्य में लगभग 1 लाख से अधिक बच्चों को सम्मानित किया जा चुका है.

## एसएससी पीजीटी में हुई धांधली का मामला

# सीबीआई जांच हो, दोषियों को सख्त सजा मिले : शशांक राज

संवाददाता । रांची



जेएसएससी पीजीटी प्रतियोगिता परीक्षा में हुई धांधली के विरोध भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची के द्वारा मंगलवार को शहीद चौक से मशाल जुलूस निकाला गया. जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने राज्य सरकार से जेएसएससी पीजीटी परीक्षा को सीबीआई से जांच कराने और दोषियों को सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है. जुलूस में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा शशांक राज ने कहा झारखंड में लगातार प्रतियोगिता परीक्षा में धांधली हो रही है, जेएसएससी पीजीटी में भी बड़े पैमाने पर धांधली की गई और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए सीटों को बेचने का उसको सेट करने का काम किया गया. मौके पर रांची महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने कहा की राज्य का युवा पिछले पांच सालों से अपने आपको ठगा और असहाय महसूस कर रहा है. जुलूस में रमेश सिंह, पवन, संजय, रिद्धि राज, विवेकानंद जयसवाल, सतीश सिंह, रोहित सिंह, अंकित सिंह, उज्जवल मिश्रा, रौनक सिंह राजपूत, सनी सिंह, ऋषि कक्कड़,अश्मित सिंह शेट्टी, देवराज सिंह, विक्रांत तिवारी, बबन बैठा, सुमन सौरव, राहुल, प्रदीप सिंह, सोनू राज सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया.


शुभम संदेश अखबार को स्थापना दिवस के सुअवसर पर रंभा शैक्षणिक संस्थान समूह की ओर से शुभकामनाएँ

ADMISSION OPEN

RAMBHA COLLEGE OF NURSING
AFFILIATED TO JNRC RANCHI, INC NEW DELHI AND KOLHAN UNIVERSITY CHAIBASA
B.SC.NURSING
GNM | ANM

RAMBHA COLLEGE
AFFILIATED TO KOLHAN UNIVERSITY, CHAIBASA
BA | B.COM
BBA | BCA | B.SC.IT

RAMBHA COLLEGE OF EDUCATION
AFFILIATED TO KOLHAN UNIVERSITY, CHAIBASA & JAC RANCHI, RECOGNISED BY NCTE NEW DELHI
B.ED | D.EL.ED

RAMBHA COLLEGE OF PHARMACY
AFFLIATED TO JPC RANCHI & RECOGNISED BY PHARMACY COUNCIL OF INDIA, NEW DELHI
D.PHARM

FACILITIES
UPTO 75% JOB ASSISTANCE
SCHOLARSHIP FOR SC, ST AND OBC CANDIDATES
EASY EMI AND EDUCATION LOAN FACILITY
HOSTEL AND TRANSPORT FACILITY

9102999123

CAMPUS@ GITILATA, TATA HATA MAIN ROAD, JAMSHEDPUR


राम बचन
चेयरमैन
(रंभा शैक्षणिक संस्थान समूह)

अवर निबंधन कार्यालय, परिवार की ओर से दैनिक शुभम संदेश अखबार के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अवर निबंधन कार्यालय
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर

हिंदी दैनिक शुभंम संदेश अखबार के दूसरे स्थापना दिवस पर अखबार प्रबंधन एवं तमाम सुधी पाठकों को हार्दिक शुभकामनायें

श्रीमती राजकुमारी देवी
प्रखंड प्रमुख हुसैनाबाद,पलामू

हिंदी दैनिक शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस पर अखबार प्रबंधन व परिवार को हार्दिक बधाई व ढेर सारी शुभकामनाएं

किशोर सावंत
समाजसेवी
हजारीबाग


समस्त जिला वासियों को डॉक्टर डे पर हार्दिक शुभकामना
निवेदक
डॉक्टर आर के रंजन
हजारीबाग

हिंदी दैनिक शुभंम संदेश अखबार के दूसरे स्थापना दिवस पर अखबार प्रबंधन एवं तमाम सुधी पाठकों को हार्दिक शुभकामनायें

छोटराय मुर्मू
अध्यक्ष, संपूर्ण घाघीडीह विकास समिति, बागबेड़ा, जमशेदपुर

शुभम संदेश की स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामना

निवेदक
अन्नदा कॉलेज हजारीबाग

दैनिक अखबार शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर अखबार प्रबंधन व सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

टाइगर जयराम महतो
केंद्रीय अध्यक्ष

सोनू कुमार पटेल
पलामू प्रमंडलीय संगठन मंत्री

हिंदी दैनिक शुभंम संदेश अखबार के दूसरे स्थापना दिवस पर अखबार प्रबंधन एवं तमाम सुधी पाठकों को हार्दिक शुभकामनायें
क्षेत्र में उच्च शिक्षा का बेहतर ज्योत जलाने के लिए कृत संकल्प
निवेदक

कालीचरण सिंह
अध्यक्ष सह सांसद, चतरा

कृष्णा प्रसाद गुप्ता
एनजीओ अध्यक्ष

अंजु गुप्ता
सचिव

प्रो प्रदीप कुमार तिवारी
प्राचार्य
बनवारी साहु महाविद्यालय, लातेहार

समस्त जिला वासियों एवं वरिष्ठ डॉक्टरों को डॉक्टर डे पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामना
निवेदक
डॉक्टर उत्कृष्ट
हजारीबाग

समस्त हजारीबाग वासीयों को डॉक्टर डे पर हार्दिक शुभकामना

निवेदक
डॉक्टर मनितोष
हजारीबाग

हिंदी दैनिक शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस पर अखबार प्रबंधन व परिवार को हार्दिक बधाई व ढेर सारी शुभकामनाएं

अनुराग जायसवाल
प्रदेश कोषाध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा, झारखंड प्रदेश

हिंदी दैनिक शुभंम संदेश अखबार के दूसरे स्थापना दिवस पर अखबार प्रबंधन एवं तमाम सुधी पाठकों को हार्दिक शुभकामनायें
न्यू वनांचल हॉस्पिटल 24 घंटे सेवा उपलब्ध जपला

डॉ.विनय कुमार
नबीनगर रोड़ नियर मुनि सिंह चौक, जपला, पलामू

हिन्दी दैनिक शुभम संदेश अखबार की स्थापना दिवस पर फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं व बधाई

मोहन साव
अध्यक्ष

प्रमोद गुप्ता
महासचिव

नागेश जायसवाल
कोषाध्यक्ष

## लोकतंत्र की जीवंतता

प्रश्न यह नहीं है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव बहस के दौरान ज्यादा स्कोर किसने किया. सत्ता पक्ष ने या विपक्ष ने. मुख्य पहलू यह है कि लंबे अंतराल के बाद लोकतंत्र जीवंत दिख रहा है. लोकतंत्र की इस जीवंतता की प्रतीक्षा पिछले दस सालों से की जा रही थी. लोकसभा और राज्य सभा में दस सालों बाद बहस का ऐसा स्वरूप देखने को मिला, जिसने सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष को भी जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाया. निर्वाचित लोकतंत्र की निरंकुशता को रोकना विपक्ष की जिम्मेदारी है और सत्ता पक्ष के लिए भी यह अवसर है कि दुनिया भर में भारतीय लोकतंत्र को उस गरिमा तक ले जाए, जहां किसी भी अंतराष्ट्रीय संस्थान को विवश हो कर कहना पड़े कि भारतीय लोकतंत्र एक आदर्श है. यह तभी संभव है, जब कुछ तल्ख हकीकतों को स्वीकार किया जाए और सत्ता पक्ष आत्म मूल्यांकन की प्रक्रिया को अपनाए. इस बार के अभिभाषण बहस को संसदीय इतिहास में इसलिए भी याद रखा जाएगा, क्योंकि बहस के दौरान कुछ ऐसे मुद्दे उठे हैं, जो भारतीय समाज को पिछले दस सालों से मथ रहे हैं. इसमें एक तो बहुसंख्यकवाद का वह आक्रामक तेवर है, जो समावेशी समाज की अवधारणा को भीतर तक प्रभावित करता है. इसके साथ ही यह भी तय करने का समय आ गया है कि भारत कोई थियोलाजिकल स्टेट नहीं, बल्कि अब भी एक धर्मनिरपेक्ष गणतंत्र है, जिसमें सर्व धर्म समभाव और सम्मान का पहलू महत्वपूर्ण है. भारतीय संविधान ने इसीलिए भारत को एक धर्मनिरपेक्ष गणतंत्र की तरह व्याख्यायित किया है. बहस के दौरान देश में बढ़ रही विभिन्न तरह की असमानताओं और उपेक्षाओं के सवाल भी उठे हैं. आर्थिक असमानता ने भारत के भीतर एक अलग तरह के हालात बना दिए हैं. इसके साथ ही केंद्र राज्य संघात्मकता का सवाल भी इस बार प्रमुखता से उठा है. प्रधानमंत्री बारबार कोऑपरेटिव फेडरलिज्म की बात करते हैं, समय आ गया है कि इस संदर्भ में उठने वाले सवालों को हल किया जाए. मणिपुर परिघटना को एक व्यापक संदर्भ में देखने और समझने की जरूरत है. जिस तरह मणिपुर को पिछले 14 महीनों से अशांत छोड़ दिया गया है, वह बेहद चिंता का विषय है. धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान यह सवाल भी उठा है. केंद्र सरकार को इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है. धन्यवाद प्रस्ताव वैसे तो तल्खी, विपक्ष की ताकत और सत्ता पक्ष के प्रतिवाद का गवाह है. बावजूद इसके अब भी समय है कि आम सहमति बनाने की दिशा में सत्ता पक्ष पहल करे. प्रधानमंत्री को इस दिशा में स्वयं प्रयास करना चाहिए और विपक्ष से वार्ता करनी चाहिए. विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आम सहमति का प्रस्ताव दिया है, जिसे स्वीकार कर देशहित में आगे बढ़ने और टकराव टालने की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री की ही है. बहस के दौरान हुई तल्खी इस राह की बाधा नहीं बननी दी जानी चाहिए. लोकसभा अध्यक्ष भी इस दिशा में दोनों पक्षों को साथ बैठा कर एक नया आदर्श प्रस्तुत कर सकते हैं. इस समय देश में गैरबराबरी, बेरोजगारी और संस्थानिक स्वयत्तता की बहाली का सवाल प्रमुख है. इन सवालों को तत्काल हल करने की जरूरत है.

> भारतीय संविधान ने इसीलिए भारत को एक धर्मनिरपेक्ष गणतंत्र की तरह व्याख्यायित किया है. बहस के दौरान देश में बढ़ रही विभिन्न तरह की असमानताओं और उपेक्षाओं के सवाल भी उठे हैं. आर्थिक असमानता ने भारत के भीतर एक अलग तरह के हालात बना दिए है.

### सुभाषित

**अधमाः धनमिच्छन्ति धनं मानं च मध्यमाः ।**
**उत्तमाः मानमिच्छन्ति मानो हि महतां धनम् ॥**

निम्न वर्ग का व्यक्ति केवल धन की इच्छा रखता है, मध्यम वर्ग का व्यक्ति धन और मान दोनों की ही इच्छा रखता है और उत्तम वर्ग का व्यक्ति केवल मान-सम्मान की इच्छा रखता है। मान-सम्मान का धन से अधिक महत्व होता है. जिसके पास सम्मान नहीं है, उसका धन निरर्थक है.

# जनादेश को ढंग से समझने का संदर्भ

**2024 के चुनावों में भी बहुत कुछ ऐसा ही हुआ. चुनाव आरम्भ होते ही प्रधानमंत्री मोदी और उनकी पार्टी ने 400 पार का लक्ष्य हंगामे के तौर पर रखा. यह विपक्ष को नजरअन्दाज करने और उसका मजाक उड़ाने की शरारत थी. यूं भी विपक्ष कहीं से भी मजबूत नहीं दिख रहा था कि कोई उम्मीद की जाय. दो-तीन फेज के चुनाव संपन्न होते ही मोदी और उनकी पार्टी को जनता के मूड का शायद कुछ अनुमान हुआ. क्योंकि ये नारे अचानक से स्थगित हो गए.**

**देश-काल**



प्रेमकुमार मणि

जब 1977 के चुनाव में इंदिरा गाधी के राजनीतिक वजूद को लोकतंत्र ने ख़ारिज किया था, तब प्रतिनिधि कवि और दिनमान साप्ताहिक के तत्कालीन संपादक रघुवीर सहाय की एक टिप्पणी चर्चित हुई थी. उनका कहना था भारत की अनपढ़ कहे जानी वाली जनता ने यहां के पढ़े-लिखे लोगों को आज़ादी दिलाई है. उनके कहने का तात्पर्य था कि चुनाव के इन नतीजों के पीछे उस जनसामान्य का मजबूत संकल्प है, जिन्हें मोटे तौर पर अपढ़ और अराजनीतिक समझा जाता है. यह समझा जाता है कि उन्हें केवल रोटी से मतलब होता है और कि लोकतंत्र का अर्थ वे नहीं जानते. जिन लोगों ने आपातकाल के दौरान मुल्क में मुर्दा शांति देखी थी वे अनुमान नहीं कर पा रहे थे कि इंदिरा गांधी की हार होगी. इसे भारत के सामान्य वोटरों ने संभव किया था, जो किसान-मजदूर और गरीब लोग थे, जबकि इस तबके पर इमरजेंसी की सीधी मार नहीं पड़ी थी. गिरफ्तार होने वाले और यातनाएं झेलने वाले लोग मध्यवर्ग से आते थे. जयप्रकाश आंदोलन भी इसी तबके का आंदोलन था. 2024 के चुनावों में भी बहुत कुछ ऐसा ही हुआ. चुनाव आरम्भ होते ही प्रधानमंत्री मोदी और उनकी पार्टी ने 400 पार का लक्ष्य हंगामे के तौर पर रखा. यह विपक्ष को नजरअन्दाज करने और उसका मजाक उड़ाने की शरारत थी. यूं भी विपक्ष कहीं से भी मजबूत नहीं दिख रहा था कि कोई उम्मीद की जाय. दो-तीन फेज के चुनाव संपन्न होते ही मोदी और उनकी पार्टी को जनता के मूड का शायद कुछ अनुमान हुआ. क्योंकि ये नारे अचानक से स्थगित हो गए. लेकिन पत्रकारों और बुद्धिजीवियों ने इतना भी अनुमान नहीं लगाया. पता नहीं किस आधार पर मतदान संपन्न हो जाने के बाद भी वे 400 नहीं, तो आसपास की भविष्यवाणी कर रहे थे. नतीजों ने निश्चित ही उन्हें चौंकाया होगा, जब भाजपा पूर्ण बहुमत से बहुत पीछे रह गई. मोदी के नेतृत्व में सरकार तो बन गई है, किन्तु लोग इसे जुगाड़ या वैशाखियों की सरकार मान रहे हैं. कायदे से भारत की जनता ने मोदी और उनके दल को ख़ारिज कर दिया है. यह भी सही है कि विपक्ष को भी उसने इतना मजबूत नहीं किया है कि वह सरकार बना ले. विपक्ष स्वयं जाने न जाने जनता और उसकी कमजोरियों से भी वाकिफ है. इस चुनाव ने उस के लिए भी सन्देश छोड़ा है कि अभी कुछ और सीखो. विपक्ष ने जनता के सन्देश को समझा या नहीं यह तो



कुछ समय बाद पता चलेगा, किन्तु यह स्पष्ट हो गया कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने जनता के इशारों को नहीं समझा. या समझ कर उसे ठेंगे पर रखा. चुनाव परिणाम के रोज ही शाम में जब मोदी अपने दल के लोगों को सम्बोधित कर रहे थे, तब एक बार भी इस बात का जिक्र नहीं किया कि इस चुनाव ने बड़े इशारे किये हैं और हमें सावधान होना है. उन्हें यह स्वीकार करना चाहिए था कि जाने-अनजाने कुछ तो ऐसा हुआ है कि जनता ने हमारे कान उमेठे हैं. लेकिन यह नहीं हुआ. इसकी जगह प्रायोजित ढंग से उनके जयकारे होते रहे. यह प्रतिक्रिया गरूर से अधिक घमंड और जुगाड़ प्रदर्शित कर रहा था. थोड़ी-सी अभद्रता भी. इन्हीं सब बातों के आधार पर मुझे लगता है कि मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी दफा केंद्रीय सरकार बन तो गई है, लेकिन वह कितने समय तक चलेगी, इसे पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता. हालांकि भाजपा की राजनीतिक संरचना में एनडीए पहले भी था, लेकिन 2014 से 2024 के चुनाव तक वह उसकी शोभा या झालर जैसी स्थिति में था. अब वह उसकी जरूरत से कुछ अधिक है. क्योंकि अब भाजपा ही उसके कोष्ठक में है. यह भाजपा नहीं एनडीए की सरकार है. सबसे बड़ी मुश्किल भाजपा के भीतर विकसित होगी. मोदी ने अपना जो व्यक्तित्व निर्मित किया है, वह भाजपा केलिए कुछ-कुछ असहज है. दरअसल जनसंघ या भाजपा ने अपना गठन द्वैत रूप में किया, जिसमें देह रूप तो भाजपा का है, लेकिन आत्मा आरएसएस का है. आत्मा के बिना देह मुर्दा हो जाता है. मोदी काल में यह कोशिश हुई कि आत्मा संघ नहीं, मोदी हो जाएं. भाजपा अध्यक्ष श्री नड्डा ने चुनाव के दौरान एक बार कहा भी कि भाजपा को अब संघ की जरूरत नहीं है. ऐसा ही कभी इन्दिरा गांधी ने अपनी पार्टी केलिए किया था. उनके नेतृत्व में कांग्रेस इन्दिरा कांग्रेस हो गई और उसी का नतीजा है कि अंततः वह व्यक्ति केन्द्रित चरित्र की पार्टी बन कर रह गई. भाजपा आज लगभग वैसी ही पार्टी बन चुकी है. उसके केन्द्र में मोदी हो गए हैं. यह एक ऐसी कश्मकश है, जिसकी अंतर्ध्वनियाँ बहुत आहिस्ता ही महसूस की जा रही हैं. अब यह विवाद सतह पर आ जाएगा, इसकी प्रबल संभावना है. आने वाले समय में भाजपा की मुख्य समस्या यही होने जा रही है.यदि विपक्ष ने अपनी जिम्मेदारियों क़ो ठीक से समझा और राहुल गांधी कुछ विवेकवान हुए तो इस सरकार क़ो एक मजबूर सरकार में तब्दील कर सकते हैं. संसद के पहले रोज जिस तरह इंडिया गठबंधन के सदस्य संविधान की प्रतियां लहराते हुए लोकसभा पहुंचे यह एक अच्छा आरम्भ है. विपक्ष जितना अधिक वैचारिक संकट पैदा करेगा, एनडीए में उतनी अधिक बेचैनी बढ़ेगी. इस बीच यदि कांग्रेस ने अवाडी ( 1955 की कांग्रेस जिस में पार्टी ने समाजवादी ढांचे की सरकार और समाज का प्रस्ताव लिया था ) की तरह कोई विचार-केंद्रित अधिवेशन आयोजित कर समाजवादी शक्तियों क़ो एकजुट करने का प्रयास किया तो एनडीए में एक बेचैनी पैदा कर सकते हैं. नायडू और नीतीश वहां तब तक ही रहेंगे, जब तक उनको भरोसा न हो जाय कि विद्रोह का समय अनुकूल है. इन दोनों से समझौता बनाए रखने की कोशिश भी भाजपा की समस्याएं बढ़ाएंगी. यानी दोनों स्थितियों में भाजपा क़ो मुश्किलों का सामना करना होगा. इस स्थिति में कोई सरकार स्थिर और पूर्णकालिक होगी, इसकी उम्मीद कम ही है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**बोधि-वृक्ष** सुज्ञ



## सत्य के रूप अनेक

एक व्यक्ति ने अपने बगीचे में आम का वृक्ष उगाया, जब उस पर आम लग गये तो अपने पांच मित्रों को मीठे स्वादिष्ट फ़ल खाने के लिये आमंत्रित किया. सभी फलों का रसास्वादन करते हुए चर्चा करने लगे. वे पांचों अलग अलग मतवादी थे. चर्चा करते हुए प्रथम कालवादी ने कहा, आज जो हम इन मीठे फ़लों का आनंद ले रहे है वह समय के कारण ही सम्भव हुआ. जब समय हुआ पेड बना, काल पर ही आम लगे और पके, समय ही कारण है, हमें परिपक्व आम उपलब्ध हुए. तभी स्वभाववादी बोला, काल इसका कारण नहीं है, जो भी हुआ स्वभाव से हुआ. गुठली का गुणधर्म था आम का पेड बनना, पेड का स्वभाव था उस पर आम लगना, स्वभाव से ही उसमें मधुर रस उत्पन्न हुआ. स्वभाव ही मात्र कारण है. नियतिवादी दोनों की बात काटते हुए बोला, न तो काल ही इसका कारण है न स्वभाव. कितना भी गुठली के उगने का स्वभाव हो और कितना भी काल व्यतीत हो जाय, अगर गुठली के प्रारब्ध में उगना नहीं होता तो वह न उगती, वह सड़ भी सकती थी, किस्मत न होती तो पेड़ अकाल खत्म भी हो सकता था. आम पकना नियति थी सो पके. प्रारब्ध ही एक मात्र कारण है. उसी समय कर्मवादी ने अपना मंतव्य रखते हुए कहा, न काल, न स्वभाव, न नियति ही इसका कारण है, सभी कुछ कर्म-सत्ता के अधीन है. कर्मानुसार ही गुठली का उगना, पेड़ बनना व फ़ल में परिवर्तित होना सम्भव हुआ. हमारे कर्म थे, जिससे इन फ़लों का आहार हम कर रहे हैं, गुठली का वृक्ष रूप उत्पन्न होकर फ़ल देना कर्म-प्रबंध के कारण होते चले गये. अतः कर्म ही मात्र कारण है. अब पुरूषार्थवादी की बारी थी. उसने कहा, भाइयों हमारे इन बागानस्वामी ने सारी मेहनत की. उसमें ये काल, स्वभाव, नियति और कर्म कहां से आ गये. इन्होंने श्रम से बोया, रखवाली की, खाद व सिंचाई की, सब इनके परिश्रम का ही फ़ल है. बिना श्रम के इन मीठे फ़लों का उत्पन्न होना सम्भव ही नहीं था. जो भी कार्य होता है, वह पुरूषार्थ से ही होता है. पांचो ही अपनी अपनी बात खींच रहे थे, सभी के पास अपने मत को सही सिद्ध करने के लिये पर्याप्त तर्क थे. बहस अनिर्णायक हो रही थी. तभी बागानस्वामी ने कहा मित्रों आप सभी अपनी अपनी बात पकड़ कर गलत सिद्ध हो रहे हो, यद्यपि आप पांचों का अलग स्वतंत्र अभिप्राय मिथ्या है, तथापि आप पांचो के मंतव्य सम्मिलित रूप से सही है, इन पांचों कारणों का समन्वय ही सत्य है.

# सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों समझें चेतावनी

**सियासत**

**विश्वनाथ**

अठारहवीं लोकसभा का अधिवेशन प्रारंभ हो गया है. संसद में सरकार की नीति और नीयत को लेकर बहस शुरू हो चुकी है. लेकिन फिर सरकार और विपक्ष दोनों संविधान की रक्षा की दुहाई देकर आमने-सामने हैं. सदन के बाहर विपक्ष के सांसद संविधान की रक्षा के नारे लगा रहे थे और भीतर सत्तारूढ़ पक्ष भी यही बात कह रहा था. बात दोनों एक ही कर रहे थे, पर संदर्भ अलग-अलग थे. ऐसे में एक सामान्य नागरिक का असमंजस समझ में आने वाली बात है. आखिर संविधान की रक्षा का मतलब क्या है? मतलब यह है कि जिन मूल्यों और आदर्शों को आधार बनाकर संविधान की रचना की गयी थी, सांसद पूरी ईमानदारी के साथ उनका पालन करें. यह तो आने वाला कल ही बतायेगा कि हमारे राजनेता कितनी ईमानदारी के साथ यह काम करते हैं, लेकिन संसद के इस अधिवेशन का आगाज बता रहा है कि अंजाम कुछ हल्लेदार ही होगा. शुरुआत प्रधानमंत्री ने कर ही दी है. सत्र प्रारंभ होने से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने दो-तीन ऐसी बातें कही हैं, जिनकी तीव्र प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है. मसलन, उन्होंने यह दोहराना ज़रूरी समझा कि मतदाता ने उनकी पिछली सरकार की नीति और नीयत में विश्वास प्रकट करके ही उन्हें लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का दायित्व सौंपा है. बात यहीं से शुरू होती है. यह सही है कि लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है, पर यह नहीं भूल जाना चाहिए कि पिछली दो पारियों में भाजपा का अपना स्पष्ट बहुमत था और सहयोगी दल भाजपा की अनुकंपा से ही सरकार का हिस्सा बन सके. इस बार स्थिति ऐसी नहीं है, भाजपा सबसे बड़ा दल ज़रूर है, पर यह मिली-जुली सरकार बैसाखियों के सहारे राज करेगी. इसलिए प्रधानमंत्री को अपनी छवि बनाए रखने के लिए समझौतावादी दृष्टिकोण के साथ काम करना होगा— यह रुख विपक्ष के प्रति ही नहीं, अपने सहयोगी दलों के प्रति भी अपनाना होगा. चन्द्रबाबू नायडू की तेलुगू देसम पार्टी (टीडीपी) और नीतीश की जेडीयू कब क्या रुख अपना ले, कहा नहीं जा सकता. यह सही है कि फिलहाल इन दो दलों की भूमिका को लेकर कोई आशंका नहीं है, पर राजनीति संभावनाओं का खेल है. यह नहीं भुलाया जाना चाहिए कि 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने एक सार्वजनिक सभा में नायडू पर व्यंग्य करते हुए उन्हें 'दल बदलने में और खुद के ससुर की पीठ में छुरा घोंपने में सीनियर' बताया था और इसके कुछ ही अर्सा बाद टीडीपी के नेता नायडू ने यह कहकर जैसे बदला चुकाया था कि 'मैं पहला आदमी था जिसने 2002 के दंगों के बाद उनसे (मोदी से) इस्तीफा मांगा था'. तब चंद्रबाबू नायडू ने मोदी जी को अतिवादी तक कह दिया था. बहरहाल, संसद का सत्र प्रारंभ होने से पहले प्रधानमंत्री ने मीडिया के समक्ष दो-तीन ऐसी बातें की हैं, जिन्हें भुलाया नहीं जाना चाहिए. मसलन, प्रधानमंत्री का यह कहना कि जनता सदन में तमाशा नहीं देखना चाहती, हो-हल्ला भी नहीं, विपक्ष के निशाने पर रहेगा. मज़बूत विपक्ष लोकतंत्र को मज़बूत बनाता है और इस बार लोकसभा में विपक्ष पिछली बार की तरह इतना कमज़ोर नहीं है कि सरकार उसे हल्के में ले सके. यह भी नहीं भुलाया जाना चाहिए कि बनारस के मतदाता ने इस बार प्रधानमंत्री को उतना समर्थन नहीं दिया है, जितना पिछली दो बार उन्हें मिला था. ऐसे में, भले ही प्रधानमंत्री अपनी दबंग नेता वाली छवि को बनाये रखने की कोशिश कर रहे हैं, पर वस्तुस्थिति यह है कि अब वह पहले जितने कद्दावर नेता नहीं रहे. स्पष्ट है, पिछली दो बार की तरह वे अब मनमानी नहीं कर पाएंगे. स्थिति यह है कि एक ओर तो विपक्ष जो अब पहले से कहीं अधिक बलशाली है और अधिक आक्रामक हो सकता है. दूसरी ओर भाजपा के भीतर भी ऐसी स्थितियां पनप सकती हैं, जो प्रधानमंत्री को कमज़ोर बना दें. इस संदर्भ में भाजपा की पितृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व के बदले तेवरों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता. भाजपा के नेतृत्व को यह भी समझना होगा कि चुनाव में इस बार पहले जैसी सफलता का न मिलना यह भी बताता है कि उसका जन-समर्थन कम हुआ है. बात सत्ता विरोधी रुख तक सीमित नहीं है. यह एक चेतावनी है भाजपा के लिए, विशेषकर प्रधानमंत्री के लिए कि उनकी शासन-व्यवस्था में खामियां थीं. महंगाई और बेरोज़गारी जैसे बुनियादी सवालों को पिछली सरकार ने उतनी गंभीरता से नहीं लिया, जितनी गंभीरता से लेना चाहिए था. यह बात भाजपा के नेतृत्व को समझनी होगी कि मतदाता को जेब में रखने वाली सोच कभी सही नहीं हो सकती.

> इस बार स्थिति ऐसी नहीं है, भाजपा सबसे बड़ा दल ज़रूर है, पर यह मिली-जुली सरकार बैसाखियों के सहारे राज करेगी. इसलिए प्रधानमंत्री को अपनी छवि बनाए रखने के लिए समझौतावादी दृष्टिकोण के साथ काम करना होगा- यह रुख विपक्ष के प्रति ही नहीं, अपने सहयोगी दलों के प्रति भी अपनाना होगा.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# मनोरंजन के बाजार में वायरल संस्कृति

**सामयिकी**

**योगेश के. समदर्शी**

सनसनी से खलबली, खलबली से टीआरपी, टीआरपी से एमआरपी और एमआरपी से कमाई- आज के दौर में इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री इसी सूत्र पर कार्य करती दिखाई दे रही है. यूट्यूब और सोशल मीडिया पारंपरिक मीडिया पर हावी हो चुका है. अब ये सोशल मीडिया सलेब्रिटी दे रहा है. बहुत दिन नहीं हुए हैं जब हमारे बीच सलेब्रिटी या तो टीवी के सीरियल से आते थे या उससे भी पहले केवल फिल्मों के अभिनेता ही सलेब्रिटी कहलाते थे. इसके अतिरिक्त कुछ पॉलिटिशियन, बिजनेसमेन, खिलाड़ी, गायक, कलाकार, या कुछ अन्य विशिष्ट योग्यता रखने वाले ही प्रसिद्ध व्यक्तित्व के रूप में उभरते थे. दौर बदला तो कुछ क्राइम की दुनिया के लोग भी प्रसिद्धि पाने लगे. इंटरनेट के मोबाइल पर उतर आए जलवे ने सोशल मीडिया टर्म का विकास किया. आज के दौर में हर व्यक्ति के हाथ में उसका मीडिया तंत्र है. इस तंत्र में व्यक्ति चाहे तो दर्शक बन सकता है और चाहे तो मीडियाकर्मी भी. यह दौर वायरल का दौर है. कौन, कब और कैसे वायरल होगा- इसका कोई सैद्धांतिक पक्ष अभी निर्धारित नहीं हो पाया है. पहले लोग जिस फील्ड में प्रसिद्ध होते थे तो उसके लिए बहुत मेहनत करते थे. किंतु आज यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स ने यह मिथक तोड़ दिया है. अब तो कोई कुछ भी कह कर या बेच कर फेमस यानी सलेब्रिटी बन सकता है. हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बिग बॉस के ओटीटी सीरीज नं.-3 की शुरुआत हुई. यह तो विदित है कि यह शो सलेब्रिटीज के लिए ही है. इसमें प्रसिद्ध शख्सियतों को एक मकान में बंद रखा जाता है. उनकी हर गतिविधि पर सैकड़ों कैमरे नज़र रखते हैं. उनके वास्तविक व्यवहार को ही इस शो का कंटेंट बनाया जाता है. और 24 घंटे इनकी हरकतों व व्यवहार को जनता के सामने परोसा जाता है. इस सबसे ही टीआरपी डेवलप की जाती है. बड़े-बड़े कॉर्पोरेट संस्थानों से विज्ञापन ले कर यह शो करोड़ों के वारे-न्यारे करता है. शो में आने वाले सलेब्रिटीज प्रति सप्ताह के अच्छे-खासे बजट पर इसमें शामिल होते हैं. इस बार के शो में भी कुछ विख्यात और तो कुछ कुख्यात शख्सियतों का इसमें जमघट है. इस शो में आने वाले सलेब्रिटी हमेशा ही विवादों में रहने वाली शख्सियतें होती हैं. इस बार जो सीजन-3 प्रारंभ हुआ है उसके सभी प्रतिभागी किसी न किसी कारण से वायरल हुए लोग ही हैं. अपवाद को छोड़ दें तो इनमें से ज्यादातर की व्यक्तिगत उपलब्धि इतनी ही है कि ये बहुत कम समय में प्रसिद्ध हो गये या विवादित हो गये. या किसी न किसी कंट्रोवर्सी का हिस्सा बन गये. इसके अतिरिक्त इनमें से अधिकतर की कोई नैतिक भूमिका समाज की कोई दिशा-दशा तय करने में नहीं ही रही. वैसे तो बिग बॉस का ओटीटी शो हो या प्राइम टाइम में चलने वाला शो जिसके होस्ट सलमान खान रहते हैं- दोनों में ही अकसर कंट्रोवर्सियल व्यक्तियों को शामिल किया जाता है. वजह यह कि उनके झगड़े, तेवर, बेहूदगी, वाहियात व अश्लील हरकतें, फूहड़ बयानबाजी, गाली-गलौज, तू-तड़ाक, अहंकार के टकराव, बड़बोलापन और जितनी भी बदतमीजियां हो सकती हैं, वही इस शो का मूल कंटेंट होता है, जिसे टीवी या अब ओटीटी के माध्यम से समाज को दिखाया जाता है. यह शो समाज के हित में तो किसी भी तरह नहीं कहा जा सकता. यूं भी इंटरटेनमेंट मीडिया ने अपना नैतिक जिम्मेदारी का पथ तो कब का छोड़ दिया है. इंटरटेनमेंट के चक्कर में फिल्मी डायलॉग वाला सिद्धांत ही सब मानने लगे हैं कि इंटरटेनमेंट का मतलब है- इंटरटेनमेंट, इंटरटेनमेंट और इंटरटेनमेंट.... चाहे वह इंटरटेनमेंट फूहड़ बयानों से आये या अश्लील हरकतों से. समाज इन दृश्यों को देख कर कहां जाएगा? कहां जाना चाहिए और कैसा समाज इस तरह के शो से बनेगा इसकी चिंता करने का जिम्मा इंटरटेनमेंट मीडिया ने अलग रख दिया है. नये सीजन में जो लोग आ रहे हैं उनमें ज्यादातर यूट्यूब या सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसिद्ध हुए हैं.समाज को ये किरदार क्या देंगे ऐसे प्रश्न यूं भी आज के दौर में बेबुनियाद लगते हैं. हमारा इंटरटेनमेंट मीडिया तंत्र आदर्श और नैतिक किरदारों को पैदा करने की नीयत से अमूमन कभी कोई शो बनाता ही नहीं है. यहां तो हर किसी को सनसनी फैलानी है. नैतिकता की छाती पर सनसनी और फूहड़ता के कई झंडे गड़ चुके हैं. 'महंगाई के जमाने में शुद्धता की उम्मीद न रखो'- ये उक्ति मीडिया और इंटरटेनमेंट की मार्केट के बारे में भी प्रकारांतर से इस तरह कही जा सकती है कि इंटरटेनमेंट के दौर में नैतिकता और मानवीय मूल्यों की उम्मीद लगभग बेमानी है.

> हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बिग बॉस के ओटीटी सीरीज नं.-3 की शुरुआत हुई. यह तो विदित है कि यह शो सलेब्रिटीज के लिए ही है. इसमें प्रसिद्ध शख्सियतों को एक मकान में बंद रखा जाता है. उनकी हर गतिविधि पर सैकड़ों कैमरे नज़र रखते हैं. उनके वास्तविक व्यवहार को ही इस शो का कंटेंट बनाया जाता है. और 24 घंटे इनकी हरकतों व व्यवहार को जनता के सामने परोसा जाता है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**मीडिया में अन्यत्र**

# न्याय प्रक्रिया को सुलभ बनाने का सवाल

**निश्चित रूप** से किसी भी कानून का मकसद नागरिकों के जीवन,स्वतंत्रता, संपत्ति व अधिकारों की रक्षा करना ही होता है. जिससे किसी सभ्य समाज में न्याय की अवधारणा पुष्ट हो सके. कानून समाज के व्यापक अनुभवों व जरूरतों के अनुरूप स्वरूप ग्रहण करते हैं. ऐसे में एक जुलाई से पूरे देश में लागू हुई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य संहिता को लेकर उम्मीद करनी चाहिए कि यह बदलाव न्याय की कसौटी पर खरा उतरे. उल्लेखनीय है कि बदलाव से जुड़े विधेयक बीते साल संसद में पारित किये गए थे. सार्वजनिक विर्मश में अकसर यह बात सामने आती रही है कि औपनिवेशक सत्ता को मजबूत करने के लिये जो कानून अंग्रेजों ने बनाये थे, क्या उन्हें स्वतंत्र भारत में सात दशक बाद भी लागू रहना चाहिए? इस बाबत समय-समय पर शीर्ष अदालत की टिप्पणियां व मार्गदर्शन भी सामने आए हैं. कहा जाता रहा है कि सांस्कृतिक, धार्मिक व भौगोलिक विविधता वाले देश के लिये बनाये गये कानूनों को व्यापक सार्वजनिक विमर्श के बाद ही लागू किया जाना चाहिए था. ऐसे सवाल इन कानूनों को बनाते समय संसद में बहस की अवधि और विपक्ष के एक बड़े हिस्से के सदन से बाहर रहने को लेकर उठाये जाते रहे हैं. कानूनी विशेषज्ञ कहते रहे हैं कि देश की न्याय व्यवस्था को बदलने वाले कानूनों पर पर्याप्त बहस जरूरी होती है. यही वजह है कि कुछ गैर-बीजेपी शासित राज्यों की तरफ से विरोध के स्वर भी सुनायी दिए. इस बाबत कहा जा रहा है कि केंद्र के अधिकारियों का कहना है कि राज्य सरकारें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में अपनी ओर से संशोधन के लिये स्वतंत्र हैं. मगर एक हकीकत है कि सोमवार से देश में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम- भारतीय दंड सहिता 1860, दंड प्रक्रिया संहिता 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का स्थान ले चुके हैं.वहीं केंद्र सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि जहां ब्रिटिश काल में बने कानूनों का मकसद दंड देना था, वहीं नये कानूनों का मकसद नागरिकों को न्याय देना है. मौजूदा चुनौतियों व जरूरतों के हिसाब से कानूनों को बनाया गया है. उल्लेखनीय है कि भारतीय न्याय संहिता में विवाह का प्रलोभन देकर छल के मामले में दस साल की सजा, किसी भी आधार पर मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास की सजा, लूटपाट व गिरोहबंदी के मामले में तीन साल की सजा का प्रावधान है. आतंकवाद पर नियंत्रण के लिये भी कानून है. किसी अपराध के मामले में तीन दिन में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी तथा सुनवाई के बाद 45 दिन में फैसला देने की समय सीमा निर्धारित की गई है. वहीं प्राथमिकी अपराध व अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम के जरिये दर्ज की जाएगी.



**(द ट्रिब्यून)**

**शब्द चर्चा** डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## कार्यवाही/कार्रवाई

**पुलिस** की सही कार्रवाई न्यायालय की कार्यवाही को आसान कर देती है. सुनने में लगभग एक-से लगने वाले शब्द कार्रवाई और कार्यवाही के प्रयोग में अक्सर भूल हो जाया करती है. कई लोग कार्रवाई की जगह कार्यवाही और कार्यवाही की जगह कार्रवाई लिख कर अपना काम चला लेते हैं. संभवतः सुनने में एक जैसे लगने के कारण कार्रवाई और कार्यवाही दोनों का अर्थ समान समझ लिया जाता है, लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है. ये दोनों ही शब्द कुछ विशेष प्रयोजनों के लिए रूढ़ हो चुके हैं. कार्रवाई का अर्थ अंग्रेजी में एक्शन होता है, वहीं कार्यवाही का अर्थ अंग्रेजी में प्रोसीडिंग. आपका कोई काम सरकारी कार्यालय में या कहीं और अटका पड़ा है तो आप संबंधित व्यक्ति से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं, लेकिन आप सभा या गोष्ठी में हों तो वहां कार्यवाही होती है, कार्रवाई नहीं. कार्रवाई फारसी भाषा की संज्ञा है तो वहीं कार्यवाही संस्कृत की संज्ञा है. दोनों में अंतर को इस प्रकार समझा जा सकता है-संसद या विधानसभा के सदनों में जो कामकाज हुआ, उसे कार्यवाही कहते हैं और सरकार ने जो कदम उठाये या किसी मामले में एक्शन लिया, उसे कार्रवाई कहा जाता है. उदाहरण के लिए संसद की कार्यवाही दो घंटे के लिए ठप हो जाती है, लेकिन ठप करनेवालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाती. अदालती कार्यवाही में बाधा डालने की कोशिश कर रहे एक युवक के खिलाफ अदालत ने तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया. इन उदाहरणों से इन दोनों शब्दों के अंतर को अच्छी तरह समझा जा सकता है. कार्रवाई और कार्यवाही दोनों शब्द सरकारी कागजों में अधिक देखने को मिलते हैं. समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों या न्यूज पोर्टलों पर अधिक दिखायी, सुनायी पड़ते हैं. अधिकतर लिखने, पढ़ने और बोलने वाले दोनों शब्दों को एक ही मानते हैं, लेकिन दोनों में जमीन और आसमान का अंतर है. कार्रवाई को कार्यवाही या कार्यवाही को कार्रवाई लिखना भारी भूल है.

# फोटो खिंचवाने के लिए हरदम तैयार रहिए!

**तीर-तुक्का**

**रवि प्रकाश**

आजकल मोबाइल का जमाना है. हर व्यक्ति को हर समय फोटो खिंचवाने के लिए तैयार रहना चाहिए. क्या पता कब कौन आ जाए और एक सेल्फी ले ले. पता चला कि जिसने सेल्फी ली, वह तो सजा-संवरा है, मगर जिसके साथ सेल्फी ली गई है, वह बेचारा बालों को संभालता रह जाता है. फोटो व्यक्ति को इतिहास में अमर करते हैं. जब भी कहीं फोटो खिंच रहा हो तो आदमी को उस फोटो में किसी न किसी प्रकार से अपने को समाविष्ट करने का प्रयास अवश्य करना चाहिए. कोई किसी को फोटो में शामिल नहीं करना चाहता. बारात में दूल्हे की फोटो तो अवश्य ही ली जाती है, लेकिन उसके आसपास कौन-कौन खड़ा हो, यह तो हमेशा निकट घूमने वाले व्यक्तियों की चतुराई पर ही निर्भर करता है. जितने भी उद्घाटन या उत्सव होते हैं, उन सबमें मुख्य अतिथि के इर्द-गिर्द अंगद की तरह पांव जमा कर खड़े रहने वाले महानुभावों के ही फोटो इतिहास में दर्ज होते हैं. कई बार फोटो में स्वयं को शामिल कर लेना टेढ़ी खीर होती है. कई लोग फोटो के खींचते समय बिल्कुल किनारे पर होते हैं. फोटोग्राफर उन्हें महत्वहीन जानते हुए अनेक बार फोटो में उन्हें शामिल नहीं करता है. इस तरह जरा-सी चूक से व्यक्ति इतिहास में दर्ज होते-होते रह जाता है. फिर बाद में वह प्रकाशित फोटो को दिखाकर चार लोगों को बताता है कि देखो इस फोटो में जो अंतिम छोर पर व्यक्ति खड़ा है, उसके ठीक बराबर हम खड़े थे. नीला रंग की कमीज पहने थे, जो शायद आपको दिखाई दे रही होगी . मगर यह सब पुरानी बातें होकर रह जाती हैं. अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत अर्थात जब फोटो खींचते समय आपने जागरूकता का प्रदर्शन नहीं किया और फोटो में आप नहीं आए तो अब रोने-धोने से कोई फायदा नहीं. एक बार हम एक कार्यक्रम में गए थे. हम तीन परिचित व्यक्तियों का फोटो खींचने के लिए फोटोग्राफर आया. जैसे ही फोटोग्राफर ने हमारा फोटो खींचना चाहा, एक चौथा व्यक्ति परिदृश्य में टपक पड़ा. वह बोला "तीन लोग अच्छे नहीं होते हैं. चार का फोटो अच्छा माना जाता है." फोटोग्राफर ने हम चारों लोगों का फोटो खींच लिया. फोटो खींचने के बाद वह चौथा व्यक्ति अंतर्धान हो गया. हम तीनों व्यक्तियों ने उस चौथे व्यक्ति के बारे में आपस में जानकारी प्राप्त करनी चाही तो पता चला कि उस चौथे व्यक्ति को कोई नहीं जानता था. मगर उस चौथे व्यक्ति की चतुराई देखिए कि उसने किस खूबी के साथ फोटो के इतिहास में अपने आप को दर्ज कर लिया.



## टिप-टिप बारिश में...

# घर की सजावट



**गर्मी से राहत के लिए बारिश का इंतजार हम शिद्दत से करते हैं. बारिश की बूंदे तन-मन को तर करती हैं. पर यही बरसात जब कुछ दिन लगातार होती है तो कई बार घर का माहौल डल सा लगता है. ऐसे में मानसून के दौरान घर की सजावट में थोड़ी सी फेर बदल घर और यहां रहने वाले, दोनों को फ्रेश रखती है.**



### डोर मैट बदलें

मानसून में घर के सारे पुराने डोर मैट को रिप्लेस करें. इस बात का ध्यान रखें कि मेन गेट पर ऐसा डोर मैट हो, जो जूट या रबड़ का हो. इससे बाहर से आने पर कीचड़ वाले जूते या चप्पल की गंदगी बाहर तक ही रहेगी और घर हमेशा फ्रेश दिखेगा.



### ताजे फूल और इंडोर प्लांट

मानसून में घर में इंडोर प्लांट लगाएं. साथ ही ताजे फूलों को सजावट में इस्तेमाल करें. इससे घर को एक फ्रेश लुक तो देगा ही, रूम की हवा भी ताजा रहेगी.

### परफ्यूम्ड कैंडल



बारिश के मौसम में कई बार घर में गुमसाइन सी जो गंध होती है, उससे उबरने के लिए घर में प्रतिदिन शाम को कुछ खुशबू वाले कैंडल जलाएं. इससे घर में ताजगी का अहसास होगा.

### ब्राइट कलर का करें इस्तेमाल



बारिश के मौसम में घर में धूप-रोशनी की किल्लत सी हो जाती है. इससे घर के भीतर माहौल कुछ उदास-डल सा हो जाता है. ऐसे में पर्दे, कुशन, बेडशीट आदि के ब्राइट, रंगीन, खुशनुमा रंग का माहौल को बेहतर बनाएंगे.

### कीड़ों को इस तरह रखें दूर

बरसात के मौसम में कॉक्रोज, मक्खियां, दीमक, चींटी, फंगस आदि की समस्या बढ़ जाती है. इन दिनों कुछ लोग बरसात से पहले इसके लिए प्रोफेशनल मदद भी लेते हैं. अगर यह संभव नहीं हो तो भी इसके लिए आप नीम के पत्ते, कपूर, लौंग आदि की मदद ले सकते हैं.




### हल्के पर्दे




बरसात के मौसम में चूंकि धूप-रोशनी की जरा किल्लत सी हो जाती है, इसलिए इन दिनों पतले पर्दे का उपयोग बेहतर रहता है. कॉटन, वेलवेट के भारी भरकम पर्दे घर को अंधेरा ही नहीं बल्कि बासी गंधों वाला भी बनाते हैं.

### रेनकोट और अंब्रैला स्टैंड

बरसात में घर के बाहर शू रैक की तरह एक स्टैंड भी रखें जहां आप बाहर से आकर अपना रेनकोट और छाते हैंग कर सकें. यह छोटी सी कवायद आते-जाते बड़ी सहूलियत देगी.



---



मनवीर कौर आनंद
चाइल्ड काउंसलर, मोटिवेशनल स्पीकर, सक्सेस कोच

**बच्चे का भविष्य संवारने की मशक्कत में अक्सर हम उन छोटे-छोटे पलों को मिस कर देते हैं जो हमारे आज को खास बनाते हैं, बच्चों की यादों को संजोते हैं. भूल जाते हैं कि अगर हम कल बच्चे की यादों में रहना चाहते हैं, तो हमें आज उनके जीवन में होना चाहिए.**

# बच्चों के संग-साथ का यह सुनहरा आज

## भविष्य संवारने की होड़ में गुम न हो जाए

माता-पिता के रूप में हम हमेशा बच्चे के भविष्य के बारे में सोचते हैं. उनका भविष्य बनाना-संवारना हमारे जीवन का स्वप्न और लक्ष्य होता है. लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि बच्चे के लिए जो मायने रखता है वह उसका वर्तमान है. हर दिन, हर पल जो हम उनके साथ बिताते हैं, उनके लिए एक यादगार पल बन जाता है जिसे वे ताउम्र मन के किसी सुरक्षित कोने में संजोए रहते हैं, बाद के जीवन में भी उन्हें याद कर जीते हैं. बच्चे खुद को खास, वांछित और लाड़-प्यार महसूस करना पसंद करते हैं. जितना अधिक समय हम उनके साथ बिताते हैं, उन्हें उतना ही मूल्यवान महसूस होता है. आइए, कुछ ऐसे उपायों की करें चर्चा जिससे बच्चों के हिस्से और हक की ये खुशियां हम उन्हें दे सकें-



### ▪ जश्न के छोटे-छोटे अंदाज

जश्न मनाने के लिए एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिताना काफी होता है. एक दूसरे के साथ पैरेंट्स और बच्चे पसंदीदा खेल खेलें, समय गुजारें तो जश्न से कम अनुभव नहीं होता. बच्चे की छोटी-छोटी उपलब्धि पर उनका पसंदीदा खाना बना कर उनके साथ खाना, कुछ नहीं तो उनके पसंद की खीर या केक ही घर में खुद बनाएं और साथ खाएं. सेलिब्रेशन के लिए कभी मौका मिले तो अपने आसपास किसी प्राकृतिक स्थल जैसे बाग-बगीचे, डैम आदि साथ जाएं और खुशनुमा समय गुजारें. बच्चों की छोटी-छोटी खुशियों, उनकी छोटी-छोटी उपलब्धियों को सेलिब्रेट करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है. इससे वे खुद को खास महसूस करते हैं. और क्यों न महसूस कराएं उन्हें खास. उनका हमारी जिंदगी में आना हमारे लिए खास अहमियत रखता है. फिर वे हमारे लिए कितने महत्वपूर्ण हैं, हम उनकी कितनी परवाह करते हैं, औरों से कितने अलग हैं, यह पता कैसे चलेगा जब हम इसे दर्शाएंगे नहीं. और इसे दर्शाने, या जश्न मनाने के लिए किसी भौतिक चीजों को शामिल करने की जगह अपना समय, प्यार और ध्यान उन्हें दें.

### ▪ बेहद कीमती ये पल

वर्किंग कपल की बात करें तो हम माता-पिता अपने करियर में इतने व्यस्त रहते हैं कि अपने बच्चे को सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं. जीवन की इस थकाऊ मशक्कत में हम आमतौर पर उन छोटे-छोटे पलों को मिस कर देते हैं जो वास्तव में जश्न मनाने का कारण हो सकते हैं. हम यह भूल जाते हैं कि अगर हम कल बच्चे की यादों में रहना चाहते हैं, तो हमें आज उनके जीवन में होना चाहिए ! सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उनके जीवन में कैसे बने रहें, मेरा विश्वास करें यह एक चुनौती की तरह लगता है लेकिन समाधान बहुत सरल है. दिन में सिर्फ एक बार साथ में खाना, बच्चे को प्यार, देखभाल और सबसे महत्वपूर्ण रूप से सुरक्षित महसूस कराने का एक शानदार तरीका हो सकता है. कुछ अध्ययनों में भी बताया गया है कि अक्सर पारिवारिक डिनर से बच्चे को भावनात्मक और व्यवहार संबंधी समस्याएं कम होती हैं. भोजन पर गुणवत्तापूर्ण समय बिताना भी समग्र रूप से प्यार किए जाने की भावना को प्रभावित करता है. सबसे अच्छी बात? साथ में खाना खाते समय बच्चा नए-नए खाद्य पदार्थों को आज़माना सीखता है और स्वादों के साथ प्रयोग करने के लिए तैयार होता है. माता-पिता के रूप में हम अपने बच्चों के साथ बॉन्डिंग टाइम बना सकते हैं.

### ▪ कोई साझा खास साप्ताहिक गतिविधि

माता-पिता और बच्चे के बीच बेहतर विश्वास और अनुकूलता बनाने में मदद करने के लिए कोई भी व्यक्ति साथ में कुछ गतिविधि करने की नियमित आदत डाल सकता है जो अंततः एक सेलिब्रेशन की तरह बन जाएगा. उदाहरण के लिए, हर शनिवार या रविवार की सुबह बच्चों के साथ कार में पसंदीदा गाना सुनते हुए लॉन्ग ड्राइव पर जाना या साथ में टेनिस या बैडमिंटन खेलना, या साथ में किसी मंदिर में जाना. इसे नियमित रूप से करें और मेरा विश्वास करें कि माता-पिता और बच्चे दोनों हर हफ़्ते इस समय का इंतज़ार करेंगे. इस समय को बॉन्डिंग टाइम भी कहा जा सकता है. निश्चित रूप से दोनों एक-दूसरे के साथ साझा करने और देखभाल करने में सहज होंगे और धीरे-धीरे जीवन में बाद में यादों का निर्माण करेंगे.

### ▪ सोने से पहले की बातचीत

हर दिन के अंत में, सोने से पहले अपने बच्चे से बात करें, बिना जजमेंटल हुए. इससे बच्चे को ईमानदार होने में मदद मिलेगी और हमेशा सुरक्षित महसूस होगा कि चाहे कुछ भी हो जाए, मेरे माता-पिता बिना किसी सोच के मेरी बात सुनते हैं. तो आइए वर्तमान समय को उत्सव और तालियों के साथ भविष्य के लिए यादगार बनाएं. अपने लिए भी यादें बनाएं क्योंकि बच्चे अंततः जीवन में आगे बढ़ेंगे और हमारे पास केवल यादें ही रह जाएंगी.

---

## वाऊ हबी

# फ्लोरल शर्ट में कूल लुक



अनामिका सिंह
फैशन डिजाइनर

**विक्की कौशल की तरफ नजर डालें या कार्तिक आर्यन की ओर, इन दिनों अक्सर फ्लोरल शर्ट में उनका कूल अंदाज नजर आता है. अगर आपके हबी भी फ्लोरल शर्ट अपने वार्डरोब में शामिल कर रहे हैं, तो कुछ बातें जरूर ध्यान दें-**





फ्लोरल शर्ट के साथ डेनिम कैरी करें. एसेसरीज में गले में चेन व हाथ में ब्रेसलेट परफेक्ट लुक देगा. शूज, स्नीकर्स, फ्लोटर्स या क्रॉक्स कुछ भी पहनेंगे, अच्छा लगेगा.

बरमूडा शॉर्ट्स के साथ फ्लोरल शर्ट को कैरी करें. ट्रिप, ट्रैवलिंग के लिए परफेक्ट कॉम्बीनेशन है.

ऑफिस में यानी फॉर्मल वियर में भी पेस्टल कलर के फ्लोरल शर्ट पहनने के साथ सॉलिड कलर के ट्राउजर कैरी करें. फुटवियर में ड्रेस के अकॉर्डिंग ब्लैक, ब्राउन,बेज, चेरी रेड, आर्मी ग्रीनकोई भी हो सकता है.

दुबले-पतले लोग बड़े फ्लोरल डिजाइन के शर्ट पहन सकते हैं, थोड़ा मोटे या हेवी शरीर वाले लोग स्मॉल फ्लोरल शर्ट पहनें.


# फर्नीचर चकाचक



- थोड़े से गुनगुने पानी में दो बूंद लिक्विड डिश वाशिंग सोप मिला लें. इसमें सूती रूमाल भिगो कर फर्नीचर को साफ करें. फर्नीचर पर जमी धूल गर्द साफ हो जाएगी.
- एक मग में बराबर मात्रा में ऑलिव ऑयल और व्हाइट विनेगर मिलाएं. इस लिक्विड में सूती कपड़े भिगो कर सोफे के हत्थे पर लगे दाग को साफ करें. दाग धब्बे गायब हो जाएंगे.
- फर्नीचर पर चाय का दाग पड़ गया हो तो बेकिंग पाउडर में जरा पानी मिला कर पेस्ट बनाएं और इसे दाग पर लगाएं फिर धो लें. सारे दाग धुल जाएंगे.
- व्हाइट विनेगर मैल, ग्रीस, गंदगी काटने में बहुत असरकारक है.

## सनसेट आई मेकअप ट्रेंड

# तेरी आंखों में ढलता सूरज



इन दिनों सनसेट आई मेकअप लुक ट्रेंड में है. किटी पार्टी से फैशन शोज तक यही छाया है. इसमें महिलायें अपनी आखों पर चमकीले रंगों वाले आई शैडो लगाकर सूर्यास्त जैसा लुक पाने का प्रयास करती हैं।आप इस लुक को अपनी पसंद के रंगों के चुनाव के आधार पर बोल्ड या सिंपल बना सकती हैं.



कमलजीत कौर
ब्यूटी एक्सपर्ट

सनसेट आई मेकअप के लिए पहले पलकों पर एक मुलायम बेस बनाना जरूरी है. प्राइमर लगाएं. इससे आंखों पर एक परत बन जाती है. अब आंखों के ऊपर कंसीलर लगाकर उसे पाउडर से सेट करें. इसके बाद भूरा रंग लेकर आंखों की शेप बनाएं. ऑरेंज और पिंक आईशैडो आंखों के आउटर कॉर्नर से शुरू कर अंदर की तरफ मिलाएं. अंदर की तरफ हल्के रंग लगाएं. पीच, पीला, हल्का नारंगी या हल्का गुलाबी रंग लगा सकती हैं.

सनसेट लुक के लिए गुलाबी और नारंगी रंग का यूज करें. चमकीले नारंगी रंग का आईशैडो पलक के बाहरी तरफ और बीच में गुलाबी रंग यूज करें.

हाइलाइटर का इस्तेमाल करें. हाइलाइटर या फिर ग्लिटर आईशैडो का इस्तेमाल करें. होलोग्राफिक मेकअप का टच भी दिया जा सकता है. अपने सनसेट लुक को पूरा करने के लिए अपनी ऊपरी पलकों की रेखा पर काले या भूरे रंग का विंगड आईलाइनर लगाएं. अंत में, अपनी पलकों को लंबा और घना बनाने के लिए मस्कारा भी इस्तेमाल करें.

---



रानी प्रसाद
पाक कला विशेषज्ञ

**बच्चे पिज्जा-बर्गर पर कुछ अधिक ही दिल लगाते हैं. ये स्वास्थ्य के लिए बहुत बेहतर नहीं होता. इसलिए कुकरी एक्सपर्ट रानी प्रसाद कुछ हेल्दी अंदाज में पिज्जा लेकर आई हैं. साथ में एक मिठाई भी.**

## चटखारा

# हेल्दी स्वाद और देसी मिठास

### मूंगलेट पिज़्ज़ा


**ये चाहिए**
पीले मूंग की दाल एक कप, चावल एक चौथाई कप, नमक स्वाद अनुसार, हल्दी आधा छोटा चम्मच, हरी मिर्च – दो, अदरक का टुकड़ा - एक इंच.



**पिज़्ज़ा के टॉपिंग का सामान**
टुकड़ों में कटा एक प्याज, टुकड़ों में कटी एक शिमला मिर्च, एक गाजर (घिसा हुआ), एक कप मोजेरिला चीज, पिज़्ज़ा सिजलिंग, चिली फ्लेक्स, 50 ग्राम बटर.

**ऐसे बनाएं :** सबसे पहले मूंग की दाल और चावल को कम से कम 4 घंटा फुला कर रख दें. तत्पश्चात इसे हरी मिर्च और अदरक के टुकड़े के साथ पीस लें. इसका घोल ना ज्यादा गाढा और ना ज्यादा पतला होना चाहिए. इस घोल में नमक और हल्दी मिलाकर एक तरफ एक घंटे के लिए छोड़ दें. सर्वप्रथम तवा पर मूंग की दाल के घोल को चीला के समान फैला दें. इसकी थिकनेस न ज्यादा मोटी और ना ज्यादा पतली होनी चाहिए. जब एक साइड सिक जाए तभी इसे दूसरे साइड पलट दें. अब इस पर पिज़्ज़ा सॉस लगाएं और सभी सब्जियों को अर्थात प्याज शिमला मिर्च और गाजर को ऊपर से फैला दें. उसके ऊपर मोजरेला चीज फैला दें. पिज़्ज़ा सिजलिंग और चिली फ्लेक्स इसपरछिड़क दें और तवा पर एक ढक्कन लगाकर ढक कर इसे 2 से 3 मिनट और पका लें. जब चीज मेल्ट हो जाए तब इसे गैस से उतरकर पिज़्ज़ा कटर से कटकर सर्व करें. ध्यान देने वाली बात यह है कि गैस का फ्लेम बिल्कुल धीमी होनी चाहिए.

### परवल की मिठाई



**ये चाहिए**
1/2 किलो पटना परवल , चीनी ½ किलो चाशनी के लिए, खाने वाला हरा रंग.

**भरावन के लिए की सामग्री**
मावा ढाई सौ ग्राम, चार बड़े चम्मच पिसी हुई चीनी, आधा छोटा चम्मच पिसी हुई इलायची.

**ऐसे बनाएं :** परवल को अच्छी तरह धोकर आलू छिलने वाले पीलर से छीलें. उसका छिलका पूरी तरह निकल जाना चाहिए. उसके बाद बीच से एक चीरा लगाकर परवल के अंदर के गूदे को निकाल दें. अब परवल को खौलते पानी में दो से 3 मिनट के लिए डाल दें. उसके बाद इसे पानी से निकालें. ठंडा होने पर इसका पानी हाथ से दबा दबा कर निचोड़ लें और आधा किलो चीनी की चाशनी बनाए. चाशनी के लिए पानी सवा कप डालें और चीनी को घुलने तक पकाएं. चीनी में एक तार की चाशनी नहीं आनी चाहिए. थोड़ी चिपचिपाहट हो. इस समय इसमें खाने वाला हरा रंग और उबले हुए परवल डाल दें. जब यह 3 से 4 मिनट पक जाए तो चूल्हे से उतार कर ठंडा होने दें और इसे चासनी में 3 से 4 घंटा छोड़ दें. इस बीच भरावन की तैयारी करें. भरावन के लिए मावा कड़ाही में डालकर सूखा भून लें. जब यह अच्छी तरह भून जाए, तो इसमें पिसी हुई चीनी और इलायची पाउडर मिला दें. तत्पश्चात इसमें ड्राई फ्रूट्स अपनी इच्छा अनुसार काजू, बादाम, किशमिश कुछ टुकड़े करके डाल दें. जब यह ठंडा हो जाए तब इस भरावन को परवल में भर दें. इच्छा अनुसार इस पर चांदी का वर्क लगा दें. परवल की मिठाई तैयार है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# द्रविड़ ने खुलासा किया, विश्व कप हार के बाद रोहित ने कैसे उन्हें पद छोड़ने से रोका

एजेंसी। ब्रिजटाउन (बारबडोस)



भारतीय क्रिकेट टीम के निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने यहां टी20 विश्व चैंपियन बनने के बाद टीम को दिए अपने विदाई भाषण में खुलासा किया कि अगर उन्हें एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में हार के बाद पद पर बने रहने का अनुरोध करते हुए कप्तान रोहित शर्मा का फोन नहीं आया होता, तो वह इतिहास का हिस्सा नहीं होते. द्रविड़ का कार्यकाल एकदिवसीय विश्व कप के साथ समाप्त हो गया था. भारत लगातार 10 मैच जीतने के बाद फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था. कोचिंग स्टाफ को हालांकि शनिवार को समाप्त हुए टी20 विश्व कप के अंत तक विस्तार मिला था. भारत ने द्रविड़ के मार्गदर्शन में अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीता, लेकिन उन्होंने इस भूमिका में बने रहने के लिए फिर से आवेदन नहीं किया. उन्होंने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में टीम की सात रन की जीत के बाद केनसिंगटन ओवल ड्रेसिंग रूम में अपने भाषण के दौरान कोच के रूप में बने रहने का आग्रह करने में रोहित की भूमिका का उल्लेख किया.

## इस जीत के लिए आप सबने बहुत कुछ बलिदान किया


बीसीसीआई सचिव जय शाह की मौजूदगी में द्रविड़ ने खिलाड़ियों के करीबी लोगों के बलिदानों के बारे में भी बात की. द्रविड़ ने कहा, ''आप सभी ने बहुत सारे बलिदान किए हैं, अपने परिवारों को आज यहां इसका आनंद लेते हुए देखने के लिए, आपके परिवार के कई सदस्य घर पर हैं, बस उन सभी बलिदानों के बारे में सोचें, जो आप अपने बचपन से लेकर अब तक ड्रेसिंग रूम का हिस्सा बनने के लिए करते आए हैं. उन्होंने कहा, आपके माता-पिता, आपकी पत्नी, आपके बच्चों, आपके भाई, आपके कोच, बहुत से लोगों ने बहुत सारे बलिदान किए हैं और इस पल में इस स्मृति का आनंद लेने के लिए आपके साथ बहुत मेहनत की है. आप लोगों के साथ इस स्मृति का हिस्सा बनने पर बहुत गर्व है. आमतौर पर मुखर रहने वाले द्रविड़ ने माना कि उनके पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं लेकिन उन्होंने निवर्तमान कोचिंग स्टाफ के प्रति सम्मान के लिए टीम की प्रशंसा की. उन्होंने कहा, मेरे पास आमतौर पर शब्दों की कमी नहीं होती, लेकिन आज जैसे दिन पर, जब मैं इसका हिस्सा बना, मैं आप सभी का, मेरे कोचिंग स्टाफ और मेरे सहयोगी स्टाफ के प्रति दिखाए गए सम्मान, दयालुपन और आपके प्रयासों के लिए जितना आभारी हूं, उतना कम है. द्रविड़ ने बीसीसीआई अधिकारियों और अन्य लोगों की पर्दे के पीछे उनके काम के लिए भी प्रशंसा की. उन्होंने कहा, एक बेहतरीन टीम के पीछे एक सफल संगठन भी होता है और हमें बीसीसीआई और पर्दे के पीछे के लोगों के काम की सराहना करनी चाहिए.

## खिलाड़ी इस जीत का जम कर जश्न मनाएं

द्रविड़ ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा, रो (रोहित), नवंबर में मुझे फोन करने और टीम के साथ जुड़े रहने के लिए कहने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आप सभी के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य और खुशी की बात है, लेकिन रो, समय देने के लिए भी धन्यवाद...हमने बातचीत करने, चर्चा करने, सहमत होने और असहमत होने में बहुत समय बिताया, लेकिन आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. द्रविड़ ने टूर्नामेंट के दौरान सामूहिक रूप से ठोस प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों की प्रशंसा की और उनसे इस उपलब्धि का जितना चाहे उतना जश्न मनाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा, आप सभी को ये पल याद होंगे। हम हमेशा कहते हैं, यह रनों के बारे में नहीं है, यह विकेटों के बारे में नहीं है, आप अपने करियर को कभी याद नहीं रखते हैं, लेकिन आप इस तरह के पलों को याद रखते हैं, इसलिए आओ और इसका लुत्फ उठाओ. द्रविड़ ने कहा, मैं आप लोगों पर बहुत गर्व करता हूं, जिस तरह से आपने वापसी की, जिस तरह से आपने संघर्ष किया, जिस तरह से हमने एक टीम के रूप में काम किया. लचीलापन दिखाया. पिछले कुछ वर्षों में कुछ निराशा हुई, जहां हम करीब आए लेकिन हम कभी रेखा को पार नहीं कर पाए.

## ब्रीफ खबरें

### प्रज्ञानानंदा व गुकेश शीर्ष स्थान के लिए लगायेंगे जोर



**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में एक दिन के विश्राम के बाद जब छठे दौर के अपने-अपने मुकाबले में उतरेंगे तो तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के लिए उन्हें आखिरी के चार दौर में अपने खेल के स्तर को और ऊंचा उठाना होगा. नौ दौर के टूर्नामेंट में पांच दौर के बाद दोनों भारतीय तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं. अमेरिका के फैबियानो कारूआना उनसे आधा अंक आगे तालिका में शीर्ष पर है. फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव, रूस के इयान ने पोम्नियाचची और अमेरिक के वेस्ले सो 2.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं.

### महाराष्ट्र विस का विश्व कप जीत पर बधाई प्रस्ताव

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा ने भारतीय क्रिकेट टीम को टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 जीतने पर मंगलवार को बधाई देते हुए एक प्रस्ताव पारित किया. विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया. नार्वेकर ने कहा कि क्रिकेट टीम ने देश का नाम रोशन किया है और हम उसे भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं. भारत ने आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म करते हुए शनिवार को वेस्टइंडीज में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर दूसरी बार टी20 विश्व कप जीता.

### जमशेदपुर, शिलॉग डूरंड कप के नये मेजबान होंगे

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल के घरेलू सत्र का पहला टूर्नामेंट डूरंड कप 27 जुलाई से 31 अगस्त तक चार स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें इंडियन सुपर लीग, आई-लीग और अन्य आमंत्रण टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी. एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट के 133वें सत्र में राउंड-रॉबिन लीग और नॉकआउट प्रारूप में 43 मैच खेले जाएंगे, जिसमें शुरुआती और फाइनल मुकाबला कोलकाता के प्रतिष्ठित विवेकानन्द युवा भारती क्रीडांगन (साल्टलेक स्टेडियम) में खेला जायेगा. टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेगी जिन्हें छह ग्रुप में बांटा गया है. हर ग्रुप की शीर्ष टीम के साथ अगली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी.

## विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में भारत के शीर्ष खिलाड़ी का निराशाजनक प्रदर्शन

# नागल पहले दौर से बाहर

भाषा। लंदन




भारत के शीर्ष एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने 44 सहज गलतियां की और विंबलडन के पहले दौर में सर्बिया के मियोमिर केकमानोविच के खिलाफ चार सेट में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए. पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में पहली बार हिस्सा ले रहे नागल को दो घंटे 38 मिनट तक चले मुकाबले में सोमवार रात 2-6, 6-3, 3-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा. दुनिया के 53वें नंबर के खिलाड़ी केकमानोविच के खिलाफ नागल ने एक सेट जीता. भारत के 72वीं रैंकिंग वाले 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 47 विनर भी लगाए लेकिन कुल मिलाकर उन्हें घास के कोर्ट पर संघर्ष करना पड़ा. अंत में नागल केकमानोविच के 122 अंक के मुकाबले केवल 104 अंक ही जुटा पाए. सर्बियाई खिलाड़ी ने छह ऐस लगाए और केवल दो डबल फॉल्ट किए. यह केकमानोविच की नागल के खिलाफ दो मैच में दूसरी जीत है. उन्होंने चार साल पहले जर्मनी के कोलोन में एटीपी 250 प्रतियोगता में भी नागल को हराया था. पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके नागल पांच साल में विंबलडन पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ का मैच खेलने वाले पहले भारतीय हैं.

### अपने अंतिम विंबलडन में सिर्फ युगल मुकाबले खेलेंगे मरे



**लंदन।** दो बार के विंबलडन चैंपियन एंडी मरे ऑल इंग्लैड क्लब पर अंतिम बार उतरते हुए सिर्फ युगल मुकाबलों में खेलेंगे. मरे की एक हफ्ते से कुछ अधिक समय पहले पीठ की सर्जरी हुई है और मंगलवार को उन्होंने एकल मुकाबलों से हटने का फैसला किया. सैंतीस साल के मरे ने सेंटर कोर्ट पर टॉमस मैकेक के खिलाफ मुकाबले से कुछ घंटों पहले एकल वर्ग से हटने का फैसला किया. मरे की प्रबंधन टीम ने एक बयान में कहा, 'दुर्भाग्य से, एक सप्ताह पहले ही अपने ऑपरेशन के बाद से उबरने की प्रक्रिया पर कड़ी मेहनत करने के बावजूद, एंडी ने इस साल एकल नहीं खेलने का बहुत कठिन निर्णय लिया है.' बयान के अनुसार, 'जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, वह बेहद निराश हैं लेकिन उन्होंने पुष्टि की है कि वह जेमी के साथ युगल में खेलेंगे और विंबलडन में आखिरी बार प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं.

## ओसाका ने छह साल में पहली बार जीत दर्ज की



**विंबलडन।** नाओमी ओसाका ने सोमवार को विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में छह साल में पहली जीत दर्ज की, जब वह डियाने पैरी को हरा कर महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं. आसोका पांच साल विंबलडन में खेली भी नहीं. 12 महीने पहले आसोका अपनी बेटी शाई के जन्म के कारण टूर का हिस्सा भी नहीं थी. उनकी बेटी मंगलवार को एक साल की हुई. आसोका ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में पैरी को 6-1, 1-6, 6-4 से हराया. जनवरी में टूर पर वापसी से पूर्व 15 महीने तक बाहर रहीं ओसाका की विश्व रैंकिंग इस समय 113 हैं, जबकि वह दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रह चुकी हैं. पैरी की विश्व रैंकिंग 53 है. दो बार की अमेरिकी और ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता ओसाका 2019 में पहले दौर में हार के बाद पहली बार विंबलडन में हिस्सा ले रहीं थी. इससे पहले कई बार की ग्रैंडस्लैम विजेता एरिना सबालेंका और विक्टोरिया अजारेंका ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया. गत अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ, 2021 की अमेरिकी ओपन विजेता ऐमा राडुकानु और तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्कारेज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे.गत चैंपियन अल्कारेज ने पुरुष एकल में खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क ला याहल के खिलाफ 7-6, 7-5, 6-2 की जीत के साथ की.

# वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में भारतीय टीम जिंबाब्वे रवाना

- छह जुलाई से हरारे में शुरू होगी टी-20 सीरीज
- रियान पराग व अभिषेक शर्मा भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी। मुंबई


टीम की कमान शुभमन गिल संभालेंगे

राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में युवा भारतीय क्रिकेट टीम छह जुलाई से हरारे में शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए जिंबाब्वे रवाना हो गई. टीम की कमान शुभमन गिल संभालेंगे जबकि युवा खिलाड़ी रियान पराग और अभिषेक शर्मा को पिछले आईपीएल में उनके प्रदर्शन के बाद पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है. टी-20 विश्व कप के लिए रिजर्व सलामी बल्लेबाज रहे कप्तान गिल ब्रेक पर थे और वह अमेरिका से सीधे हरारे में टीम से जुड़ेंगे.

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने विमान में सवार लोगों की तस्वीरें 'एक्स' पर पोस्ट कीं जिनमें अभिषेक, पराग, रुतुराज गायकवाड़, आवेश खान, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, तुषार देशपांडे और एनसीए प्रमुख लक्ष्मण शामिल हैं.टीम के पांच सदस्य - शिवम दुबे, संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह और खलील अहमद या तो टी-20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे या रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम के साथ थे. भारत की विश्व चैंपियन टीम तूफान बेरिल के कारण बारबडोस में फंसी हुई है. ये सभी बाद में टीम से जुड़ेंगे.

## पहले दो टी-20 के लिए सुदर्शन जितेश और राणा भारतीय टीम में

**नयी दिल्ली।** साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल के विकल्प के तौर पर मंगलवार को जिंबाब्वे के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के शुरुआती दो मुकाबलों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया.भारत छह जुलाई से जिंबाब्वे में पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला खेलेगा.

टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल दुबे, सैमसन, और जायसवाल को जिंबाब्वे जाने वाली टीम से जुड़ना था लेकिन तूफान बेरिल के कारण वे बारबडोस में फंसे हुए हैं. तीन तीनों के भारतीय दल के साथ बुधवार शाम सात बजकर 45 मिनट (भारतीय समयानुसार) पर भारत पहुंचने की उम्मीद है. खिलाड़ियों को बाद में यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किया जाएगा.इन अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को तीन खिलाड़ियों के विकल्प की घोषणा करने के लिए बाध्य होना पड़ा. टी20 विश्व कप टीम के साथ रिजर्व खिलाड़ी के रूप में गए तेज गेंदबाज खलील अहमद और बल्लेबाज रिंकू सिंह भी अभी बारबडोस में है. बीसीसीआई ने इन दोनों के विकल्प की घोषणा नहीं की है जबकि ये भी जिंबाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम के सदस्य हैं. सुदर्शन अभी लंदन के द ओवल में सरे की ओर से काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं. उनके तुरंत हरारे के लिए रवाना होने की उम्मीद है.

### शुरुआती दो मैच के लिए भारत की टीम

**शुभमन गिल (कप्तान)**, रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा.

## काउंटी क्रिकेट : पृथ्वी ने 31 और 37 रन की पारियां खेली

एजेंसी। लंदन

बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन और अनुभवी पृथ्वी साव मौजूदा इंग्लिश काउंटी सत्र में क्रमशः सरे और नॉर्थम्प्टनशर की ओर से बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे.ये दोनों ही खिलाड़ी अपनी काउंटी टीम की ओर से दूसरे सत्र में खेल रहे हैं.एसेक्स के खिलाफ द ओवल में अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए सरे ने पहली पारी में 262 रन बनाए. घरेलू क्रिकेट में तमिलनाडु के लिए सामान्यतः शीर्ष क्रम में खेलने वाले सुदर्शन ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंद में दो चौकों की मदद से 14 रन बनाए.बाएं हाथ के तेज गेंदबाज पॉल वॉल्टर ने सुदर्शन को द.अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी साइमन हार्मर के हाथों कैच कराया.सुदर्शन ने अभी दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं की है. सरे ने एसेक्स को 180 रन पर आउट करके 82 रन की बढ़त हासिल करने के बाद दूसरी पारी में 44 रन तक तीन विकेट गंवा दिए हैं.

नॉर्थम्प्टनशर और ससेक्स के बीच एक अन्य मुकाबले में आक्रामक बल्लेबाज पृथ्वी ने दो पारियों में 13 चौके लगाए लेकिन बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे.पृथ्वी ने पहली पारी में 22 गेंद में सात चौकों की मदद से 31 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में 41 गेंद में छह चौकों से 37 रन जोड़े.पहली पारी में ससेक्स के तेज गेंदबाज फिन हडसन प्रेंटिस ने उन्हें जैक कार्सन के हाथों कैच कराया. नॉर्थम्प्टनशर की टीम पहली पारी में सिर्फ 97 रन ही बना सकी और पृथ्वी ने टीम की ओर से दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया.

## मेरे पास सोने के लिए बहुत समय, फिलहाल मैं जीत के हर पल को जीना चाहता हूं: रोहित

एजेंसी। ब्रिजटाउन (बारबडोस)



रोहित शर्मा टी20 विश्व कप के विजयी कप्तान के टूर्नामेंट के बाद के फोटो शूट के लिए जब यहां समुद्र तट की ओर बढ़े, तो उन्होंने ट्रॉफी को एक नवजात शिशु की तरह पकड़ रखा था, एक शांत मुस्कान उनके चेहरे से हटने का नाम नहीं ले रही थी और वह विश्व चैंपियन होने के अहसास से सराबोर थे.आखिर भारतीय टीम ने एक दशक से अधिक समय तक विफल रहने के बाद अंततः विश्व कप जीता.

रोहित ने बीसीसीआई.टीवी से बात करते हुए 24 घंटे बाद अपने विचारों को समझने की कोशिश करते हुए हंसते हुए कहा, यह अवास्तविक लगता है. यह एक सपने जैसा लगता है. ऐसा लगता है कि यह हुआ ही नहीं है. हालांकि यह हुआ है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह हुआ ही नहीं है. तटीय शहर ब्रिजटाउन तूफान से जूझ रहा है. यही बात भारतीय कप्तान के बारे में भी कही जा सकती है लेकिन उन्हें भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है जो हर समय उन्हें समुद्र की विशाल लहर की तरह घेर लेती हैं. रोहित ने कहा, पिछली रात हमने अच्छा समय बिताया, हमने तड़के तक टीम के साथियों के साथ खूब मस्ती की. वह मुस्कुराने से खुद को नहीं रोक पाए और फिर थोड़े भावुक हो गए. उन्होंने कहा, मैं कहूंगा कि मैं ठीक से सो नहीं पाया, लेकिन मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता. मेरे पास वापस जाकर सोने के लिए बहुत समय है. मैं इस पल को जीना चाहता हूं, हर मिनट, हर सेकेंड जो बीत रहा है और मैं इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूंगा. उन्होंने बताया कि 11 साल में पहली बार आईसीसी खिताब जीतने वाली भारतीय टीम का नेतृत्व करके कैसा लगा. उन्होंने कहा, मैच खत्म होने से लेकर अब तक यह एक शानदार पल रहा है. यही आपकी भावनाएं और अहसास हैं.

## हताश हूं, इस हार को पचा पाना मुश्किल : डेविड मिलर

एजेंसी। जोहानिसबर्ग



टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत से मिली करीबी हार से निराश डेविड मिलर ने कहा कि इस परिणाम को पचा पाना मुश्किल है.बायें हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज ने हालांकि उम्मीद जताई कि उनकी टीम इस हार के गम को भुला कर मजबूत वापसी करेगी. दक्षिण अफ्रीका ने इस विश्व कप में 'चोकर्स' के ठप्पे को काफी हद तक पीछे छोड़ते हुए बिना कोई मैच गंवाए फाइनल में जगह पक्की की थी. शनिवार को बारबाडोस में खेले गये फाइनल में उसे भारत से सात रन की शिकस्त मिली. मिलर ने सोमवार को 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, ''मैं बहुत निराश हूं, दो दिन पहले जो हुआ उसके पचा पाना काफी कठिन है. मेरे पास अपनी भावनाओं को बयां करने के लिए शब्द नहीं है. मुझे हालांकि इस टीम पर बेहद गर्व है.' फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका ने अपने अभियान में कई करीबी मैचों में जीत दर्ज की लेकिन टीम खिताबी मुकाबले में जीत के करीब होने के बाद आखिरी पांच ओवर में दबाव में आ गयी.मिलर ने कहा कि इस टूर्नामेंट में हमारा सफर शानदार रहा. हमने पूरे महीने कई उतार-चढ़ाव देखे. हमने पीड़ा सही है. मैं हालांकि जानता हूं कि इस टीम में जज्बा है और वह अपना स्तर ऊंचा करती रहेगी.

## फुटबॉल

### यूरो कप में दो दिग्गज टीमों के बीच खेला खेला गया था प्री क्वार्टर फाइनल

# आत्मघाती गोल से बेल्जियम को हराकर फ्रांस क्वाफा में

भाषा। डसेलडोर्फ (जर्मनी)



रेंडल कोलो मुआनी के शॉट पर आत्मघाती गोल से फ्रांस ने बेल्जियम को सोमवार को यहां 1-0 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई.दो दिग्गज पड़ोसी टीमों और दुनिया की दूसरे (फ्रांस) तथा तीसरे (बेल्जियम) नंबर की टीमों के बीच हुआ यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा और मैच में सिर्फ एक गोल हो पाया.दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे मुआनी ने 85वें मिनट मे तेज शॉट मारा जो बेल्जियम के डिफेंडर यान वर्टोनगेन से टकराकर गोलकीपर कोएन केस्टील्स के ऊपर से गोल में चला गया. फ्रांस के खिलाफ मौजूदा टूर्नामेंट में यह दूसरा आत्मघाती गोल है. फ्रांस की टीम अंतिम आठ के मुकाबले में शुक्रवार को पुर्तगाल से भिड़ेगी जिसने पेनल्टी शूट आउट में स्लोवेनिया को हराया.मुआनी ने मैच के बाद कहा, ''मैं भाग्यशाली था कि मेरा शॉट निशाने पर था. इसे रोका गया लेकिन यह (गोल के) अंदर चला गया. मैं बेहद, बेहद खुश और बहुत गौरवांवित हूं.'

## स्लोवेनिया पर जीत के साथ पुर्तगाल क्वार्टरफाइनल में पहुंचा

**फ्रैंकफर्ट (जर्मनी)।** विश्व रैंकिंग में 57वें स्थान पर काबिज स्लोवेनिया ने यूरो 2024 फुटबॉल के प्री-क्वार्टर फाइनल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और कई दिग्गज खिलाड़ियों से सजी पुर्तगाल की टीम को 120 मिनट तक गोल करने से रोके रखा लेकिन टीम पेनल्टी शूटआउट में 0-3 से हार गयी.अंतिम आठ में पुर्तगाल के सामने अब फ्रांस की चुनौती होगी.यह मुकाबला कप्तान रोनाल्डो के लिए काफी उतार चढ़ाव वाला रहा जिसमें वह अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सकें. यूरो 2024 में अपने पहले गोल की तलाश कर रहे रोनाल्डो मैच में पांच-छह ऐसे मौकों पर चूक गये जिसे वह पिछले 20 साल के अपने करियर में गोल में बदलते रहे हैं.नियमित समय में मैच गोल रहित रहने के बाद आधे घंटे के अतिरिक्त समय में भी यह मुकाबला गोल रहित रहा. रोनाल्डो के पास हालांकि मैच के 105 वें मिनट टीम को बढ़त दिलाने का आसान मौका था लेकिन 39 साल का यह खिलाड़ी पेनल्टी किक पर गोल करने से चूक गया.स्लोवेनिया के गोलकीपर जान ओब्लाक ने बाईं ओर डाइव लगाकर शानदार बचाव कर पुर्तगाल को बढ़त लेने से रोक दिया.

# कोपा अमेरिका टूर्नामेंट : उरुग्वे के खिलाफ 1-0 से हार कर बाहर हुआ अमेरिका

एजेंसी। कन्सास सिटी (अमेरिका)

अमेरिका को मथास ओलिवेरा के दूसरे हाफ में दागे विवादास्पद गोल के कारण उरूग्वे के खिलाफ 0-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे टीम कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई. इसके साथ ही अमेरिकी सॉकर महासंघ पर 2026 विश्व कप से पहले कोच ग्रेग बरहाल्टर को हटाने का दबाव भी बढ़ गया है.

उरूग्वे की ओर से ओलिवेरा ने 66वें मिनट में गोल दागा। निकोलस डि ला क्रूज की फ्री किक पर रोनाल्ड आराजो ने हेडर लगाया. मैट टर्नर ने हेडर पर तो गोल नहीं होने दिया लेकिन रिबाउंड पर ओलिवेरा ने गोल दाग दिया.शुरुआती हेडर के दौरान ओलिवेरा ऑफ साइड लगे लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद गोल को बरकरार रखा गया. उरूग्वे की टीम ग्रुप सी में तीन मैच में नौ अंक के साथ शीर्ष पर रही। पनामा ने तीन मैच में दो जीत से छह अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि अमेरिका की टीम तीन मैच में एक जीत से तीन अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही. अमेरिका ने अपने पहले मैच में बोलीविया को 2-0 से हराया था लेकिन पनामा के खिलाफ उसे 1-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी.

## बोलीविया को हराकर पनामा के क्वार्टर फाइनल में

**ओरलैंडो।** पनामा सोमवार को यहां ग्रुप सी मैच में बोलीविया को 3-1 से हराकर दूसरे स्थान पर रहते हुए पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा.पनामा क्वार्टर फाइनल में ग्रुप डी के विजेता से भिड़ेगा जो ब्राजील या कोलंबिया हो सकता है. जोस फजार्डो ने लगातार दूसरे मैच में गोल दागते हुए 22वें मिनट में पनामा को बढ़त दिलाई. ब्रूनो मिरांडा ने 69वें मिनट में बोलीविया को बराबरी दिला दी. एडवर्डो गुइरेरो ने 79वें मिनट में पनामा को 2-1 की बढ़त दिलाई जबकि सेजार यानिस ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की. डेनमार्क के कोच थॉमस क्रिस्टियनसन के मार्गदर्शन में पनामा की टीम सिर्फ दूसरी बार कोपा अमेरिका टूर्नामेंट में खेल रही है.

## ब्रीफ खबरें

### सवारी गाड़ी की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**अररिया ।** फारबिसगंज-बथनाहा-जोगबनी रेलखंड में भद्रेश्वर नहर के समीप सोमवार की देर रात जोगबनी से कटिहार जाने वाली यात्री गाड़ी के चपेट में आने से एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई. हादसे के कारण करीब एक घंटे तक ट्रैक पर ट्रेन खड़ी रही. बाद में रेल पुलिस और बथनाहा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए ट्रैक पर से शव को हटाया. जिसके बाद रेलखंड पर ट्रेन का परिचालन शुरू हो पाया. मृतक की पहचान नहीं हो पाई है. रेल पुलिस की मदद से शव के शिनाख्त में जुटी है.

### बुलेट नहीं मिली तो पति ने पत्नी को छत से फेंका

**पूर्वी चंपारण।** दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल नहीं मिलने पर पति द्वारा पत्नी को छत से फेंक दिया. घटना जिले के आदापुर थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव की है, जहां एक नवविवाहिता पीड़िता के पिता सुरेश साह सोनार ने आदापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया है कि अपनी पुत्री राजनंदिनी की शादी चैनपुर गांव निवासी राम अयोध्या साह के पुत्र के साथ पिछले साल की थी. तब से बार-बार उसके ससुराल वाले मेरे पुत्री के साथ मारपीट कर रहे थे और मुझसे बुलेट बाइक और व्यवसाय करने के लिए पांच लाख रुपए की मांग कर रहे थे. जिसकी मांग पूरा नहीं करने पर मेरे बेटी के पति ने छत से नीचे फेंक दिया.

### 350 कर्मियों को मिला नियुक्ति पत्र

**कटिहार ।** बिहार सरकार द्वारा के सभी जिलों में भूमि सर्वेक्षण के कार्यों का स-समय निष्पादन के लिए वृहत संख्या में सर्वेक्षण कर्मियों यथा-विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानुनगो, लिपिक एवं अमीन आदि का चयन करते हेतु जिला आवंटित किया गया है. जिसमें सभी जिले के लिए आवंटित कर्मियों को आगामी 03 जुलाई को मुख्य नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम पटना में निर्धारित की गई है. उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) कटिहार में आयोजित की जाएगी.

## राज्यपाल से मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री



**पटना ।** झमाझम बारिश के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मिलने राजभवन पहुंचे. सीएम के राजभवन पहुंचने के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है. अभी तक इस मुलाकात का माजरा पता नहीं चल पाया है. इससे पहले 23 जून को सीएम ने राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ से मुलाकात की थी. सीएम और राज्यपाल के बीच करीब 40 मिनट तक मुलाकात हुई थी. अब एक बार फिर सीएम राज्यपाल से मिलने के लिए राजभवन पहुंचे हैं.

# सरकार ने घटना की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति बनाई

## बिहार में पिछले 13 दिनों के भीतर पुल ढहने की छह घटनाएं सामने आईं

संवाददाता । पटना

बिहार सरकार ने हाल ही में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से सामने आई पुल ढहने की विभिन्न घटनाओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है. बिहार में पिछले 13 दिनों के भीतर पुल ढहने की छह घटनाएं सामने आईं. ताजा घटना रविवार को किशनगंज के ठाकुरगंज प्रखंड के खौसी डांगी गांव की जहां वर्ष 2009-10 में क्षेत्र के तत्कालीन लोकसभा सदस्य की सांसद निधि से बूंद नदी पर बनाया गया छोटा पुल ढह गया.

बिहार में हाल के दिनों में ढहे अधिकांश पुल (निर्माणाधीन सहित) का निर्माण राज्य सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) द्वारा किया गया था या कराया जा रहा



है. बिहार के ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने मंगलवार को कहा, बिहार के विभिन्न हिस्सों में पुल ढहने की घटनाओं की जांच के लिए मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है. समिति पुल ढहने के कारणों का पता लगाएगी और आवश्यक कदम उठाने के उपाय भी सुझाएगी. समिति, विशेष रूप से आरडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे या बनाए जा चुके पुलों से संबंधित घटनाओं की जांच करेगी और दो से तीन दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है.

कुछ को मरम्मत की जरूरत थी : चौधरी ने कहा कि शुरुआती रिपोर्ट से पता चला है कि कुछ पुल चालू नहीं थे और उनमें से कुछ को मरम्मत की जरूरत थी. उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, 18 जून को अररिया जिले के परारिया गांव में बकरा नदी पर नवनिर्मित 182 मीटर लंबे पुल का एक हिस्सा ढह गया. पुल का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आरडब्ल्यूडी द्वारा किया गया था लेकिन कुछ निर्माण बाकी रहने के चलते इसे जनता के लिए नहीं खोला गया था.

मंत्री ने कहा, लेकिन पुल का गिरना एक गंभीर मामला है और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. मंत्री ने कहा कि समिति को पुलों की नींव और संरचना के निर्माण में उपयोग की गई सामग्री की गुणवत्ता सहित प्रत्येक विवरण की जांच करने का निर्देश दिया गया है. हालांकि, मंत्री ने केंद्रीय मंत्री एवं हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के संस्थापक जीतन राम मांझी की ओर पुल ढहने के संबंध में दिए गए बयान पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया. पूर्व मुख्यमंत्री मांझी ने 29 जून को कहा था, राज्य में अचानक पुल ढहने की घटनाएं क्यों शुरू हो गई हैं? लोकसभा चुनाव के बाद ऐसा क्यों हो रहा है? मुझे इसके पीछे किसी साजिश का संदेह है. अधिकारियों को इस पहलू पर भी गौर करना चाहिए. बिहार में पिछले हफ्ते मधुबनी, अररिया, सिवान और पूर्वी चंपारण जिलों से पुल ढहने की घटना सामने आई थी. किशनगंज जिले में पिछले छह दिनों में दो पुल ढह गये.

### राज्यसभा भेजे जाएंगे उपेंद्र कुशवाहा, एनडीए में बनी सहमति

**पटना ।** एनडीए ने उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजने का फैसला लिया है. एनडीए ने यह फैसला सभी सहयोगी दलों की सहमति से लिया है, जिसके तहत उपेंद्र कुशवाहा राज्यसभा के उम्मीदवार होंगे. डिप्टी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजने का निर्णय एनडीए के सभी दलों का सामूहिक फैसला है. यह कदम कुशवाहा समुदाय के समर्थन को बनाए रखने के लिए उठाया गया है, जो बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटक है. उल्लेखनीय है कि उपेंद्र कुशवाहा ने हाल ही में काराकाट सीट से लोकसभा चुनाव में हार का सामना किया था. इसके बावजूद बिहार में कुशवाहा वोट बैंक की महत्वपूर्णता को देखते हुए एनडीए ने उन्हें राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया है.

# नवादा में महिला की गोली मारकर हत्या, मचा कोहराम

संवाददाता । नवादा

नवादा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उड़ीसा गांव के समीप मंगलवार को अज्ञात कार सवार बदमाशों ने एक महिला को गोली मारकर हत्या कर दी. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है. मृतक महिला की पहचान वारसलीगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी स्वर्गीय विवेकानंद सिंह की पत्नी ममता देवी के रूप में किया गया है.

मृतका के भैसुर राजेश कुमार ने बताया कि अपने बाइक से अपने घर दौलतपुर जा रहे थे. तभी उड़सा गांव के समीप अज्ञात कार पर सवार बदमाशों ने रोकने का इशारा किया. इसके बाद अपराधियों ने गोली चलाना शुरू कर दिया. जिससे महिला को गोली लग गई. जिसमें उसकी मौत हो गई. वहीं वर्ष 2018 में भी जमीन विवाद में उनके पति की गोली मारकर हत्या की गई थी. फिलहाल पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. बताया जा रहा है कि पति की हत्याकांड में गवाह को खत्म करने के हिसाब से ही महिला की हत्या की गई है. अगर महिला ममता देवी गवाही देती तो निश्चित तौर पर अभियुक्त होंगे आवास की सजा हो जाती. 2018 में ममता देवी के पति विवेकानंद सिंह की भी गोली मार कर हत्या कर दी गई.

### मोतिहारी में नाबालिग लड़की की हत्या

संवाददाता । पटना

मोतिहारी के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत फुरसतपुर नदी से बीते 24 जून को एक नाबालिग लड़की की लाश मिली थी. उस शव की पहचान हो गई है. लड़की की मां ने अपनी बेटी के कपड़ों से उसकी पहचान की है. इस मामले में बीते सोमवार (01 जुलाई) को महिला ने नगर थाने में आवेदन दिया और कहा कि शव को देखने से लग रहा है कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र से मिली लाश उसकी गुमशुदा हुई बेटी की है. वह डीएनए टेस्ट कराना चाहती है. दरअसल, नाबालिग लड़की (उम्र करीब 13 से 14 साल) के गायब होने के मामले में उसकी मां ने नगर थाने में 19 जून को आवेदन दिया था. तीन नामजद और दो अज्ञात पर आरोप लगाया था. अपहरण करने की बात कही थी. कहा गया कि नाबालिग लड़की 16 जून से लापता है. आवेदन के बाद 24 जून को शहर से कुछ दूरी पर फुरसतपुर नदी से एक लाश मिली तो स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी. इसके बाद लड़की की मां ने 29 जून को शव की पहचान की थी. अब मां ने शव मिलने के बाद रेप की आशंका जताई है. हालांकि इस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है.

### पुलिस से मुठभेड़ में मारा गया एक लाख का इनामी 'चवन्नी'

**पटना ।** यूपी एसटीएफ और पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत आमने-सामने की मुठभेड़ में एक लाख का इनामी जौनपुर का कुख्यात अपराधी मोनू चवन्नी मारा गया है. उसके पास से पुलिस को एके-47 और एक पिस्टल मिली है. दरअसल, जनपद जौनपुर अंतर्गत थाना सिंगरामऊ में 5 मार्च को सुमित कुमार उर्फ मोनू चवन्नी के द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर फायरिंग कर रंगदारी मांगने की घटना को अंजाम दिया गया था. इसके बाद पुलिस द्वारा इन अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही थी. मृतक आरोपी सुमित कुमार के ऊपर एक लाख का इनाम घोषित था और इसके ऊपर लगभग 24 मुकदमे दर्ज हैं. जिसमें कई मुकदमे हत्याओं के हैं जो जनपद गाजीपुर, बलिया, जौनपुर व बिहार राज्य में कई मुकदमे पंजीकृत है. सुमित उर्फ मोनू चवन्नी की तलाश हेतु एसटीएफ व जौनपुर पुलिस की संयुक्त टीम लगी हुई थी. वहीं मंगलवार को उसे जैसे ही पीली नदी बदलापुर के पास पुलिस टीम द्वारा को रोकने का प्रयास किया गया उसके द्वारा पुलिस पार्टी पर गोलीबारी किया.




राजद के छात्र विंग के सदस्यों ने पटना में एनईईटी परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर राजभवन तक विरोध मार्च निकाला.

### राजग ने विप उपचुनाव के लिए भगवान सिंह को बनाया उम्मीदवार

**पटना ।** बिहार विधान परिषद की एक सीट पर उपचुनाव के लिए राज्य में राजगकी ओर से जदयू प्रत्याशी भगवान सिंह कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में मंगलवार को नामांकन दाखिल किया. इस सीट के लिए उपचुनाव 12 जुलाई को होना है. बिहार विधानसभा सचिव के कार्यालय में नामांकन दाखिल कराए जाने के दौरान कुशवाहा के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा समेत राजग के अन्य नेता मौजूद थे.

## बिहार देश की वृद्धि में हिस्सा बनने के लिए तैयार है :मिश्रा

संवाददाता । कोलकाता

बिहार के उद्योग एवं पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि राज्य अगले दो महीनों में विभिन्न संभावित क्षेत्रों में पूंजी आकर्षित करने के लिए कुछ नीतियां पेश करने की योजना बना रहा है और पूर्वी क्षेत्र का वृद्धि इंजन बनने के लिए तैयार है. उन्होंने कहा कि राज्य उद्योग तथा रोजगार को बढ़ावा देने के लिए बड़े व छोटे दोनों प्रकार के व्यवसायों के अनुकूल रणनीतिक उपायों को लागू कर रहा है, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्वी भारत को वृद्धि इंजन के रूप में विकसित करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है. मिश्रा ने कोलकाता में बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 के पहले रोड शो के मौके पर सोमवार को कहा, बिहार देश की वृद्धि में हिस्सा लेने और पूर्वी क्षेत्र का वृद्धि इंजन बनने के लिए तैयार है. इस कार्यक्रम में 50 से अधिक कंपनियों के करीब 90 अधिकारियों और उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया. बिहार दिसंबर में अपने 2024 निवेश शिखर सम्मेलन को बढ़ावा देने के लिए रोड शो कर रहा है.

## कारोबार

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 2,000 फ्लैट बेचे

**नयी दिल्ली ।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के बीच बेंगलुरू में अपनी नई आवासीय परियोजना में 3,150 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 2,000 से ज्यादा मकान बेचे हैं. गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड-बुडिगेरे क्रॉस स्थित गोदरेज वुडस्केप्स परियोजना में 3,150 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री बुकिंग हासिल की है. मूल्य और बिक्री की मात्रा के संदर्भ में यह गोदरेज प्रॉपर्टीज की अभी तक की सबसे सफल पेशकश रही.

### 92.8 लाख अमेरिकी डॉलर का मिला ठेका

**नयी दिल्ली ।** टीडी पावर सिस्टम्स को एक प्रमुख अमेरिकी मूल उपकरण विनिर्माता कंपनी से गैस टरबाइन जनरेटर के लिए 92.8 लाख अमरीकी डॉलर का ठेका मिला है. कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि इन जनरेटर का इस्तेमाल मुख्य रूप से अमेरिका में 'फ्रैकिंग वेल' में, अमेरिका में कृत्रिम मेधा सर्वर कंपनियों के लिए बिजली आपूर्ति तथा 'बैकअप' के लिए और अन्य अनुप्रयोगों में किया जाएगा. इनकी आपूर्ति जनवरी 2025 से अगस्त 2025 के बीच की जाएगी.

### रॉयल एनफील्ड की बिक्री में 5% की गिरावट

**नयी दिल्ली ।** मोटरसाइकिल विनिर्माता कंपनी रॉयल एनफील्ड की जून में कुल बिक्री पांच प्रतिशत घटकर 73,141 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 77,109 इकाई थी. रॉयल एनफील्ड ने एक बयान में कहा कि घरेलू बिक्री पिछले महीने दो प्रतिशत घटकर 66,117 इकाई रही, जो जून 2023 में 67,495 इकाई थी. इसमें कहा गया, जून 2023 में 9,614 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने निर्यात 27 प्रतिशत घटकर 7,024 इकाई रह गया. रॉयल एनफील्ड के सीईओ बी. गोविंद राजन ने कहा, हम अपनी दीर्घकालिक योजनाओं पर अडिग हैं और इस दिशा में काफी प्रगति कर रहे हैं.

## अमेरिकी 'शॉर्ट-सेलर' एवं निवेश शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने दावा किया

# अदाणी के शेयरों से लाभ दिलाने के लिए विदेशी कोष बनाया

एजेंसी । नयी दिल्ली

अमेरिकी 'शॉर्ट-सेलर' एवं निवेश शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने दावा किया है कि अरबपति बैंकर उदय कोटक ने बैंक के साथ-साथ ब्रोकरेज कंपनी की स्थापना की और एक अज्ञात निवेशक द्वारा इस्तेमाल किए गए विदेशी कोष की देखरेख की, जिसका इस्तेमाल अदाणी समूह के शेयरों में गिरावट से लाभ उठाने के लिए किया गया. हिंडनबर्ग ने जनवरी, 2023 में अदाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी. इसके बाद अदाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट आई थी.

इस रिपोर्ट के लिए अमेरिकी कंपनी को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कारण बताओ नोटिस भी मिला है. अमेरिकी शॉर्ट सेलर ने कहा कि उसने खुलासा किया था कि उसने समूह के खिलाफ दांव लगाया और उसे केवल 40 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक का लाभ हुआ. सेबी के कारण बताओ नोटिस को धमकाने का प्रयास करार देते हुए हिंडनबर्ग ने पूछा कि बाजार नियामक ने कोटक का नाम क्यों नहीं लिया.



- हिंडनबर्ग ने जनवरी, 2023 में अदाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी.
- अमेरिकी शॉर्ट सेलर ने कहा कि उसने समूह के खिलाफ दांव लगाया और उसे केवल 40 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक का लाभ हुआ.

हिंडनबर्ग ने कहा, सेबी के नोटिस में स्पष्ट रूप से उस पक्ष का नाम नहीं बताया गया है जिसका भारत से वास्तविक संबंध है..कोटक बैंक. भारत के सबसे बड़े बैंकों और 'ब्रोकरेज' कंपनियों में से एक है. इसकी स्थापना उदय कोटक ने की थी, जिसने हमारे निवेशक साझेदार द्वारा अदाणी के खिलाफ दांव लगाने के लिए इस्तेमाल किए गए विदेशी कोष ढांचे का निर्माण तथा देखरेख की थी. इसके बजाय नियामक ने केवल के-इंडिया ऑपर्च्युनिटीज फंड का नाम रखा और कोटक नाम के स्थान पर केएमआईएल नाम रख दिया. केएमआईएल का तात्पर्य कोटक महिंद्रा इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड से है, जो एक परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी है.

हिंडनबर्ग ने कहा कि जनवरी, 2023 की रिपोर्ट में, एक निवेशक संबंध से बनाई गई शॉर्ट पोजिशन से संबंधित लाभ के जरिये करीब 41 लाख डॉलर का सकल राजस्व अर्जित किया गया और अदाणी यूएस बॉन्ड के जरिये करीब 31,000 डॉलर का लाभ कमाया. हालांकि, उसने निवेशक के नाम का खुलासा नहीं किया.

सेबी ने हिंडनबर्ग के दावों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की. कोटक से भी संपर्क किया गया लेकिन उनका भी तत्काल कोई जवाब नहीं मिला. हिंडनबर्ग ने कहा, बैंक के संस्थापक उदय कोटक ने व्यक्तिगत रूप से सेबी की 2017 की 'कॉरपोरेट गवर्नेंस' समिति का नेतृत्व किया था. हमें संदेह है कि सेबी द्वारा कोटक या कोटक बोर्ड के किसी अन्य सदस्य का उल्लेख न करना शायद एक और शक्तिशाली भारतीय व्यवसायी को जांच की संभावना से बचाने का प्रयास है.


सेबी ऐसा करता प्रतीत होता है. अमेरिकी शॉर्ट सेलर ने कहा कि उसे 27 जून को सेबी से 46 पृष्ठ का कारण बताओ नोटिस मिला. हिंडनबर्ग ने कहा कि एक निवेशक साझेदार के साथ हुए सौदे के कारण (जो अप्रत्यक्ष रूप से एक गैर-भारतीय) उसके पास अदाणी के कम शेयर थे. निवेशक साझेदार विदेशी कोष संरचना के जरिये अदाणी डेरिवेटिव में कमी कर रहा था. हिंडनबर्ग ने 24 जनवरी, 2023 को अदाणी समूह पर शेयरों में हेरफेर और लेखांकन धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की और इसे कॉरपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया था. यह रिपोर्ट समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज द्वारा प्रस्तावित 20,000 करोड़ रुपये की शेयर बिक्री से पहले आई थी. समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया था. उसे उच्चतम न्यायालय से भी राहत मिल गई है. न्यायालय ने कहा था कि इस मामले में समूह को अतिरिक्त जांच का सामना करने की जरूरत नहीं है.

### सेबी ने हिंडनबर्ग को कारण बताओ नोटिस भेजा

**नयी दिल्ली ।** भारतीय पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अमेरिकी 'शॉर्ट-सेलर' एवं निवेश शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च को अदाणी समूह के शेयरों पर दांव लगाने में कथित उल्लंघन को लेकर किए दावों को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है. हिंडनबर्ग ने अदाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट जारी की थी. अमेरिकी कंपनी ने बताया कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने उसे कारण बताओ नोटिस भेजा है. उसने इस नोटिस को बेतुका और पूर्व-निर्धारित उद्देश्य की पूर्ति के लिए गढ़ा गया बताया. उसने कहा कि यह भारत में सबसे शक्तिशाली लोगों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने तथा डराने का प्रयास है.

### एआई-संचालित कंक्रीट जीपीटी मंच किया पेश

**नयी दिल्ली ।** कंक्रीटिंग उपकरण विनिर्माता कंपनी एजेएक्स इंजीनियरिंग ने कंक्रीट और विनिर्माण उद्योग के लिए एआई-संचालित मंच कंक्रीट जीपीटी पेश किया है. यह कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित मंच अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु, मराठी और कन्नड़ भाषा में काम करता है. कंपनी बयान के अनुसार, इसका मकसद विनिर्माण और कंक्रीट विशेषज्ञों को नवीनतम बाजार अंतर्दृष्टि, नवाचारों तथा नियामक संबंधी अद्यतन व विशेषज्ञ-मान्यता प्राप्त तकनीकी जानकारी प्रदान कर उनकी सेवा करना है. एजेएक्स इंजीनियरिंग के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शुभब्रत साहा ने कहा, हमें विश्वास है कि कंक्रीट जीपीटी निरंतर सुधार, सीखने और कौशल उन्नयन की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद करेगा.




## भारतीय बाजार

### चुनिंदा बैंकों और टेलीकॉम के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार मामूली नुकसान में रहा

# सेंसेक्स 35 अंक टूटा, निफ्टी में भी मामूली गिरावट

एजेंसी । मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को मामूली गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 35 अंक टूटकर बंद हुआ. शेयरों के अधिक भाव को लेकर चिंता के बीच चुनिंदा बैंकों और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार मामूली नुकसान में रहा. कारोबार के दौरान दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गये थे लेकिन बाद में ये गिरावट के साथ बंद हुए. उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 34.74 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ




79,441.45 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 379.68 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 79,855.87 अंक तक चला गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 18.10 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,123.85 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 94.4 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 24,236.35 अंक तक चला गया था. सेंसेक्स के शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक और टाइटन प्रमुख रूप से नुकसान में रहे.

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा स्टील शामिल हैं. एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा. यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख रहा. अमेरिकी बाजार सोमवार को लाभ में रहे थे.

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 87.17 डॉलर प्रति बैरल रहा. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 426.03 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे.बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 443.46 अंक की बढ़त के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर 79,476.19 अंक पर और एनएसई निफ्टी 131.35 अंक की बढ़त के साथ नये शिखर 24,141.95 अंक पर बंद हुआ था.

## पेज एक का शेष

### रणनीति के तहत हिंदुओं पर हमला : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम बचपन से सीखते हुए आए हैं. गांव का हो, शहर का हो. गरीब हो, अमीर हो. इस देश का हर बच्चा-बच्चा ये जानता है ईश्वर का हर रूप दर्शन के लिए होता है. ईश्वर का कोई भी रूप निजी स्वार्थ के लिए प्रदर्शन के लिए नहीं होता है. जिसके दर्शन होते हैं, उसके प्रदर्शन नहीं होते हैं. हमारे देवी-देवताओं का अपमान 140 करोड़ देशवासियों के दिलों को चोट पहुंचा रहा है. निजी राजनीति स्वार्थ के लिए ईश्वर के रूपों का इस प्रकार का खेल. ये देश कैसे माफ कर सकता है? सदन के कल के दृश्यों देखकर अभी हिंदू समाज को भी सोचना होगा क्या ये अपमानजनक बयान संयोग है या कोई प्रयोग की तैयारी है? ये हिंदू समाज को सोचना पड़ेगा. हमारी सेनाएं देश का अभिमान हैं. सारे देश को उनके साहस और हमारी सेना की वीरता पर गर्व है.

**विपक्ष के आचरण पर निंदा प्रस्ताव पारित :** इस बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के दौरान विपक्षी सदस्यों द्वारा संसदीय मर्यादाओं को तार-तार करने की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव सदन में रखा जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दी गई. राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का पीएम मोदी के जवाब देने के बाद सिंह ने निंदा प्रस्ताव रखा. गृह मंत्री अमित शाह ने इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी.

**विपक्ष ने लगातार की नारेबाजी :** उधर, पीएम मोदी के संबोधन के दौरान पूरा विपक्ष लगातार लोकसभा में मणिपुर-मणिपुर चिल्लाता रहा. इस दौरान स्पीकर ओम बिरला ने किसी बात को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को फटकार भी लगाई. लेकिन इसके बाद भी विपक्ष रुका नहीं. पीएम मोदी के लगभग सवा दो घंटे के भाषण के दौरान कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य नारेबाजी करते रहे. हालांकि विपक्ष ने वाकआउट नहीं किया.

### राज्य सरकार करेगी 141 करोड़ रुपए...

**कार्ड का प्रारूप विभागीय स्तर पर किया जाएगा स्वीकृत :** कार्ड का प्रारूप विभागीय स्तर पर स्वीकृत किया जाएगा. कार्ड के निर्माण के लिए एजेंसी का चयन खुली निविदा के माध्यम से किया जाएगा. मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना एवं आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के संचालन में होने वाले अनुमानित व्यय में लगभग 141 करोड़ रुपए की राशि के अतिरिक्त वार्षिक व्यय की संभावित गणना की गयी.

**राशन कार्ड के आधार पर अस्थाई हेल्थ कार्ड की भी सुविधा होगी उपलब्ध :** आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के कार्यान्वयन के क्रम में केंद्र प्रायोजित योजना के तहत आच्छादित प्रति लाभुक परिवार प्रतिवर्ष 50 रुपए की दर पर 60:40 के अनुपात में केंद्रांश एवं राज्यांश के रूप में एवं राज्य प्रायोजित योजना के लिए प्रति लाभुक परिवार प्रतिवर्ष 50 रुपए की दर पर झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी प्रशासनिक व्यय के लिएअलग से राशि अनुमान्य होगी. डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और डायलिसिस की चिकित्सा को इस योजना के साथ सम्बद्ध करते हुए सरकारी अस्पतालों में इसकी निःशुल्क दवा एवं चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी. मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना अन्तर्गत हेल्थ कार्ड की अनुपलब्धता की स्थिति में राशन कार्ड के आधार पर मरीज को अस्थायी हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराते हुए इलाज सुनिश्चित किया जाएगा.

## कौन है साकार हरि बाबा: हमेशा रहता है सूट-बूट में...

# तीन राज्यों में हैं अनुयाई सत्संग में देता है यह संदेश

लगातार न्यूज। हाथरस (यूपी)

यूपी के हाथरस जिले में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया. यहां साकार हरि बाबा का एक दिवसीय सत्संग चल रहा था. इस बड़े हादसे के बाद हर शख्स यह जानना चाहता है कि आखिर कथावाचक साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा कौन है. जिसके सत्संग में इतनी ज्यादा तादाद में अनुयाई पहुंचे हुए थे. साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा का असली नाम सूरज पाल सिंह है. बाबा कासगंज के पटयाली का रहने वाला है. करीब 17 साल पहले पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़ कर सत्संग करने लगे. नौकरी छोड़ने के बाद सूरज पाल नाम बदल कर साकार हरि बन गया. अनुयाई उसे भोले बाबा कहते हैं. कहा जाता है कि गरीब और वंचित तबके के लोगों के बीच में इनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी. कुछ समय में लाखों की संख्या में अनुयायियों बन गए. यूपी के अलावा एमपी और राजस्थान में अनुयाई फैले हैं.

**मानव सेवा का देता है संदेश :** साकार हरि बाबा अपने सत्संग में मानव सेवा का संदेश देता है. सत्संग में लोगों से बाबा कहता है कि मानव की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है. सबसे बड़ी शिक्षा है. सत्संग में आने वाले लोगों से कहता है यहां रोग मिट जाते हैं, मन शुद्ध होता है, यहां पर कोई भेदभाव नहीं कोई दान नहीं कोई पाखंड नहीं यही सर्व समभाव है यहीं ब्रह्मलोक है, यहीं स्वर्ग लोक है. बाबा के बारे में कुछ लोग कहते हैं कि ये यूपी पुलिस में दरोगा हुआ करते थे. कुछ इन्हें आईबी से जुड़ा भी बताते हैं. इसीलिए बताया जाता है कि बाबा पुलिस के तौर-तरीकों से परिचत हैं. वर्दी धारी स्वयंसेकों की लंबी-चौड़ी फौज खड़ी करने में यह काफी मददगार साबित हुआ. बाबा आम साधु-संतों की तरह गेरुआ वस्त्र नहीं पहनता. बहुधा वह महंगे गॉगल, सफेद पैंटशर्ट पहनता है. अपने प्रवचनों में बाबा पाखंड का विरोध भी करते हैं. चूंकि बाबा के शिष्यों में बड़ी संख्या में समाज के हाशिए वाले, गरीब, दलित, दबे-कुचले लोग शामिल हैं. उन्हें बाबा का पहनावा और यह रूप बड़ा लुभाता है.


साकार हरि बाबा

### मीडिया से भी रखता है दूरी

बाबा के सत्संगों में बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं. बाबा के शिष्य अपनी ही मस्ती में रहते हैं. यही वजह है कि मीडिया से भी ये लोग दूरी बरतते हैं. दरअसल, बाबा के सत्संग के तौर-तरीके चूंकि आम संतों से अलग होते हैं लिहाजा ये लोग नहीं चाहते कि इस पर किसी प्रकार की टीका-टिप्पणी हो. भोले बाबा का आश्रम कासगंज जिले के पटियाली तहसील क्षेत्र के बहादुरनगर गांव में मौजूद है. यह उनका पैतृक गांव भी है. भोलेबाबा का बहादुर नगर में बड़ा आश्रम बना है. इस आश्रम में पहले सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को सत्संग होता था, लेकिन कुछ वर्ष पहले से यह परंपरा टूटी है.



### भगदड़ पूर्व की घटनाएं

**31 मार्च 2023 :** इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के अवसर पर आयोजित हवन कार्यक्रम के दौरान एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब ढह जाने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई. **01 जनवरी 2022 :** जम्मू-कश्मीर स्थित प्रसिद्ध माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक घायल हो गए. **14 जुलाई 2015 :** आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी जिले में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर एक प्रमुख स्नान स्थल पर भगदड़ से 27 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो गई तथा 20 अन्य घायल हो गए.

**03 अक्टूबर 2014 :** दशहरा समारोह समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मचने से 32 लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए. **13 अक्टूबर 2013 :** मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 115 लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए. भगदड़ की शुरुआत नदी के पुल टूटने की अफवाह से हुई जिसे श्रद्धालु पार कर रहे थे. **19 नवंबर 2012 :** पटना में गंगा नदी के तट पर अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए. **08 नवंबर 2011 :** हरिद्वार में गंगा नदी के तट पर हरकी पैड़ी घाट पर मची भगदड़ में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई. **14 जनवरी 2011 :** केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में एक जीप के सबरीमाला मंदिर के दर्शन कर लौट रहे तीर्थयात्रियों से टकरा जाने के कारण मची भगदड़ में कम से कम 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 40 से अधिक घायल हो गए. **04 मार्च 2010 :** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ मचने से लगभग 63 लोगों की मौत हो गई. लोग स्वयंभू धर्मगुरु द्वारा दान किए जा रहे कपड़े और भोजन लेने पहुंचे थे.

**30 सितंबर 2008 :** राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाह के कारण मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालु मारे गए और 60 से अधिक घायल हो गए.

### दर्द बयां करती फोटो







## देश-विदेश

### ब्रीफ खबरें

#### राज्यसभा में तीन सदस्यों ने ली शपथ

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के लिए केरल से निर्वाचित हुए तीन सदस्यों को मंगलवार को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई गई. सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने आईयूएमएल के सदस्य हारिस बीरन, केरल कांग्रेस (मणि) के सदस्य जोस के मणि तथा भाकपा सदस्य पी पी सुनीर को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई.

#### पनामा के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

**पनामा।** जोस राउल मुलिनो ने सोमवार को पनामा के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली. मुलिनो पर पनामा को कोलंबिया से जोड़ने वाले 'डेरियन गैप' के माध्यम से अनियमित प्रवासियों के आगमन को रोकने का दबाव है. पूर्व सुरक्षा मंत्री मुलिनो ने इस सीमा के जरिए प्रवासियों के देश के घुसने के मामलों को रोकने का वादा किया है. पिछले वर्ष पांच लाख से अधिक प्रवासी इस मार्ग से पनामा आए थे और 2024 में अब तक 1,90,000 से अधिक लोग इस गलियारे को पार कर चुके हैं, जिनमें से अधिकतर प्रवासी वेनेजुएला, इक्वाडोर, कोलंबिया और चीन से हैं.

#### पहली बार यूक्रेन पहुंचे हंगरी के प्रधानमंत्री

**बुडापेस्ट।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बातचीत करने के लिए मंगलवार को कीव पहुंचे. रूस के यूक्रेन पर फरवरी 2022 में हमला करने के बाद से यह युद्धग्रस्त देश की उनकी पहली यात्रा है. उन्होंने बताया कि बातचीत का मुख्य विषय यूक्रेन और रूस के युद्ध के बीच शांति बहाल करना होगा.

### हम यूपी की 80 सीटें भी जीत लें, तब भी ईवीएम पर भरोसा नहीं

## इंडिया गठबंधन के लिए भी जिम्मेदारी का पैगाम: अखिलेश

एजेंसी। नयी दिल्ली

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में सकारात्मक राजनीति की जीत हुई, गत चार जून को सांप्रदायिक राजनीति से देश को आजादी मिली तथा सामुदायिक राजनीति की शुरुआत हुई. उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि इस चुनाव ने विपक्षी इंडिया गठबंधन को भी जिम्मेदारी का पैगाम दिया है. उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीट जीत जाए, तब भी उन्हें ईवीएम पर भरोसा नहीं होगा. यादव ने कहा, चार जून देश के लिए सांप्रदायिक राजनीतिक से आजादी का दिन था। सांप्रदायिक राजनीति का अंत हुआ और सामुदायिक राजनीति की शुरुआत हुई. इस चुनाव में सांप्रदायिक राजनीति की हमेशा के लिए हार हो गई. उन्होंने कहा, सकारात्मक राजनीति की जीत हुई है. हम मानते हैं कि संविधान ही संजीवनी है और उसकी जीत हुई है.

**देश जनमर्जी से ही चलेगा :** सपा सांसद ने कहा कि देश किसी की निजी महात्वाकांक्षा से नहीं, बल्कि जन आकांक्षा से चलेगा, और अब मनमर्जी नहीं, बल्कि जनमर्जी चलेगी. यादव ने आरोप लगाया कि इस सरकार ने आरक्षण के साथ खिलवाड़ किया है. उन्होंने कहा कि वह उन मतदाताओं का आभार प्रकट करते हैं, जिन्होंने लोकतंत्र को एकतंत्र बनाने से रोका. यादव ने दावा किया कि जनता ने हुकूमत का गुरूर तोड़ दिया और अब एक हारी हुई सरकार विराजमान है. उन्होंने कहा कि इस चुनाव में इंडिया गठबंधन की नैतिक जीत हुई है. पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसख्यक), इंडिया गठबंधन की सकारात्मक राजनीतिक जीत हुई है, सामाजिक न्याय के लिए मुहिम की जीत हुई है. उन्होंने कहा, सरकार कहती है कि देश पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, लेकिन यह क्यों छिपाती है कि अगर हम पांचवे स्थान पर हैं तो हमारे देश की प्रति व्यक्ति आय किस स्थान पर पहुंची है? उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है तो 35 प्रतिशत विकास दर चाहिए, जो संभव नहीं दिखाई देता है. यादव ने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों का आग्रह है कि कम से कम गंगाजल को लेकर तो झूठ नहीं बोला जाए.



#### विकास के नाम पर अरबों का भ्रष्टाचार

उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के नाम खरबों रुपए का भ्रष्टाचार हुआ है. उन्होंने सवाल किया, क्या विकास का ढिंढोरा पीटने वाले इस विनाश की जिम्मेदारी लेंगे? यादव ने कहा, हमने उत्तर प्रदेश में जो सड़क बनाई थी, उस पर हवाई जहाज उतरे थे, लेकिन अब प्रदेश के मुख्य शहरों की सड़कों पर नाव चल रही हैं. यादव ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में सारी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं. उन्होंने कहा, सच्चाई तो यह है कि यह सरकार पेपर लीक करा रही है क्योंकि यह युवाओं को नौकरी नहीं देना चाहती है. उन्होंने दावा किया कि परीक्षा-शिक्षा माफिया ने अमृतकाल में युवाओं की आशा को जहर दे दिया है. उन्होंने फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में सपा की जीत का उल्लेख करते हुए कहा कि होइहि सोइ जो राम रचि राखा. यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग किसी को लाने का दावा कर रहे थे उन्हें अब खुद किसी के सहारे की जरूरत है. उन्होंने कहा, हम अयोध्या से प्रेम का पैगाम लाए हैं.

#### ईवीएम हटाने की मांग पर अडिग हूं

उन्होंने यह भी कहा कि जब तक ईवीएम चुनाव की व्यवस्था से नहीं हटाई जाती, तब तक समाजवादी पार्टी इस मांग को लेकर अडिग रहेगी. यादव ने कहा, ईवीएम पर मुझे कल भी भरोसा नहीं था, आज भी भरोसा नहीं है. मैं 80 की 80 सीट जीत जाऊं तब भी भरोसा नहीं होगा. मैंने चुनाव से पूर्व प्रचार के दौरान कहा था कि ईवीएम से जीतकर ईवीएम हटाने का काम करेंगे. ईवीएम का मुद्दा मरा नहीं, और न ही खत्म हुआ है. जब तक ईवीएम नहीं हटेगी, तब तक हम समाजवादी लोग इसको (हटाने की मांग) लेकर अडिग रहेंगे. इस लोकसभा चुनाव में सपा ने उत्तर प्रदेश में 37 संसदीय सीट जीतकर अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ चुनावी प्रदर्शन किया है. उसकी सहयोगी कांग्रेस ने राज्य में छह लोकसभा सीट जीती हैं.

### राहुल ने बिरला को पत्र लिख कर किया आग्रह, कहा

## भाषण के हटाए गए अंश को शामिल करें

एजेंसी। नयी दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में दिए अपने भाषण के कुछ हिस्सों को कार्यवाही से निकाले जाने पर मंगलवार को अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कहा कि यह चुनिंदा ढंग से की गई कार्रवाई है जो तर्कसंगत नहीं है. उन्होंने बिरला से आग्रह किया कि उनके भाषण से हटाए गए अंश को फिर से कार्यवाही के रिकॉर्ड में शामिल किया जाए. राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा पर देश में सांप्रदायिक आधार पर विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया था जिस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने जोरदार तरीके से विरोध जताया था.

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बहुत गंभीर विषय है. राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाये गए धन्यवाद प्रस्ताव पर विपक्ष की ओर से चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा था कि हिंदू कभी हिंसा नहीं कर सकता, कभी नफरत और डर नहीं फैला सकता. उनके भाषण के कुछ अंश आसन के निर्देशानुसार सदन की कार्यवाही से हटा दिए गए. बिरला को लिखे अपने पत्र में राहुल गांधी ने कहा कि सभापति को सदन की कार्यवाही से कुछ टिप्पणियों को हटाने की शक्तियां प्राप्त हैं, लेकिन यह केवल उन शब्दों के लिए है, जिनकी प्रकृति प्रक्रिया और आचरण के नियमों के नियम 380 में निर्दिष्ट की गई है.

उन्होंने कहा, मैं यह देखकर स्तब्ध हूं कि किस तरह से मेरे भाषण के काफी हिस्से को कार्यवाही से हटा दिया गया है. कांग्रेस नेता ने यह भी कहा, मैं यह कहने के लिए बाध्य हूं कि हटाए गए हिस्से नियम 380 के दायरे में नहीं आते हैं. मैंने सदन में जो कहना चाहा वह जमीनी हकीकत और तथ्यात्मक स्थिति है.



#### नीट-यूजी विवाद में 8 को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी से जुड़ी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई करेगा. इनमें पांच मई को हुई परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली तथा इसे नए सिरे से कराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं. सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर आठ जुलाई के लिए अपलोड की गयी वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी. देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है.

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा**

## धर्मांतरण नहीं रोका तो बहुसंख्यक एक दिन अल्पसंख्यक हो जाएंगे

एजेंसी। प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि अगर धार्मिक समागमों में धर्मांतरण को तत्काल नहीं रोका गया, तो देश की बहुसंख्यक आबादी एक दिन अल्पसंख्यक हो जाएगी. न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने कैलाश नाम के एक व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की जिस पर यहां के एक गांव के कई लोगों का धर्म परिवर्तन कराने के कृत्य में शामिल होने का आरोप है. कोर्ट ने कहा, प्रचार शब्द का अर्थ प्रोत्साहन से है, लेकिन इसका अर्थ किसी व्यक्ति को एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तित करने से नहीं है. मौजूदा मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ शिकायतकर्ता ने गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें कहा गया कि उसके भाई समेत अन्य लोगों को समागम में शामिल होने के लिए गांव से नयी दिल्ली ले जाया गया, जहां उन्हें ईसाई धर्म में परिवर्तित कर दिया गया. उनका भाई गांव कभी नहीं लौटा.अगर इस प्रक्रिया को जारी रहने दिया गया तो एक दिन इस देश की बहुसंख्यक आबादी अल्पसंख्यक हो जाएगी. ऐसे धार्मिक समागमों को तुरंत रोका जाना चाहिए.



**कटाक्ष**

### एनडीए के सहयोगियों ने संसदीय दल की बैठक में पीएम का किया स्वागत, मोदी बोले-

## विपक्ष परेशान है कि कैसे गैर कांग्रेसी तीसरी बार पीएम बन गया

एजेंसी। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एनडीए के सांसदों से संसदीय नियमों एवं आचरण का पालन करने तथा वरिष्ठ सदस्यों से सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं के बारे में सीखने को कहा. एनडीए सांसदों के लिए पीएम मोदी की यह सलाह लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के उस भाषण के एक दिन बाद आई है, जिसे सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं ने बेहद गैरजिम्मेदाराना करार दिया था. सूत्रों के मुताबिक, राजग संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि विपक्ष इस बात से परेशान है कि पहली बार कोई गैर कांग्रेसी नेता लगातार तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बना है.अपनी साधारण पृष्ठभूमि का हवाला देते हुए मोदी ने यह कहकर परोक्ष रूप से नेहरू-गांधी परिवार पर निशाना साधा कि इसके सदस्य प्रधानमंत्री हुआ करते थे और इससे बाहर के लोगों को बहुत कम मान्यता देते थे. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा कि मोदी ने सांसदों से संसदीय मुद्दों का अध्ययन करने, नियमित रूप से संसद की कार्यवाही में भाग लेने और अपने अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मामलों को सदन में प्रभावी ढंग से उठाने के लिए कहा. यह पूछे जाने पर कि क्या मोदी ने राहुल गांधी के सोमवार को लोकसभा में दिए गए भाषण का जिक्र किया, रीजीजू ने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई उल्लेख नहीं किया. हालांकि उन्होंने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री बोलते हैं, तो संदेश सभी के लिए होता है. राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में भाजपा पर सीधा हमला बोलते हुए सत्तारूढ़ दल के नेताओं पर सांप्रदायिक आधार पर लोगों को बांटने का आरोप लगाया था, जिसका सत्ता पक्ष ने जोरदार विरोध किया था. प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस नेता पर पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक कहने का आरोप लगाते हुए उनकी आलोचना की थी. रीजीजू ने कहा कि राजग संसदीय दल की बैठक में मोदी को राजग नेताओं ने ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए सम्मानित किया. 18वीं लोकसभा के गठन के बाद मंगलवार को संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में मोदी के पहुंचते ही सभी सांसदों ने तालियां बजाकर उनका अभिवादन तथा स्वागत किया.


एनडीए के बैठक में शामिल होने जाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी.

### रास में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा

## थकी, हारी, निराश सरकार का आईना है राष्ट्रपति का अभिभाषण

एजेंसी। नयी दिल्ली

राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण को एक थकी, हारी और निराश सरकार का आईना करार दिया और कहा कि इसमें महंगाई, बेरोजगारी और मणिपुर जैसे मुद्दों का हल निकालने की कोई ठोस योजना नहीं है. राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए तिवारी ने आरोप लगाया कि चुनावी लाभ लेने के चक्कर में अयोध्या में अर्द्धनिर्मित मंदिर में ही प्राण प्रतिष्ठा कर दी गई और यह भगवान का गुस्सा और कोप ही था कि अयोध्या सहित उन सभी क्षेत्रों में भाजपा का सफाया हो गया जहां भगवान राम के कदम पड़े थे. तिवारी ने कहा कि वह अवध के रहने वाले हैं और उन्होंने कई बार कहा था कि अर्द्धनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा नहीं होनी चाहिए, इससे समाज पर संकट आता है. उन्होंने कहा कि इसीलिए चारों शंकराचार्य भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए. उन्होंने कहा, आपने 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कर दी. उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने 400 पार का नारा दिया था और उसके सांसदों ने कहा था कि संविधान बदला जाएगा.



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)